

- भारत की वृद्धि दर घटकर 6.6 प्रतिशत पर रहने का अनुमान -12



- प्रोजेक्ट फ्रीडम स्थगन की खबरों से 100 डॉलर के नीचे आया कच्चा तेल -12



- भारत, वियतनाम ने अपने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी तक पहुंचाया -13



- आईपीएल में लगातार हार का क्रम तोड़ने उतरेगा लखनऊ सुपर जाएंट्स -14


आज का मौसम | 35.0° अधिकतम तापमान | 23.0° न्यूनतम तापमान | सूर्योदय 05.27 | सूर्यास्त 06.43

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| अयोध्या |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष पंचमी 10:14 उपरांत षष्ठी विक्रम संवत 2083

गुरुवार, 7 मई 2026, वर्ष 4, अंक 260, पृष्ठ 14 मूल्य 6 रुपये


## न्यूज ब्रीफ

### मुंबई में अंडरग्राउंड टी 2 मेट्रो स्टेशन पर आग बाधित हुईं सेवाएं

**मुंबई।** मुंबई के अंधेरी (पूर्व) में भूमिगत टी 2 एयरपोर्ट मेट्रो स्टेशन पर बुधवार को आग लग गई, जिसके बाद परिसर से यात्रियों को बाहर निकालकर मेट्रो स्टेशन को खाली करा लिया गया। इस बीच आरे जेवीएलआर और कफ परेड के बीच मेट्रो एक्वा लाइन 3 के भूमिगत कॉरिडोर में मेट्रो रेल सेवाएं भी प्रभावित हुईं। आग की सूचना के बाद अग्निशमन विभाग की आपातकालीन टीम को भेजा गया। कुछ देर बाद आग बुझा ली गई। इस बीच परिसर में धुआं भर गया, इसलिए आग बुझाने में मुश्किल का सामना करना पड़ा।

### एलपीजी मूल्य वृद्धि के खिलाफ केरल में होटल-ढाबे बंद

**कोच्चि।** रसोई गैस की बढ़ती कीमतों के विरोध में केएचआरए की अगुवाई में केरल में बुधवार को आहूत हड़ताल के तहत होटल-ढाबे बंद रहे। होटल मालिकों ने राज्य भर में तेल कंपनियों के कार्यालयों और केंद्र सरकार के संस्थानों के सामने मार्च और प्रदर्शन किए। हड़ताल का हर तरफ असर दिखाई दिया और बड़े होटलों से लेकर चाय की छोटी दुकानों तक बंद रहे। केरल होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ने कहा कि कंपनियां सिर्फ अपने मुनाफे पर ध्यान दे रही हैं। केंद्र सरकार भी हालात को काबू में करने के लिए कोई दखल नहीं दे रही है।

### अनंतनाग में कांग्रेस विधायक की पत्नी-पुत्र के खिलाफ प्राथमिकी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ताला लगाने और सरकारी कर्मचारियों को उनके कर्तव्यों का पालन करने से रोकने को लेकर कांग्रेस विधायक पीरजादा मोहम्मद सैयद की पत्नी डॉ. तबस्सुम और पुत्र के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अधिकारियों के मुताबिक आरोपियों ने सरकारी काम में दखल दिया। प्राथमिकी चार मई को कोकरनाग के तहसीलदार की शिकायत के बाद दर्ज की गई थी।

# बंगाल में सरकार बनने से पहले बुलडोजर हिंसा

## कोलकाता में मांस की दुकानों पर चलाया बुलडोजर, मुर्शिदाबाद में टीएमसी के कई कार्यालयों पर किया कब्जा

**कोलकाता, एजेंसी**

केंद्रीय सुरक्षा बलों की भारी मौजूदगी में पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव तो शांति से निपट गए लेकिन चुनाव परिणाम आने के फौरन बाद शुरू हुई हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। राज्य में जारी हिंसा में बुधवार को बुलडोजर का इस्तेमाल भी किया गया। कोलकाता के न्यू मार्केट इलाके में भाजपा के विजय उत्सव के दौरान मांस की कई दुकानों को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया गया। मुर्शिदाबाद में व्लादिमीर लेनिन की प्रतिमा भी तोड़कर गिरा दी गई। तृणमूल कांग्रेस के कार्यालयों में भी तोड़फोड़ का सिलसिला जारी रहा। हिंसा में दो और लोगों की मौत के बाद बुधवार को मरने वालों की संख्या बढ़कर चार हो गई। इस बीच, उपद्रव के आरोप में 80 लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है।

मध्य कोलकाता के न्यू मार्केट इलाके में मांस की दुकानों को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त करने की घटना बुधवार को दोपहर के वक्त हुई। तृणमूल कांग्रेस के नेताओं ने आरोप लगाया है कि भाजपा समर्थकों ने इस घटना को केंद्रीय पुलिस सुरक्षा बलों की मौजूदगी में अंजाम दिया। हालांकि एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने दावा किया कि इलाके में भाजपा की जीत का जश्न मनाने के लिए लोग इकट्ठा हुए थे। पुलिस और केंद्रीय बल भी वहां मौजूद थे। यहां कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। मुर्शिदाबाद जिले में मंगलवार देर रात भाजपा समर्थकों की भीड़ ने जियागंज इलाके में व्लादिमीर लेनिन की प्रतिमा तोड़ दी जिसके बाद यहां तनाव बढ़ गया है। तृणमूल नेता महुआ मोइत्रा ने 'इंस्टाग्राम' पर घटना की निंदा करते हुए लिखा, भाजपा कार्यकर्ताओं ने दावा किया है कि वे लेनिन की प्रतिमा की जगह शिवाजी की प्रतिमा लगाएंगे।

एक और घटना में दक्षिण कोलकाता के भवानीपुर इलाके में मंगलवार आधी रात के बाद टीएमसी के निर्वाचित विधायक और पार्टी के वरिष्ठ नेता शोभनदेब चट्टोपाध्याय के घर के बाहर भीड़ जमा हो गई और हंगामा शुरू कर दिया। इसके बाद तनाव फैल गया। पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर किया। इससे पहले टॉलीगंज के बिजॉयगढ़-नेताजीनगर इलाके में टीएमसी नेता और पूर्व मंत्री अरुप बिस्वास के चुनाव कार्यालय में तोड़फोड़ की गई थी। कस्बा इलाके के रूबी क्रॉसिंग पर टीएमसी पार्षद सुशांत घोष के कार्यालय में भी तोड़फोड़ की गई। पानीहाटी विधानसभा क्षेत्र में भी भीड़ ने ने तृणमूल कांग्रेस के कई कार्यालयों पर कब्जा कर ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी के पोस्टर और होर्डिंग्स फाड़ दिए।



कोलकाता में बुलडोजर चलाकर ध्वस्त की गई एक दुकान।



### हिंसा को फौरन रोकें: ज्ञानेश

**कोलकाता।** मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने पश्चिम बंगाल में चुनाव के बाद हुई हिंसा और तोड़फोड़ में शामिल लोगों को तुरंत गिरफ्तार करने का निर्देश दिया। उन्होंने इस बारे में राज्य के मुख्य सचिव, डीजीपी, पुलिस आयुक्त और केंद्रीय बलों के महानिदेशकों के साथ सभी जिला मजिस्ट्रेट, पुलिस अधीक्षकों को निर्देश जारी किए हैं।

### संदेशखाली में सुरक्षा बलों पर गोलीबारी, 5 घायल

**कोलकाता।** उत्तर 24 परगना के संदेशखाली में मंगलवार देर रात एक गश्ती टीम पर हमला किया गया जिसमें पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए। हमले में शामिल चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। एक पुलिस अधिकारी के अनुसार, गश्ती टीम पर नजत के इलाके में एक संकरी गली से गुजर रही थी, तभी अज्ञात हमलावरों ने उस पर गोलियां चलाईं। पुलिस ने तलाशी अभियान शुरू कर दिया है और हमलावरों की पहचान करने के साथ इलाके की घेराबंदी की जा रही है।

### पुलिस ने शुरू की सख्ती 80 उपद्रवी गिरफ्तार

**कोलकाता।** कोलकाता के पुलिस आयुक्त अजय कुमार नंद के मुताबिक उपद्रवियों को पकड़ने के लिए विशेष अभियान शुरू किया गया है। अब तक कोलकाता पुलिस ने 80 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें से 65 लोगों को विशिष्ट मामलों में हिरासत में लिया गया है। पुलिस आयुक्त ने कहा, छापेमारी के दौरान कई हथियार भी बरामद किए गए हैं। नंद ने चेतावनी दी कि चुनाव प्रचार के दौरान केंद्र में रहे बुलडोजर को किसी भी विजय जुलूस में शामिल करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### ये गुंडागर्दी ही भाजपा का परिवर्तन है: तृणमूल कांग्रेस

हिंसा के बीच तृणमूल कांग्रेस ने कहा, पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रचार के दौरान यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत कई भाजपा नेताओं ने ''बुलडोजर न्याय'' का बार-बार इस्तेमाल किया था। तृणमूल ने कहा, अब भाजपा का परिवर्तन बुलडोजर साथ लेकर आ गया है। तृणमूल से राज्यसभा सदस्य डेरेक ओ''ब्रायन ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा, न्यू मार्केट में पुलिस की अनुमति से विजय समारोह के तहत मांस की दुकानों को गिराने के लिए बुलडोजर लाया गया। सीएपीएफ के जवान आसपास खड़े थे। यही है भाजपा का हाल। दुनिया को ये तस्वीरें देखने दीजिए। भाजपा ने आरोपों पर अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

## कोलकाता पहुंचे शाह, शपथ ग्रहण 9 को



- ब्रिगेड परेड ग्राउंड में शुरू हुई शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां, मोदी-शाह और नितिन नबीन समेत कई नेता होंगे शामिल

**कोलकाता।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बुधवार देर शाम कोलकाता पहुंच रहे हैं जहां वह नवनिर्वाचित भाजपा विधायकों की बैठक में विधायक दल के नेता का चयन करेंगे। इसके साथ तय हो जाएगा कि राज्य का अगला मुख्यमंत्री कौन बनेगा। वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी को मुख्यमंत्री पद का प्रबल दावेदार माना जा रहा है, हालांकि पार्टी नेतृत्व इस मुद्दे पर अभी तक चुप्पी साधे हुआ है।

इस बीच, राज्य में भाजपा की पहली सरकार के शपथ ग्रहण का कार्यक्रम तय हो गया है। पार्टी की राज्य इकाई के प्रमुख समिक भट्टाचार्य के मुताबिक यह समारोह नौ मई को सुबह 10 बजे ब्रिगेड परेड ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा। जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन और कई केंद्रीय मंत्रियों के भी मौजूद रहने की उम्मीद है। शपथग्रहण समारोह बंगाली पंचांग के बैसाख महीने के 25वें दिन आयोजित किया गया है जिसे पूरे राज्य में रवींद्र जयंती के रूप में मनाया जाता है। पार्टी सूत्रों ने कहा कि नवनिर्वाचित भाजपा विधायकों की एक बैठक आठ मई की शाम को भी बुलाई गई है।

### तमिलनाडु में विजय को कांग्रेस का समर्थन आज लेंगे शपथ



- राज्यपाल के समक्ष पेश किया दावा, सरकार में शामिल होगी कांग्रेस

**चेन्नई।** कांग्रेस की ओर से समर्थन की घोषणा के बाद तमिलगा वेत्री कड़गम (टीवीके) सुप्रीमो सी जोसेफ विजय ने बुधवार को तमिलनाडु के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर से मुलाकात कर राज्य में सरकार बनाने का दावा पेश किया। राज्यपाल ने उनका दावा स्वीकार लिया है। विजय गुरुवार सुबह मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह के लिए शहर का जवाहरलाल नेहरू बहुउद्देशीय इंडोर स्टेडियम को तैयार किया जा रहा है। विजय दोपहर को कांग्रेस विधायकों का समर्थन पत्र लेकर राजभवन पहुंचे थे। कांग्रेस ने इससे पहले द्रमुक से नाता तोड़कर टीवीके के साथ गठबंधन का निर्णय लिया। कहा, वह सरकार में शामिल होगी। राज्यपाल ने विजय का स्वागत शॉल और फूलों का गुलदस्ता भेंट कर किया। उन्हें एक स्मृति चिह्न भी प्रदान किया। इस दौरान उनके साथ वरिष्ठ नेता केए सेंगोट्टैयन, टीवीके सचिव बुस्सी एन आनंद, चुनाव अभियान प्रबंधन महासचिव आधव अर्जुना और अन्य नेता मौजूद थे।

### हिमंत ने दिया इस्तीफा

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बुधवार को अपने मंत्रिमंडल के सहयोगियों के साथ राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य को इस्तीफा सौंप दिया, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया। इसके बाद असम में नई सरकार के गठन का रास्ता साफ हो गया। हिमंत ने कहा कि शपथ ग्रहण समारोह 11 मई के बाद हो सकता है। समारोह में शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री मोदी को आमंत्रित किया है।

### केरल में मंथन अभी जारी

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में पूर्ण बहुमत हासिल करने के बाद कांग्रेस आलाकमान मुख्यमंत्री के चयन को लेकर मंथन में जुटा हुआ है। इस पर अभी आम सहमति नहीं बनी है। नेतृत्व वीडी सतीशन, वरिष्ठ नेता रमेश चेन्निथला और कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल के नाम पर विचार कर रहा है। तीनों के ही मजबूत उम्मीदवार होने के कारण पार्टी नेतृत्व के लिए फैसला लेना चुनौतीपूर्ण हो गया है।

## गाजियाबाद में गोलीबारी कर कैश वैन ले उड़े लुटेरे

**गाजियाबाद, एजेंसी**

गाजियाबाद में बुधवार दोपहर हुई सनसनीखेज वारदात में एक एटीएम में कैश भरने पहुंची वैन को लुटेरों ने अंधाधुंध गोलीबारी कर उसके ड्राइवर और स्टाफ समेत अगवा कर लिया और दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस वे पर ले जाकर उसमें मौजूद करीब 25 लाख की नकदी लूटकर भाग निकले। पुलिस ने घटनास्थल पर खाली छोड़ी गई वैन को कब्जे में लेकर जांच शुरू की है। फिलहाल लुटेरों का कोई सुराग नहीं मिला है।

लुटेरों ने गाजियाबाद के क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना क्षेत्र में दोपहर करीब 1:30 बजे इस वारदात को अंजाम दिया। पुलिस के मुताबिक एवन इंडिया वित्तीय संस्था की एटीएम कैश वैन के कर्मचारी यहां एक एटीएम में पैसे डालने की तैयारी कर रहे थे, तभी वहां पहुंचे बदमाशों ने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद हथियारों की नोंक पर वैन के ड्राइवर और कर्मचारियों को बंधक बना लिया और वैन को कब्जे में लेकर दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे की ओर भाग निकले। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने रास्तों पर नाकेबंदी कर दी और बदमाशों की तलाश शुरू की। कैश वैन घटनास्थल से करीब 8 किलोमीटर दूर मसूरी थाना क्षेत्र के पास दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर लावारिस खड़ी मिली। एवन इंडिया के कर्मचारियों के मुताबिक वैन में करीब 25 लाख का कैश था, जिसे लेकर बदमाश दूसरे वाहन से फरार हो गए।

## बेंगलुरु की जगह अहमदाबाद में होगा आईपीएल का फाइनल

**मुबंई, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बुधवार को घोषणा की कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 का 31 मई को होने वाला फाइनल मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। बीसीसीआई ने इसी के साथ प्लेऑफ मुकाबलों का शेड्यूल भी जारी कर दिया।

प्वाइंट टेबल की टॉप दो टीमें 26 मई को धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में क्वालिफायर वन खेलेंगी। विजेता टीम सीधे फाइनल में जगह बनाएगी। इसके बाद प्लेऑफ का कारवां चंडीगढ़ पहुंचेगा। 27 मई को न्यू इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में एलिमिनेटर मैच होगा। जिसमें तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमें आमने सामने होंगी। इसी मैदान पर 29 मई को क्वालिफायर 2 भी खेला जाएगा। इसमें क्वालिफायर वन में हारने वाली टीम और एलिमिनेटर की विजेता टीम से मुकाबला करेंगी। बीसीसीआई ने कहा कि कुछ कारणों की वजह से इस बार प्लेऑफ तीन अलग-अलग स्थानों पर कराए जाएंगे। पहले फाइनल की मेजबानी बेंगलुरु को दी गई थी। हालांकि स्थानीय संघ और प्रशासन की कुछ जरूरतें बीसीसीआई के तय दिशा निर्देशों और प्रोटोकॉल के दायरे से बाहर थीं। इसी कारण फाइनल को बेंगलुरु से हटाकर अहमदाबाद स्थानांतरित किया गया।

## हमीरपुर: यमुना में डूबी नाव, 6 लोग लापता

**कुरारा क्षेत्र में बुधवार देर शाम हुआ हादसा**

**संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)**

- शादी में शामिल होने आए थे रिश्तेदार, खरबूजा खाने जा रहे थे



गांव वालों से हादसे की जानकारी लेते अधिकारी।

**अमृत विचार:** कुरारा थाना क्षेत्र के भौली गांव के पास बुधवार देर शाम यमुना नदी में नाव डूब गई। तीन लोगों की जान बच गई, जबकि 6 लोग लापता हो गए, जिन्हें देर रात तक बरामद नहीं किया जा सका। हादसे का शिकार हुए लोग एक रिश्तेदार के यहां शादी में शामिल होने आए थे। शादी से फुरसत मिलने के बाद यमुना के बीच रेत वाली बारी से खरबूजा लेने गए थे। हादसे की सूचना के बाद एसपी, एसडीएम के साथ पूरा प्रशासनिक अमला पहुंच गया। रात का अंधेरा होने से खोजबीन में दिक्कतें आईं।


कुरारा थाना क्षेत्र में भौली गांव यमुना नदी के किनारे बसा है। यहां देशराज निषाद की नातिन की मंगलवार को शादी थी। बुधवार को बारात विदा होने के बाद कुछ रिश्तेदार रुक गए। शाम करीब साढ़े 5 बजे देशराज के परिवार के रिंकू पुत्र राजू, पारुल पुत्री बऊवा, रानी (9) पुत्री बच्चन, जलाला निवासी आकांक्षा (9) पुत्री रामहित, मनकी निवासी बृजरानी (25) पत्नी पप्पू, विष्णु निषाद पुत्र रामस्वरूप, उसका पुत्र लव्यांश (5), कानपुर नगर जनपद के घाटमपुर निवासी गोरेलाल (6) और आदित्य (11) पुत्र महेश नाव पर सवार होकर यमुना के बीच रेत वाली बारी में खरबूजा खाने और लाने गए थे। खरबूजा खाने के बाद सभी लोग वहां से लौट रहे थे। नाव विष्णु चला रहा था। बीच धारा में अचानक नाव डगमगाने के साथ डूबने लगी। बच्चे चीख-पुकार मचाने लगे। लोग तब तक संभलते, नाव गहराई में डूब गई। नाव पलटने से पारुल, रिंकू और विष्णु तो किसी तरह निकल आए, मगर बाकी लोग डूब गए। खबर गांव पहुंची तो परिवार के साथ ग्रामीण पहुंच गए। कुछ तैराकों ने खोजबीन शुरू की, लेकिन कामयाबी नहीं मिली। हादसे की सूचना पर पुलिस अधीक्षक मृगांक शेखर पाठक, एसडीएम केडी द्विवेदी पुलिस और राजस्व विभाग के अमले के साथ पहुंच गए और लापता लोगों की खोजबीन का काम शुरू करा दिया। डूबने से बचकर निकले तीनों लोगों को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। नाव में कुल 9 लोग सवार थे, जिनमें 6 लापता हैं। मौके पर राहत औप बचाव दल तैनात कर दिया गया है। सर्च ऑपरेशन देर रात तक जारी रहा। हादसे वाले घाट पर गांव वालों की भीड़ के बीच सिसकियां गूंजती रहीं।

**पहल** | योगी सरकार ने बिजली व्यवस्था के लिए 4028 करोड़ रुपये से अधिक की दी मंजूरी

# निर्बाध बिजली और मजबूत नेटवर्क पर सरकार का बड़ा दांव

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार:** भीषण गर्मी के दौरान प्रदेश में निर्बाध बिजली आपूर्ति और वितरण व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए योगी सरकार ने दो बड़े वित्तीय फैसले लिए हैं। ऊर्जा विभाग ने एक ओर अप्रैल से सितंबर तक अनवरत बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए 3500 करोड़ रुपये की सब्सिडी मंजूर की है, वहीं दूसरी ओर बिजली वितरण नेटवर्क के सुदृढ़ीकरण के लिए 528.73 करोड़ रुपये के पुनर्विनियोग को भी स्वीकृति दी गई है। दोनों शासनादेश ऊर्जा विभाग की ओर से जारी कर दिए गए हैं।



**सरकार के दो बड़े फैसले**

| | |
|---|---|
| निर्बाध बिजली आपूर्ति: | 3500 करोड़ |
| वितरण नेटवर्क: | 528.73 करोड़ |
| कुल वित्तीय मंजूरी: | 4028.73 करोड़ |

विशेष सचिव ऊर्जा संजय शुक्ला द्वारा जारी शासनादेश के अनुसार वित्तीय वर्ष 2026-27 में गर्मी के मौसम के दौरान प्रदेश में निर्बाध बिजली आपूर्ति बनाए रखने के लिए कुल 3500 करोड़ रुपये उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) को उपलब्ध कराए जाएंगे। अप्रैल में 500 करोड़ रुपये और मई से सितंबर तक हर महीने 600-600 करोड़ रुपये की किश्त जारी होगी। सरकार ने स्पष्ट किया है कि यह राशि केवल बिजली आपूर्ति व्यवस्था के लिए ही खर्च की जाएगी।

इसके साथ ही ऊर्जा विभाग ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में बिजली वितरण नेटवर्क को मजबूत करने के लिए 528.73 करोड़ रुपये की अतिरिक्त वित्तीय मंजूरी दी है। यह धनराशि उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम और पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन में बची रकम के पुनर्विनियोग के जरिए यूपीपीसीएल को दी जाएगी। इसका उपयोग वितरण नेटवर्क को मजबूत करने, लाइन लॉस कम करने और आपूर्ति व्यवस्था सुधारने में किया जाएगा। ऊर्जा विभाग के मुताबिक प्रदेश में बढ़ती बिजली मांग को देखते हुए यह फैसले लिए गए हैं। इस बार गर्मी में बिजली की पीक डिमांड 30 हजार मेगावाट के पार जाने का अनुमान है। ऐसे में सरकार उत्पादन, खरीद और वितरण तीनों स्तरों पर अतिरिक्त तैयारी कर रही है।

- एक ओर गर्मी में कटौती रोकने की तैयारी, दूसरी ओर वितरण नेटवर्क होगा मजबूत

**किन कामों में होगा इस्तेमाल**

- गर्मी में बिजली कटौती रोकने में
- पीक डिमांड प्रबंधन
- बिजली खरीद, आपूर्ति व्यवस्था
- वितरण नेटवर्क मजबूत करने में
- ट्रांसफॉर्मर और लाइन क्षमता में
- लाइन लॉस, ट्रिपिंग कम करने में

## 'राष्ट्र प्रथम' हर नागरिक का मार्गदर्शक सिद्धांत: मुख्यमंत्री

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ/प्रयागराज**

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज का युद्ध केवल सीमाओं तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि साइबर, स्पेस, डेटा नेटवर्क और इलेक्ट्रोमैग्नेटिक स्पेक्ट्रम तक विस्तारित हो चुका है। ऐसे दौर में तकनीकी दक्षता, रणनीतिक सोच और मानसिक दृढ़ता भी उतनी ही जरूरी हो गई है, जितनी पारंपरिक सैन्य क्षमता। ऐसे समय में 'राष्ट्र प्रथम' केवल सैनिकों का संकल्प नहीं, बल्कि हर नागरिक के जीवन का मार्गदर्शक सिद्धांत होना चाहिए, क्योंकि राष्ट्र से बढ़कर कुछ नहीं। मुख्यमंत्री योगी बुधवार को प्रयागराज में 'रक्षा त्रिवेणी संगम' थीम पर आयोजित नॉर्थ टेक सिम्पोजियम-2026 के समापन समारोह बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि आज के युद्ध में कीबोर्ड, सेटेलाइट और डेटा उतने ही महत्वपूर्ण हो चुके हैं जितने पारंपरिक हथियार। दुश्मन के पावर ग्रिड, बैंकिंग, राडार और संचार नेटवर्क को बाधित करना नई युद्ध रणनीति का हिस्सा बन चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग में तेजी से नई पहचान बना रहा है। यूपी डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के तहत लखनऊ, कानपुर, झांसी, आगरा, अलीगढ़ और चित्रकूट के छह नोड्स पर तेजी से काम हो रहा है।

## ट्रंप ने ईरान के खिलाफ प्रोजेक्ट फ्रीडम रोका

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ शांति समझौते की दिशा में बड़ी प्रगति होने की बात कहते हुए प्रोजेक्ट फ्रीडम को रोकने की घोषणा की है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में घोषणा की कि उन्होंने होर्मुज जलडमरूमध्य में नौवहन की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू किए गए प्रोजेक्ट फ्रीडम को टालने का निर्णय लिया है ताकि आकलन किया जा सके कि समझौते को अंतिम रूप दे सकते हैं या नहीं। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा, पाकिस्तान और अन्य देशों के अनुरोध पर यह कदम उठाया है। लेकिन नाकाबंदी पूरी तरह से लागू रहेगी।

न्यूज ब्रीफ

### समाधान समारोह के तहत आयोजित होगी विशेष लोक अदालत

**अमृत विचार, लखनऊ :** न्यायालयों में लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण के उद्देश्य से संचालित 'समाधान समारोह-2026' का समापन 21 से 23 अगस्त 2026 तक आयोजित विशेष लोक अदालत के माध्यम से होगा। यह जानकारी सिविल जज कुंवर मित्रेश सिंह कुशवाहा ने दी। यह विशेष लोक अदालत सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया, नई दिल्ली के निर्देशन में आयोजित की जाएगी, जिसमें सर्वोच्च न्यायालय में लंबित चयनित मामलों का आपसी सहमति से निस्तारण किया जाएगा। इच्छुक वादी 31 मई 2026 तक निर्धारित गूगल फॉर्म भर सकते हैं, जो सुप्रीम कोर्ट की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर 011-23115652, 011-23116464 या ईमेल के माध्यम से संपर्क किया जा सकता है।

### कर्मयोगी पोर्टल के अनिवार्य कोर्स की तारीख बढ़ी

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश सरकार ने आईगॉट कर्मयोगी प्लेटफॉर्म पर अनिवार्य ऑनलाइन पाठ्यक्रम और मूल्यांकन पूरा करने की समय-सीमा बढ़ा दी है। अब कर्मचारी और अखिल भारतीय सेवाओं (एआईएस) के अधिकारी 31 मई 2026 तक या एपीएआर भेजने से पहले यह प्रक्रिया पूरी कर सकेंगे। नियुक्ति विभाग के अनुसार यह निर्णय केंद्र सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के निर्देशों के तहत लिया गया है। चुनाव ड्यूटी और प्रशासनिक व्यस्तता के चलते समय बढ़ाया गया। शासन ने सभी विभागों को निर्देश दिए हैं कि तय समय के भीतर ऑनलाइन मॉड्यूल पूरा कराया जाए। आईगॉट कर्मयोगी, मिशन कर्मयोगी का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य सरकारी कर्मचारियों की दक्षता और कार्यकुशलता बढ़ाना है।

### जेवर एयरपोर्ट को विश्व स्तरीय बनाने पर जोर

**अमृत विचार, लखनऊ :** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर को विश्वस्तरीय स्वरूप देने के लिए राज्य सरकार ने लैंडस्केपिंग और हरित विकास पर जोर बढ़ा दिया है। मुख्य सचिव एसपी गोयल ने बुधवार को समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि एयरपोर्ट परिसर को आधुनिक और हरित रूप में विकसित किया जाए। बैठक में 15 जून से प्रस्तावित फ्लाइट संचालन को ध्यान में रखते हुए सौंदर्यीकरण की कार्ययोजना पर चर्चा हुई। यापल की ओर से प्रस्तुत योजना के आधार पर मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि टर्मिनल क्षेत्र के साथ पूरे परिसर और दूसरे रनवे के आसपास भी हरित विकास सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि टर्मिनल के सामने अत्याधुनिक लैंडस्केपिंग कर यात्रियों को बेहतर अनुभव दिया जाए।

# नॉर्थ टेक सिम्पोजियम में दिखी स्वदेशी रक्षा क्षमताओं की झलक

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रक्षा प्रदर्शनी का अवलोकन कर आधुनिक सैन्य तकनीकों की सराहना की

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/प्रयागराज

- ड्रोन, एआई, स्मार्ट सर्विलांस और बुलेटप्रूफ सिस्टम ने दिखाई 'आत्मनिर्भर भारत' की नई शक्ति

**अमृत विचारः** प्रयागराज में आयोजित तीन दिवसीय नॉर्थ टेक सिम्पोजियम-2026 में भारत की उभरती स्वदेशी रक्षा क्षमताओं की झलक देखने को मिली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को रक्षा प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए आधुनिक युद्ध की जरूरतों के अनुरूप विकसित स्वदेशी तकनीकों और उपकरणों की सराहना की।

आयोजन में भारतीय सेना, रक्षा उद्योग, एमएसएमई और स्टार्टअप्स की साझेदारी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। प्रदर्शनी में भविष्य के युद्धक्षेत्र के लिए तैयार किए जा रहे अत्याधुनिक उपकरणों, सुरक्षा प्रणालियों और एआई आधारित समाधानों का व्यापक प्रदर्शन किया गया। मुख्यमंत्री ने बुलेटप्रूफ जैकेट, अत्याधुनिक हेलमेट, टैक्टिकल गियर और मल्टी-टेरेन ऑपरेशन के लिए विकसित सैन्य उपकरणों का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने विशेषज्ञों से तकनीकी खूबियों और सैन्य उपयोगिता की जानकारी ली। 'हेड-टू-बूट' सुरक्षा प्रणाली, अत्यधिक तापमान में उपयोगी सैन्य परिधान और मॉड्यूलर प्रोटेक्शन सिस्टम प्रदर्शनी के प्रमुख आकर्षण रहे।



प्रदर्शनी के दौरान विकसित सैन्य उपकरणों का अवलोकन करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

### ड्रोन और एआई तकनीकों ने खींचा ध्यान

सिम्पोजियम में ड्रोन, स्मार्ट सर्विलांस सिस्टम, उन्नत संचार उपकरण और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित रक्षा समाधान प्रमुख आकर्षण रहे। इन तकनीकों ने संकेत दिया कि भारत पारंपरिक युद्ध प्रणाली से आगे बढ़ते हुए मल्टी-डोमेन वॉरफेयर की दिशा में तेजी से अग्रसर है।

### मेक इन इंडिया को मजबूती

प्रदर्शनी में बड़ी संख्या में रक्षा कंपनियों, स्टार्टअप्स और एमएसएमई की भागीदारी ने 'मेक इन इंडिया' और आत्मनिर्भर भारत अभियान को बल दिया।

### वाराणसी के लिए 19.42 करोड़ मंजूर

**अमृत विचार, लखनऊः** राज्य सरकार ने वाराणसी में धार्मिक विरासत के संरक्षण और पर्यटन विकास के लिए 19.42 करोड़ रुपये की 17 परियोजनाओं को मंजूरी दी है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि परियोजनाओं के तहत उत्तरार्क आदित्य सूर्य मंदिर व सूर्य कुंड, सारनाथ स्थित पर्यटन कार्यालय, केदारघाट और अन्य घाटों के विकास कार्यों के लिए धनराशि स्वीकृत की गई है। धार्मिक स्थलों के विकास पर विशेष फोकस रखते हुए आदि शंकराचार्य मठ, हनुमान मंदिर, महादेव मंदिर समेत अन्य प्राचीन मंदिरों व घाटों के विकास के लिए भी बजट आवंटित किया गया है।

# आतंकवाद के आरोप में दो लोग गिरफ्तार

## पुलिस अफसर की हत्या की थी तैयारी, एटीएस ने किया खुलासा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एक को कुशीनगर तो दूसरे को बाराबंकी से किया गिरफ्तार

**अमृत विचारः** यूपी एटीएस ने बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए आईएसआई से जुड़े दो आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। दोनों के पास प्राप्त हुए साक्ष्यों से पता चला है कि वह किसी पुलिस अफसर की हत्या करने की योजना बना रहे थे। दोनों ने अपने मोबाइल से पाकिस्तान में बैठे आकाओं को कई पुलिस थाना भवन और चौकियों की तस्वीरें, लोकेशन के अलावा प्रदेश के कई महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों का वीडियो और लोकेशन भी शेयर किया था।

एटीएस की कार्रवाई में आतंकवादी दानियाल अशरफ को बाराबंकी और कष्णा मिश्रा को कुशीनगर से गिरफ्तार किया गया है। दोनों पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के एजेंट शहजाद भट्टी व आबिद जट के संपर्क में थे। उसी के निर्देश पर यूपी के और प्रमुख भारतीय शहरों के कई महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों, पुलिस थानों पर हमला करने की योजना बना रहे थे। एटीएस ने तथ्यों को इलेक्ट्रॉनिक और भौतिक साक्ष्यों के आधार पर विकसित किया और पुष्ट होने के बाद कृष्णा को 5 मई को गोरखपुर से और 6 मई को दानियल अशरफ को बाराबंकी से गिरफ्तार किया है।

एटीएस के अधिकारियों ने बताया कि दानियल और कृष्णा के मोबाइल में पाकिस्तानी गैंगस्टर के फोन नंबर सेव पाए गए। दोनों पाकिस्तानी हैंडलर्स के संपर्क में सोशल मीडिया के माध्यम से आए थे। दोनों के वीडियो काल की स्क्रीन रिकार्डिंग व वाइस नोट साक्ष्य के तौर पर फोन में मौजूद पाए गए हैं। कृष्णा के मोबाइल का वाट्सएप चेक करने पर ग्रुप कालिंग का भी पता चला। ग्रुप कालिंग में हमले की योजना बनाने के डिजिटल साक्ष्य पाए गए। ग्रुप काल में देश विरोधी बातें की गईं। दानियाल के मोबाइल द्वारा एक अन्य राज्य के थाने की फोटो एवं लोकेशन भेजी गई थी। सर्वप्रथम एक पुलिस अफसर की हत्या करके वीडीयो बनाकर भेजने की भी बातें भी पाई गई। यह पुलिस अफसर कौन है, इसके बारे में एटीएस ने जानकारी साझा नहीं की है।



पकड़े गए दोनों आतंकियों को कोर्ट लेकर जाती हुई एटीएस की टीम।

### ऊर्जा मंत्री की अपील पर टला बिजली कर्मियों का कार्य बहिष्कार

**अमृत विचार, लखनऊ :** भीषण गर्मी के बीच बिजली आपूर्ति बाधित न हो, इसके लिए प्रस्तावित एक दिवसीय कार्य बहिष्कार को स्थगित कर दिया गया है। यह निर्णय ऊर्जा मंत्री एके शर्मा की अपील और विभागीय प्रबंधन के आश्वासन के बाद लिया गया। ऊर्जा मंत्री और प्रबंधन ने संगठनों से अनुरोध किया था कि वर्तमान परिस्थितियों में कार्य बहिष्कार टाल दिया जाए, ताकि आम जनता को निर्बाध बिजली मिलती रहे। साथ ही संविदा कर्मचारियों को प्रस्तावित आउटसोर्स निगम में शामिल किए जाने के मुद्दे पर 15 दिनों के भीतर सकारात्मक वार्ता का आश्वासन दिया गया है। विद्युत मजदूर महासंघ के घटक संगठनों से सहमति के बाद 7 मई को प्रस्तावित बहिष्कार स्थगित किया गया। संगठन के प्रभारी पुनीत राय ने कहा कि कर्मचारियों के अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रहेगा, लेकिन जनहित को देखते हुए फिलहाल यह फैसला लिया गया है।

# हर जरूरतमंद का बनाएं आयुष्मान कार्डः योगी


राज्य ब्यूरो, लखनऊ/गोरखपुर

- मुख्यमंत्री ने लगातार दूसरे दिन जनता दर्शन में करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार हर जरूरतमंद के साथ खड़ी है और किसी भी व्यक्ति का इलाज धन के अभाव में नहीं रुकने दिया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पात्र और जरूरतमंद लोगों का आयुष्मान कार्ड बनवाना प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए, ताकि उन्हें इलाज के लिए परेशान न होना पड़े।

मुख्यमंत्री बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन आयोजित जनता दर्शन में उन्होंने करीब 200 लोगों से मुलाकात की और उनकी शिकायतों व समस्याओं को सुना। महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री लोगों के बीच स्वयं पहुंचे और उनके प्रार्थना पत्रों का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जनता दर्शन में बड़ी संख्या में ऐसे लोग भी पहुंचे, जिन्होंने गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लगाई। मुख्यमंत्री ने उनसे आयुष्मान कार्ड के बारे में जानकारी ली और अधिकारियों को निर्देश दिया कि हर पात्र व्यक्ति को योजना से जोड़ा जाए। उन्होंने भरोसा दिलाया कि अस्पताल का एस्टीमेट मिलते ही विवेकाधीन कोष से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

**बच्चों को दुलारा, स्कूल जाने को किया प्रेरितः** जनता दर्शन में कुछ महिलाएं अपने बच्चों के साथ भी पहुंचीं। मुख्यमंत्री ने बच्चों को चॉकलेट देकर दुलार किया और उन्हें स्कूल जाने के लिए प्रेरित किया। एक महिला के साथ आए दो बच्चों से उन्होंने हंसी-ठिठोली भी की, जिससे वहां मौजूद लोगों के चेहरे खिल उठे।



वाराणसी के श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में पूजन-अर्चन करते मुख्यमंत्री योगी।



वाराणसी दौरे के दौरान एक बच्चे को दुलारते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

**बाबा विश्वनाथ और काल भैरव के मुख्यमंत्री योगी ने किए दर्शन :** अमृत विचार, लखनऊ/वाराणसी : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को वाराणसी पहुंचे और श्री काशी विश्वनाथ धाम व काल भैरव मंदिर में विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया। उन्होंने प्रदेश की सुख-समृद्धि और लोकमंगल की कामना की। सबसे पहले उन्होंने काल भैरव मंदिर में दर्शन कर शांति और सुरक्षा की प्रार्थना की। काशी विश्वनाथ धाम में पूजा-अर्चना के दौरान 'हर-हर महादेव' के जयकारे गूंज उठे। मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं का अभिवादन किया और बच्चों को दुलारते हुए उनसे संवाद भी किया।

# 3379 करोड़ रुपये की कृषि योजनाओं को मिली मंजूरी

## पीएम-आरकेवीवाई योजना : मुख्य सचिव ने समयबद्ध और पारदर्शी क्रियान्वयन के दिए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्य सचिव एसपी गोयल की अध्यक्षता में बुधवार को प्रधानमंत्री-राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (पीएम-आरकेवीवाई) के तहत राज्य स्तरीय स्वीकृति समिति की बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 3379.11 करोड़ रुपये की योजनाओं को मंजूरी दी गई।

मुख्य सचिव ने कहा कि प्राकृतिक खेती, सिंचाई विस्तार, कृषि उत्पादकता बढ़ाने और किसानों को आत्मनिर्भर बनाने पर विशेष फोकस रहेगा। साथ ही मखाना उत्पादन, मधुमक्खी पालन, शहद उत्पादन और आधुनिक कृषि तकनीकों को बढ़ावा देने के निर्देश दिए गए। बैठक में गुणवत्तापूर्ण बीज वितरण, कीट प्रबंधन, फसलोत्तर अवसंरचना और किसान उत्पादक संगठनों को मजबूत करने पर जोर दिया गया। कृषि विभाग को नोडल बनाकर सभी विभागों के समन्वय से कार्य करने को कहा गया। मुख्य सचिव ने कृषि कल्याण केंद्रों, पैक्स गोदामों और अन्य परियोजनाओं को जून 2026 तक पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही योजनाओं के आउटपुट और परिणामों का आकलन कराने पर भी बल दिया।

प्रमुख योजनाएं : एडिबल ऑयल मिशन, पल्सेज आत्मनिर्भरता मिशन, नेशनल फूड सिक्योरिटी मिशन, कृषि मशीनीकरण, हॉर्टिकल्चर, प्राकृतिक खेती, डिजिटल एग्रीकल्चर, पर ड्रॉप मोर क्रॉप, मखाना-मधुमक्खी पालन, कृषि वानिकी व बांस मिशन शामिल हैं।



अधिकारियों के साथ बैठक करते मुख्य सचिव एसपी गोयल। अमृत विचार

### किसानों की फार्मर रजिस्ट्री में तेजी लाएं अफसर

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्य सचिव एसपी गोयल ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए प्रदेश के मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने किसानों की फार्मर रजिस्ट्री, वेटलैंड संरक्षण, हेलीपैड निर्माण और खनन राजस्व वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने बताया कि 2.88 करोड़ किसानों के सापेक्ष अब तक 77.43 प्रतिशत का पंजीकरण हो चुका है। उन्होंने शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने को कहा।

# एक दर्जन मुठभेड़, एक ढेर, कई घायल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुजफ्फरनगर और हरदोई में अपराधियों से पुलिस की भिड़ंत
- हरदोई में ढेर हुए अपराधी ने बच्चे का अपहरण कर की थी हत्या

**अमृत विचारः** बुधवार के दिन यूपी पुलिस अपराधियों पर कहर बनकर टूटी। इस क्रम में मुजफ्फरनगर और हरदोई में हुए मुठभेड़ के मामले चर्चा का विषय बने रहे। हरदोई में हुई तीन अलग-अलग मुठभेड़ों में एक अपराधी ढेर हो गया, जबकि चार घायल हो गए। वहीं मुजफ्फनगर पुलिस के साथ विगत 24 घंटे में हुईं सात मुठभेड़ों में 10 अपराधी घायल हुए। सभी को गिरफ्तार करके अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

हरदोई के मल्लावां में विगत दिनों बदमाश मेनूर उर्फ मेहनुद्दीन ने एक बच्चे का अपहरण कर लिया था। बाद में बच्चे की हत्या कर दी गई, जिसके बाद सक्रिय हुई पुलिस और बदमाशों के बीच मेनूर में मुठभेड़ हो गई। आमने-सामने हुई गोलीबारी में मेनूर ढेर हो गया। वहीं दूसरी मुठभेड़ थाना टिडयावां क्षेत्र में हुई। लूट की घटना में वांछित 25 हजार का इनामी प्रियांशु त्रिवेदी मुठभेड़ में घायल हो गया, बाद में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। तीसरी घटना अतरौली की है, जहां हुए मुठभेड़ के दौरान इमरान निवासी अतरौली, समीर निवासी अतरौली, मुशीर निवासी कछौना, छोटू निवासी अतरौली घायल हो गए। इस दौरान सभी को गिरफ्तार कर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

वहीं मुजफ्फरनगर में विगत 24 घंटे में सात मुठभेड़ हुईं। इस दौरान 10 अपराधी घायल हुए। सभी को गिरफ्तार कर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गिरफ्तार बदमाशों में 20 हजार का इनामी शाहरुख पठान, 20 हजार का इनामी शिवम उर्फ मोटा, शैंकी, पंजाब पुलिस में वांछित सलमान उर्फ शहजाद, खुशना और अमर शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक के मुताबिक, घायल अपराधियों को अस्पताल में भर्ती कराकर उपचार कराया जा रहा है।

# रूस में रोजगार के खुले नए द्वार यूपी के युवाओं को मिलेंगे अवसर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दोनों देशों के बीच हुई उच्चस्तरीय बैठक में बनी सहमति

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश के युवाओं के लिए रूस में बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर खुलने जा रहे हैं। श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने बताया कि मॉस्को में पांच लाख से अधिक नौकरियां उपलब्ध हैं, जबकि रूस के अन्य क्षेत्रों में भी लाखों कुशल कामगारों की आवश्यकता है। निर्माण, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर और कारपेंटर जैसे तकनीकी क्षेत्रों में विशेष मांग सामने आई है।

भारत-रूस के बीच रोजगार सहयोग को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उच्चस्तरीय बैठक हुई। इसमें मंत्री ने मॉस्को सरकार के सेरगेई चेरेमिन के साथ विस्तृत चर्चा की। दोनों पक्षों ने रोजगार सृजन, कौशल विकास और श्रम सहयोग को आगे बढ़ाने पर सहमति जताई।

रूस की ओर से सेंट पीटर्सबर्ग में आयोजित होने वाले आर्थिक फोरम में यूपी के प्रतिनिधिमंडल को आमंत्रित किया गया, जिसे राज्य सरकार ने स्वीकार कर लिया है। इससे दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंध और मजबूत होने की उम्मीद है।

रूसी पक्ष ने आश्वस्त किया कि रोजगार प्रक्रिया पूरी तरह वैधानिक, सुरक्षित और पारदर्शी होगी तथा किसी प्रकार की बाध्यता नहीं होगी। हालांकि, इच्छुक युवाओं के लिए रूसी भाषा का ज्ञान आवश्यक बताया गया है। इस पर प्रदेश सरकार ने कहा कि जल्द ही प्रशिक्षण कार्यक्रमों में रूसी भाषा को भी शामिल किया जाएगा।

बैठक में प्रदेश की ओर से प्रमुख सचिव श्रम एवं सेवायोजन डॉ. शणमुगा सुंदरम, निदेशक नेहा प्रकाश सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे, जबकि रूसी पक्ष से डारिया पुस्तावालोवा और डॉ. जॉर्ज जरिकत ने भाग लिया।

### आबकारी राजस्व वसूली में बनाया कीर्तिमान

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के आबकारी विभाग ने राजस्व वसूली में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की है। आबकारी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2025-26 में मार्च 2026 तक 57,722.26 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ, जो पिछले वर्ष से 9.79 प्रतिशत अधिक है। चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 के अप्रैल में 5,248.06 करोड़ रुपये का राजस्व मिला, जो 5,200 करोड़ रुपये के लक्ष्य से अधिक है। अवैध शराब के खिलाफ अभियान में 2025-26 में 1.18 लाख से अधिक अभियोग दर्ज कर 30.94 लाख लीटर मदिरा बरामद की गई। 21 हजार से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया।

मंजूरी | इस वर्ष से विकास कार्यों के लिए मिलेगी 16वें वित्त आयोग की ग्रांट

# पंचायतों को 'परफार्मेंस' पर मिलेगी ग्रांट

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

- ग्रांट पाने के लिए बढ़ानी होगी स्वयं के स्रोत से आय
- बजट के अतिरिक्त 8 हजार करोड़ से अधिक की ग्रांट

**अमृत विचार :** जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायत और ग्राम पंचायतों को अब 16वें वित्त आयोग के तहत विकास कार्यों के लिए ग्रांट मिलेगी। इसके अतिरिक्त अधिक से अधिक स्वयं के स्त्रोत से आय (ओएसआर) अर्जित करने वाली पंचायतों को 'परफार्मेंस ग्रांट' भी दी जाएगी। जो एक वर्ष से बंद थी। केंद्र ने प्रदेश की पंचायतों के लिए 8 हजार करोड़ से अधिक 'परफार्मेंस ग्रांट' निर्धारित की है। जो पिछले वर्ष की तुलना में कई गुना अधिक है।

अब पंचायतों को परफार्मेंस ग्रांट पाने के लिए स्वयं के स्त्रोत से आय प्राप्त करने के लिए ज्यादा मेहनत करनी होगी। जैसे पंचायतों में तालाब पट्टा आदि की नीलामी, दुकान व भवन का किराया, कॉमन सर्विस सेंटर का संचालन, घर-घर कूड़ा उठान, कूड़ा से खाद व प्लास्टिक से दाने बनाकर बिक्री करना आदि शामिल है। इसके अलावा प्रति माह-प्रति परिवार सेवाएं मुहैया कराकर 100 रुपये तक आय अर्जित की जा सकेगी। लक्ष्य पूर्ति करने वाली पंचायतों का परफार्मेंस के आधार पर चयन होगा और मिलने वाली ग्रांट गांवों के विकास में खर्च की जाएगी। इस सम्बंध में केंद्र ने 16वें वित्त आयोग की रूप रेखा जारी करके अफसरों को पालन करने के निर्देश दिए हैं।



### आय में प्रति वर्ष ढाई फीसद करनी होगी बढ़ोतरी, तीसरे वर्ष मिलेगी ग्रांट

परफार्मेंस ग्रांट योजना पिछले वर्ष 15वें वित्त में नहीं हुई थी। इसे देखते हुए 16वें वित्त की ग्रांट में बढ़ोतरी की है। 8 हजार करोड़ से अधिक परफार्मेंस ग्रांट पूरे पांच वर्ष के लिए होंगे। पंचायतों को हर वर्ष आय में ढाई फीसद की बढ़ोतरी भी करनी होगी। पहले वर्ष कार्य किए जाएंगे और उन्हीं कार्यों का दूसरे वर्ष मूल्यांकन किया जाएगा। अधिक आय अर्जित करने वाली पंचायतों को तीसरे वर्ष से ग्रांट बांटी जाएगी।

मिलते-जुलते नामों, डिज़ाइन व कलर स्कीम से भ्रमित न हों

केवल असली होलोग्राम युक्त एम.के. बन्धानी हींग ही खरीदें

पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा

पुण्यश्लोक गोलोकवासी बाबू किशोर चन्द कपूर "किशोर" जी के आशीर्वाद से अभिसिचिंत एवम् संचालित

एम.के. बन्धानी हींग

श्री के. एम. डिस्ट्रीब्यूटर




विक्रय केन्द्र : नारायन प्लाजा, 51/71 नयागंज कानपुर 208001, फोन – 9519456555, 9695416555


# आज से स्व-गणना शुरू, ऐसे पूरी करें प्रक्रिया

## जनगणना-2027 : 21 मई तक भर सकते हैं अपना डाटा

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचारः** जनगणना-2027 के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण और मकान गणना की जाएगी। इसमें आप अपनी जानकारी स्वयं भी भर सकते हैं। सरकार का जोर है कि ज्यादा से ज्यादा लोग स्वयं भरें। इससे गड़बड़ी की संभावना कम होगी।

अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अमित कुमार भट्ट ने बताया कि स्व-गणना की प्रक्रिया सात मई से शुरू होगी। यह कंप्यूटर और मोबाइल दोनों से भरा जा सकता है। इसे कोई भी व्यक्ति अपने मोबाइल से भी भर सकता है। समय पूरा होने के बाद प्रगणक आपके घर पहुंचकर इसका सत्यापन करेंगे। यह प्रक्रिया 21 मई तक चलेगी। स्वगणना के लिए इन चरणों का प्रयोग करके भरा जा सकता है। बाद में इसका परीक्षण किया जाएगा। यह कार्य प्रगणक करेंगे।



- प्रथम चरण में की जाएगी मकान सूचीकरण और गणना

### स्व-गणना की इंट्री (डेस्क टॉप या मोबाइल से)

- वेबसाइट खोलें- ब्राउजर में जाएं-se.cencus.gov.in खोलें। -state/ut में उत्तर प्रदेश चुनें और कैप्चा भरें
- घर के मुखिया का नाम डाले, मोबाइल नंबर डाले, ओटीपी आएगा, सत्यापित करें।
- **अपनी भाषा चुनें :** हिंदी, अंग्रेजी या अन्य 16 भाषाएं चुन सकते हैं।
- **डिटेल में पता भरें :** राज्य, जिला, शहर/गांव, मकान नंबर/लोकेशन, फिर मैप पर अपने घर को लाल मार्क करें।
- **घर और परिवार की जानकारी भरें :** आपसे 33 सवाल पूछे जाएंगे, जैसे घर का प्रकार(पक्का/कच्चा), बिजली, पानी, शौचालय, परिवार के सदस्य, टीवी, मोबाइल, इंटरनेट आदि-आदि।
- **अब सबमिट की बारी :** सारी जानकारी चैक करें। सबमिट बटन दबाएं। अब यह सबमिट हो गया। डाटा इंट्री की कार्रवाई भी इसी के साथ पूरी हो गई।
- **Se id प्राप्त करें :** आपको एक स्व-गणना आईडी (SE ID) मिलेगा। इसे सुरक्षित रखें।
- **सत्यापन :** जब जनगणना अधिकारी/प्रगणक घर आए तो बस उन्हें SE ID दिखाना है। आपको दोबारा जानकारी नहीं देनी पड़ेगी।

## शिक्षकों के लिए संकट बनी जनगणना

**अयोध्या, अमृत विचार :** जनगणना कार्य शिक्षकों के लिए संकट बन गया है। उनका कहना है कि सरकार द्वारा जारी निर्देशों में आधुनिक फीचर वाले स्मार्टफोन के उपयोग की बाध्यता ने उनकी मुश्किलें बढ़ा दी हैं। इस पर आपत्ति जताते हुए बड़ी संख्या में शिक्षकों ने राज्य जनगणना अधिकारी से लेकर भारत के जनगणना रजिस्ट्रार तक विरोध पत्र भेजे हैं। शिक्षकों के अनुसार जनगणना ऐप की तकनीकी शर्तें काफी सख्त हैं। जैसे कि एंड्रॉयड 12 या उससे ऊपर का वर्जन और कम से कम चार जीबी रैम जरूरी है। वहीं आईफोन उपयोगकर्ताओं के लिए आईओएस 15 या उससे ऊपर का वर्जन अनिवार्य बताया गया है। ऐसे में जिन शिक्षकों के पास यह सुविधाएं नहीं हैं, उन्हें नया फोन खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। कई शिक्षक इस समस्या से जूझते नजर आ रहे हैं। उनका कहना है कि यह व्यवस्था उन पर अतिरिक्त आर्थिक और तकनीकी बोझ डाल रही है। माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष डॉ. संजीव चतुर्वेदी ने बताया कि इसे लेकर प्रत्यावेदन जिला विद्यालय निरीक्षक के माध्यम से भेजा गया है। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष डॉ. संजय सिंह ने कहा कि यह उचित नहीं है लेकिन कार्य सम्पादित करना है तो रास्ता निकाला जाएगा। बीएसए लालचंद के अनुसार यह एक राष्ट्रीय कार्यक्रम है इसलिए इस संबंध में कुछ नहीं कह सकते हैं।

## हत्या के आरोपी की जमानत नहीं

**अयोध्या।** हत्या के आरोपी अब्दुल की जमानत अर्जी कोर्ट ने खारिज कर दी। यह आदेश अपर जिला जज सुरेंद्र मोहन सहाय की अदालत से बुधवार को हुआ। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता रोहित पांडे व ज्ञानेश चंद्र पांडे ने बताया कि 20 दिसंबर 2025 को रविंद्र सिंह ने पटरंगा थाने में एक तहरीर दी कि वह अपने घर से गांव के बाहर गन्ना के खेत के सामने एक अज्ञात व्यक्ति की अधजली लाश पड़ी हुई थी। बाद में इसकी पहचान तारिक के रूप में हुई। विवेचना में पुलिस ने अब्दुल व शाह आलम निवासी खजूरी थाना टिकैतनगर जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया। इनके निशानदेही पर आला कत्ल चाकू बरामद किया। सुनवाई के बाद कोर्ट ने अब्दुल की जमानत अर्जी खारिज कर दी।

## न्यूज ब्रीफ

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**पूराबाजार, अमृत विचार :** घर से अयोध्या जा रहा बाइक सवार गोसाईगंज थाना क्षेत्र के त्रिलोकपुर मजरे दफ़्फ़रपुर गांव का नीरज गौतम (24) देवगढ़ के पास स्थित पेट्रोलपंप के पास खड़े ट्रक में पीछे से टकरा गया। हादसा बुधवार शाम महराजगंज थाना क्षेत्र के देवगढ़ गांव के पास हुआ। गंभीर घायल नीरज को राजर्षि दशरथ मेडिकल कालेज ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष राजेश सिंह ने बताया कि वाहन को कब्जे में लेकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### आज आएंगी महिला आयोग की सदस्य

**अयोध्या, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य ऋतु शाही आज सात मई को अयोध्या आएंगी। सर्किट हाउस में 10 बजे से महिला जनसुनवाई करेंगी। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने महिलाओं/बालिकाओं से अपील की कि महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने के लिए किसी भी शिकायत, समस्या के समाधान के लिए सर्किट हाउस में सदस्य के समक्ष अपनी शिकायत रख सकती हैं।

### कार की टक्कर से छात्रा गंभीर घायल

**बीकापुर, अयोध्या, अमृत विचार।** कोतवाली बीकापुर अंतर्गत बिलारी माफी गांव में विद्यालय जाने के लिए सड़क पार कर रही गांव निवासी यीशु (8) पुत्री कृष्णा व परिषदीय प्राथमिक विद्यालय में कक्षा तीन की छात्रा को अज्ञात कार ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिवारीजन उसे सीएचसी बीकापुर ले आए। डॉ. एसके मौर्य ने उसे गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज दर्शन नगर रेफर कर दिया। कोतवाल अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### 8 मई तक बूथ समितियों सत्यापन का लक्ष्य

**अयोध्या, अमृत विचार :** भाजपा द्वारा चलाए जा रहे बूथ समिति सत्यापन अभियान के तहत करियप्पा, देवकाली मंडल की बैठकें सिविल लाइंस स्थित पार्टी कार्यालय में बुधवार को हुईं। अयोध्या मंडल की बैठक अशर्फी भवन चौराहे के निकट एक सभागार व पूरा मंडल की बैठक ब्लॉक सभागार में हुई। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने सभी पदाधिकारियों को आठ मई तक बूथ समिति सत्यापन का कार्य पूर्ण करने के लिए कहा। बैठकों में उपाध्यक्ष तिलकराम मौर्या, अरविन्द सिंह, हरभजन गौड, महामंत्री शैलेन्द्र कोरी, परमानंद मिश्र, शिवेन्द्र सिंह आदि थे।

### आग से बचाव को मॉक ड्रिल



**अयोध्या, अमृत विचार :** जिला चिकित्सालय परिसर में आग से बचाव के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी कर्मचारियों को एकत्र कर आग लगने की स्थिति में बचाव और नियंत्रण के उपाय बताए गए। डेमोंस्ट्रेशन कागज में आग लगाकर कार्बन डाइऑक्साइड सिलेंडर से आग बुझाने की प्रक्रिया समझाई गई तथा सेफ्टी पिन के उपयोग की जानकारी दी गई। वार्ड और पंप हाउस में आपात स्थिति से निपटने के तरीके भी बताए गए। इस मौके पर सीएमएस डॉ. राजेश सिंह, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय चौधरी, नोडल अधिकारी डॉ. मो. अकरम, मैनेजर राजेंद्र तिवारी सहित स्टाफ नर्स, सुरक्षा कर्मी और अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# खुशी से झूम उठे लोग, बोले वंदेमातरम वंदेमातरम...

## प्रधानमंत्री कैबिनेट द्वारा वंदे मातरम को राष्ट्रीय गान का दर्जा देने के प्रस्ताव की मंजूरी पर सभी ने किया स्वागत

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कैबिनेट द्वारा बुधवार को वंदे मातरम को राष्ट्रीय गान के बराबर दर्जा देने के प्रस्ताव को मंजूरी मिलने पर लोगों में उत्साह है। जन सामान्य और जन प्रतिनिधियों ने इसका स्वागत करते हुए हर्ष जताया है। सभी ने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक ही नहीं भविष्य के लिए मील का पत्थर साबित होगी।

### राष्ट्र भक्ति भावना नहीं, कर्तव्य भी



नई पीढ़ी अब 'वंदे मातरम' को पूरे गौरव के साथ गाएगी। यह फैसला हमें याद दिलाता है कि हमारी राष्ट्र भक्ति सिर्फ भावना नहीं, बल्कि कर्तव्य भी है। मातृभूमि का अपमान अब सहन नहीं किया जाएगा। **-रोली सिंह,अध्यक्ष, जिला पंचायत।**

### इसका अपमान भी दंडनीय होगा



आज का दिन गर्व का है। बंकिमचंद्र चटर्जी की अमर रचना 'वंदे मातरम' को राष्ट्रीय गान के बराबर दर्जा मिलना स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों को साकार करने जैसा है। अब इसका अपमान भी दंडनीय होगा। **-गिरीश पति त्रिपाठी, महापौर, नगर निगम।**

### सिर्फ गीत नहीं, हमारी आत्मा है



बंगाल की जीत के बाद यह फैसला मां भारती को सच्ची श्रद्धांजलि है। 'वंदे मातरम' न सिर्फ गीत है, बल्कि हमारी आत्मा है। इसे राष्ट्रगान के समान स्थान मिलना बंगाल और पूरे भारत के लिए गौरव की बात है। **-वेद प्रकाश गुप्ता, विधायक सदर**

### सांस्कृतिक विरासत मजबूत करने वाला कदम



वंदे मातरम' अब 'जन गण मन' के समान सम्मान का अधिकारी है। यह हमारी सांस्कृतिक विरासत को मजबूत करने वाला ऐतिहासिक कदम है। मातृभूमि के प्रति समर्पण अब कानूनी रूप से भी पूर्ण सम्मानित होगा। **– लल्लू सिंह,पूर्व सांसद।**

### भारतीयों की एकता का प्रतीक



राष्ट्रीय गीत को राष्ट्रीय गान के बराबर सम्मान देना स्वागत योग्य कदम है। 'वंदे मातरम' भारतीयों की एकता का प्रतीक है। उम्मीद है कि यह फैसला देश में सच्ची राष्ट्रभक्ति को बढ़ावा देगा। **-सुरेश यादव,राष्ट्रीय अध्यक्ष, समाजसेवी संस्थान।**

### आमजन ने कुछ यूं जताई अपनी भावनाएं



वंदे मातरम का मतलब है- ऐ मां, तुझे सलाम। हम रोज अपने वतन को सलाम करते हैं। इस सरकार ने ऐसा कर दिल जीत लिया। अब हर तिरंगा यात्रा में और जोर से गाएंगे।

**-आस्था।**



वंदे मातरम हमारे स्वतंत्रता संग्राम की आत्मा है। अब इसे राष्ट्रीय गान के बराबर सम्मान मिला तो सीना गर्व से चौड़ा हो गया। स्कूल में बच्चे गाते थे, अब हर सरकारी कार्यक्रम में गूंजेगा। **-अंजली शुक्ला।**



देशभक्ति का जज्बा किसी एक धर्म का नहीं होता। वंदे मातरम् का मतलब है- मां तुझे प्रणाम। अपनी मातृभूमि को नमन करना हर हिंदुस्तानी का फर्ज है। सरकार का फैसला दिल को छू गया।

**-एकता तिवारी।**



बंकिम चंद्र का लिखा यह गीत आजादी के दीवानों की धड़कन था। अब जब कॉलेज में राष्ट्रगान के बाद वंदे मातरम भी पूरे सम्मान से गाएंगे। नई पीढ़ी को इतिहास से जोड़ने वाला फैसला है।

**-शाहीन बानों।**



हम तो बचपन से गाते आए हैं- वंदे मातरम। रेडियो पर सुनकर खेत में काम करते थे। अब सरकार ने इसे बड़ा दर्जा दिया तो लगता है हमारे पुरखों का संघर्ष सफल हुआ।

**-अनूप वर्मा ।**



राष्ट्रगान 'जन गण मन' और राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' दोनों संविधान की आत्मा हैं। दोनों को बराबर दर्जा देना एकता का संदेश है। कक्षा में बच्चों को दोनों का अर्थ समझाएंगे।

**-विजय कुमार रंजन।**



ऑफिस में सुबह मीटिंग से पहले राष्ट्रगान बजता है। अब वंदे मातरम भी बजेगा तो देश के लिए कुछ कर गुजरने का जज्बा दोगुना हो जाएगा। बहुत ऐतिहासिक दिन है।

**-रमेश सिंह।**



वंदे मातरम हमारे स्वाधीनता आंदोलन की पहचान है। इसे राष्ट्रगान के बराबर दर्जा मिलना हर भारतीय के लिए गर्व की बात है। यह फैसला नई पीढ़ी को देश की मिट्टी से जोड़ेगा।

**-नीरज राना।**



वंदेमातरम को राष्ट्रीय गान का दर्जा दिए जाने का मोदी सरकार का प्रस्ताव और मंजूरी राष्ट्रीय एकता को और मजबूत करेगी। यह ऐतिहासिक और स्वागत योग्य निर्णय है।

**-मंजू सिंह।**

# एआई से हाईटेक होगी राम मंदिर की सुरक्षा



राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय के साथ मंदिर परिसर का भ्रमण करते सुरक्षा अधिकारी।

अयोध्या कार्यालय।

- राम मंदिर में स्थाई सुरक्षा समिति की बैठक में हुआ निर्णय

**अमृत विचार :** राम मंदिर परिसर की सुरक्षा आधुनिक उपकरणों में एआई तकनीक को भी शामिल किया जाएगा। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के स्थाई सुरक्षा समिति की बुधवार को हुई बैठक में संपूर्ण मंदिर परिसर की सुरक्षा मानकों के बढ़ाए जाने के अलावा बाउंड्री वॉल निर्माण के साथ परिसर में सुरक्षा में प्रयोग किया जा रहे आधुनिक उपकरणों, सीसी टीवी कैमरे को चलाए जाने की सहमति दी गई है।

निर्माणाधीन बाउंड्री वॉल सहित परिसर भर में 800 सीसी टीवी कैमरे लगाए जाने के साथ दर्शन मार्ग पर तीन नए स्कैनर लगाए जाने पर भी चर्चा हुई। एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने बताया कि राम मंदिर तीर्थ क्षेत्र के स्थाई सुरक्षा समिति की बैठक से पहले परिसर का भ्रमण किया गया। बैठक में पूर्ण हो चुके सभी निर्माण कार्य के सर्वे के साथ सुरक्षा की दृष्टि से सुरक्षा बलों को लगाए जाने और सुरक्षा उपकरणों को संचालित किए जाने की बारे में विस्तार से समीक्षा हुई। जल्द की नई व्यवस्था को लागू करते हुए मंदिर की सुरक्षा को सुदृढ़ किया जाएगा।

एसपी सुरक्षा बलरामाचारी दुबे ने बताया कि राम मंदिर की सुरक्षा के संबंध में अधिकारियों की गुप्त बैठक की गई है। आने वाले दिनों सुरक्षा के नया प्रणाली लागू की जाएगी। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के विशेष आमंत्रित सदस्य गोपाल जी राव ने बताया कि परिसर में श्रद्धालुओं की आवागमन की व्यवस्था सुगम बनी रहे। जिस पर अधिकारियों ने भ्रमण कर सुरक्षा कर्मियों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए। निकास मार्ग से रामपथ भी यातायात व्यवस्था को अच्छी बने इसके लिए अधिकारियों को अवगत कराया गया है।

बैठक में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चपत राय, सदस्य डॉ.अनिल मिश्रा के साथ एडीजी जोन प्रवीण कुमार, डीआईजी सोमेन वर्मा, मंडल आयुक्त राजेश कुमार, जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी के साथ आईबी के डायरेक्टर समेत अन्य सुरक्षा एजेंसी के भी अधिकारी मौजूद रहे।

# कुलपति ने केंद्रों पर मारा छापा निरीक्षकों के परिचय पत्र देखें

अयोध्या कार्यालय।



आशा देवी भगवान बक्श सिंह महाविद्यालय पूरा बाजार परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते कुलपति।

- अवध विश्वविद्यालय कि एनईपी के तहत स्नातक एवं परास्नातक परीक्षा

**अमृत विचार :** अवध विश्वविद्यालय कि एनईपी के तहत स्नातक एवं परास्नातक परीक्षा के दूसरे दिन बुधवार को भी कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह ने सचल दल के साथ कई परीक्षा केंद्रों पर छापा मारा। परीक्षा कक्ष में तैनात निरीक्षकों के परिचय पत्र की भी जांच की।

कुलपति ने डॉ. रामप्रसन्न मणि सिंह महाविद्यालय सरायरासी, आशा देवी भगवान बक्श सिंह महाविद्यालय पूरा बाजार, पीडी पांडेय महाविद्यालय अयोध्या के परीक्षा केंद्रों के सीसीटीवी कैमरे की पड़ताल की और कक्षों में कैमरे के संचालन को परखा। उन्होंने केंद्राध्यक्षों से कक्षों के मिक्स सीटिंग प्लान के तहत परीक्षार्थियों को बैठाने का निर्देश दिया। कहा कि अनियमितता पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही की जा सकती है। परीक्षा नियंत्रक विनय कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन सीसीटीवी के माध्यम से सभी परीक्षा केंद्रों की निगरानी नियंत्रण कक्ष से कर रहा है।

## नौ वार्डों में गर्मी से बचाव के होंगे विशेष प्रबंध

**अयोध्या, अमृत विचारः** लगातार तापमान में वृद्धि के चलते अयोध्या के 42 फीसदी हिस्से पर 'हीट वेव' का खतरा बढ़ गया है। इसके मद्देनजर नगर निगम ने 'हीट एक्शन प्लान' लागू किया है। इसके लिए अयोध्या नगर निगम ने नेचुरल रिसोर्सेज डिफेंस काउंसिल और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक हेल्थ गांधीनगर के सहयोग से शहर का पहला हीट एक्शन प्लान लागू किया है। सिविल लाइंस स्थित एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने कहा कि अयोध्या तेजी से विकसित हो रहा धार्मिक शहर है, जहां पर्यटकों की संख्या में पिछले वर्षों में भारी वृद्धि हुई है। नौ वार्डों का चयन किया गया है। वार्ड संख्या 4, 46, 47, 49,53, 54, 56, 59,60 शामिल हैं। नगर आयुक्त ने बताया कि हीट एक्शन प्लान के तहत छायादार मार्ग, कूलिंग शेल्टर, मिस्टिंग सिस्टम और सार्वजनिक स्थानों पर गर्मी से बचाव की विशेष व्यवस्थाएं की जाएंगी। इसके तहत मंदिर परिसर, घाटों और परिवहन केंद्रों जैसे भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी।

# गुणवत्ता में कमी पर होगी कार्रवाई : कमिश्नर



आयुक्त सभागार में निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक लेते मंडलायुक्त राजेश कुमार। अमृत विचार

**अयोध्या, अमृत विचारः** कमिश्नर राजेश कुमार ने मंडल में चल रहे निर्माण कार्यों की आयुक्त सभागार में मंगलवार देर शाम समीक्षा की। फोकस पांच करोड़ से अधिक लागत की परियोजनाओं पर था। स्पष्ट किया कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

मंडलायुक्त ने चल रहे निर्माण कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। कार्यों की गुणवत्ता एवं समयबद्ध पूर्णता पर विशेष जोर दिया। निर्देश दिया कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप एवं तय समय सीमा में पूर्ण किए जाएं, ताकि आमजन को शीघ्र लाभ मिल सके। उन्होंने नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने और कार्यस्थल पर आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता बनाए रखने का भी निर्देश दिया। विभिन्न परियोजनाओं में आ रही बाधाओं पर चर्चा की गई तथा उनके शीघ्र समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

हालात | नए सिरे से जल्द हो सकता खंड विकास अधिकारियों का समायोजन

# एक खंड विकास अधिकारी की पदोन्नति, दूसरे को कोर्ट से स्टे

अयोध्या कार्यालय।

- 11 ब्लॉकों के लिए जिले में फिलहाल 10 बीडीओ की तैनाती

**अमृत विचारः** जिले के ब्लॉकों में तैनात खंड विकास अधिकारियों के इधर से उधर किए जाने की संभावना है। जिले में तैनात एक बीडीओ की पदोन्नति हो गई।निलंबित चल रहे दूसरे को कोर्ट से स्टे मिल गया है। दो अन्य अवकाश से वापस लौटे हैं। अब नए सिरे से समायोजन की उम्मीद है।

जिले में कुल 11 ब्लॉकों में 10 खंड विकास अधिकारी हैं। इनमें मवई की खंड विकास अधिकारी भावना यादव का जिला विकास अधिकारी आगरा के पद पर पदोन्नति हो गई है। रुदौली ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी अमित त्रिपाठी के निलंबन आदेश को उच्च न्यायालय से स्थगन आदेश पारित कर दिया गया है। हालांकि शासन से उनका पत्र यहां नहीं पहुंचा था। अमानीगंज ब्लॉक में तैनात खंड विकास अधिकारी सूर्य प्रकाश मिश्रा के पास रुदौली ब्लॉक का अतिरिक्त प्रभार है।

सोहावल ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी अनुपम कुमार वर्मा के पास मसौधा ब्लॉक के बीडीओ का भी प्रभार है। पूराबाजार के खंड विकास अधिकारी अनुराग सिंह के पास तारुन ब्लॉक का अतिरिक्त प्रभार है। मयाबाजार ब्लॉक में बीडीओ विकास मिश्रा तैनात हैं। मिल्कीपुर ब्लॉक के बीडीओ हरिश्चंद्र सिंह के पास बीकापुर ब्लॉक के भी खंड विकास अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार हैं। हैरिंग्टनगंज के बीडीओ रूप नारायण भारती हैं। तारुन में तैनात रहे बीडीओ आनंद श्रीवास्तव और बीकापुर के बीडीओ अखिलेश कुमार मिश्रा लंबे अवकाश के बाद वापस लौट आए हैं, लेकिन इन दोनों को अभी किसी ब्लॉक का चार्ज नहीं है। ऐसे में यह मुख्यालय पर ही चक्कर लगा रहे हैं। अब तस्वीर यह है मवई की बीडीओ के रिलीव होने के बाद 11 ब्लॉक में 10 की जगह नौ खंड विकास अधिकारी होंगे।यह तब होगा जब अमित त्रिपाठी का शासन से आदेश आएगा तब।

माना जा रहा है कि अमित त्रिपाठी के निलंबन का स्थगन आदेश आने और मवई की बीडीओ भावना के रिलीव होने के बाद नए सिरे से खंड विकास अधिकारियों को नई तैनाती दी जा सकती है। खास यह भी है कि सरकार की स्थानांतरण नीति जारी होने के बाद तबादलों का दौर शुरू होने वाला है। ऐसे में इसी दौरान खंड विकास अधिकारियों को भी नई तैनाती मिल सकती है।अफसर अभी खुलकर नहीं बोलते लेकिन उनका कहना है कि दो खंड विकास अधिकारी छुट्टी से वापस आ गए हैं। एक की पदोन्नति हो गई है। बडे. अफसरों के निर्देश के मुताबिक कार्रवाई होगी।

### छह माह से रिक्त एडीओ पंचायत की कुर्सी

**अयोध्या, अमृत विचार :** तारुन ब्लॉक में सहायक विकास अधिकारी पंचायत का पद लगभग छह माह से रिक्त है। पूर्व एडीओ पंचायत उमाशंकर सिंह के अंबेडकरनगर तबादले के बाद सचिव हुसैन फारुखी को प्रभार सौंपकर काम चलाया जा रहा है। उनके पास पहले से ही कई ग्राम सभाओं के सचिव का प्रभार है। इधर बीडीओ का पद भी बीते एक माह से खाली है।

# डीसीएम ने बाइक सवारों को मारी टक्कर, तीन गंभीर

अयोध्या कार्यालय

- कोतवाली अयोध्या अंतर्गत यश पेपर मिल के पास की घटना

**अमृत विचार।** अयोध्या में किसी बारात से वापस अंबेडकरनगर जा रही डीजे लगी एक डीसीएम कोतवाली अयोध्या के दर्शननगर पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत यश पेपर मिल के पास मंगलवार-रात करीब एक बजे अनियंत्रित डीसीएम बाइक सवारों को टक्कर मार गुमटी में जा घुसी। हादसे में बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए, जबकि गुमटी क्षतिग्रस्त हो गई।

हादसे में मो. कैफ निवासी भदरसा, अभिषेक यादव व अंशू यादव निवासी बिरौली थाना पूराकलंदर गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने तीनों को दर्शननगर मेडिकल कॉलेज पहुंचाया, जहां तीनों की हालत गंभीर बताई जा रही है। दर्शननगर चौकी प्रभारी बृजभूषण पाठक ने बताया कि दुर्घटना करने वाली डीसीएम अंबेडकरनगर जिले के नंबर की है। उस पर हैप्पी टांडा नाम का डीजे लगा हुआ था। प्रथम दृष्टया चालक की लापरवाही सामने आ रही है। हादसे के बाद चालक डीसीएम छोड़कर भाग गया। तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### जैसपुर के ग्रामीणों ने डीएम को सौंपा पत्र

मवई, अयोध्या। अमृत विचार : लगभग दो दशक से में बुनियादी सुविधाओं के अभाव से परेशान रूदौली तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत जेसुखपुर ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर विकास कार्य कराए जाने की मांग उठाई की है। गांव निवासी तोहिद खान ने बताया कि करीब 20 वर्षों से गांव में किसी भी प्रकार का समुचित विकास कार्य नहीं हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में खड़ंजा, नाली व सीसी रोड जैसी मूलभूत सुविधाएं नहीं हैं, जिससे लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मवई खंड विकास अधिकारी भावना यादव ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है, जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

### बाइक की टक्कर से महिला गंभीर

इनायतनगर, अमृत विचार : चौकी क्षेत्र कुचेरा अंतर्गत अयोध्या-रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार सुबह करीब 11 बजे एक सड़क हादसे में प्राइवेट सवारी बस से उतरी अर्चना पांडेय (28) पत्नी राहुल पांडेय निवासी परसपुर बस्ती तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गई। उसके सिर में गंभीर चोटें आई हैं। सीएचसी मिल्कीपुर में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे गंभीर हालत में मंडलीय अस्पताल दर्शननगर रेफर कर दिया।

### ईंट गिरने को लेकर मारपीट, चार नामजद

इनायतनगर, अमृत विचार : इनायतनगर थाना क्षेत्र के अछोरा गांव में छत की बाउंड्री पर रखा ईंट गिरने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। यह इतना बढ़ गया कि मारपीट तक पहुंच गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी। थानाध्यक्ष इनायतनगर रतन कुमार शर्मा ने बताया कि वादी अछोरा गांव के सुनील कुमार की तहरीर पर पारसनाथ, फूलचंद, श्रीचंद व अछोरा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### लापता युवक का शव मिला, अनहोनी की आशंका

मसौधा, अयोध्या, अमृत विचार। पूरा कलंदर थाना क्षेत्र में कुतुबपुर गांव के पास शारदा सहायक बड़ी नहर से मंगलवार की देर शाम एक युवक का शव उतराता मिला। मृतक की पहचान रामजनम प्रजापति (30) निवासी पटेल नगर नाका कोतवाली अयोध्या के रूप में हुई। वह ई-रिक्शा चलाता था, दो मई से ई-रिक्शा समेत लापता था। पुलिस को ई-रिक्शा हांसापुर गांव के निकट बड़ी नहर की पटरी पर खड़ा मिला। परिवारीजनों ने अनहोनी की आशंका जताई है। प्रभारी निरीक्षक पूरा कलंदर मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि ई-रिक्शा परिवारीजनों को सौंप दिया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण स्पष्ट होंगे। घटना के संबंध में मिली तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

### सप्ताह भर से ट्रांसफॉर्मर पर गिरा पेड़, विभाग बेखबर

मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार : हैरिंग्टनगंज विद्युत सबस्टेशन क्षेत्र के मिल्कीपुर-खजुराहट संपर्क मार्ग पर डेहरियावां गांव के पास सात दिनों से शहीद कीर्ति चक्र विजेता शहीद शशांक तिवारी के घर के मोड़ पर ट्रांसफॉर्मर पर पेड़ गिरा हुआ है, लेकिन विभाग ने अब तक न तो पेड़ हटाने की जहमत उठाई और न ही विद्युत आपूर्ति बहाल की। यह मार्ग क्षेत्र की अत्यंत व्यस्त सड़कों में शुमार है, जहां दिनभर राहगीरों, स्कूली बच्चों और वाहनों की आवाजाही बनी रहती है। लोगों के मुताबिक कई बार शिकायत के बावजूद बिजली विभाग के जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर मार्ग से पेड़ हटवाने, ट्रांसफॉर्मर की मरम्मत कराने और बिजली आपूर्ति बहाल करने की मांग की है।

# एमआईसीयू में 17, ट्रॉमा में नौ और पीआईसीयू में तीन वेंटिलेटर ठप

## राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में जीवन रक्षक वेंटिलेटर खुद गिन रहे हैं अंतिम सांसें | कोरोना में पीएम केयर फंड से आए 50 में से कई आईसीयू में हो रहे कबाड़

पुनीत श्रीवास्तव, अयोध्या।

अमृत विचार : राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में जीवन रक्षक वेंटिलेटर खुद जीवन की अंतिम सांस ले रहे हैं। गंभीर हालात में आए मरीजों के लिए यह स्थिति खतरनाक साबित हो सकती है। एमआईसीयू, ट्रॉमा और पीआईसीयू में बड़ी संख्या में वेंटिलेटर बंद हो चुके हैं। आलम यह है कि कोई भी इनकी सुधि लेने वाला नहीं है।


सरकारी आंकड़ों और अस्पताल सूत्रों के अनुसार मेडिकल कॉलेज में कुल करीब 120 वेंटिलेटर थे। आज केवल छह जगहों पर ही वेंटिलेटर क्रियाशील हैं। बाकी सभी ठप पड़े हैं। कुछ खराब होने के बाद गोदाम में डाल दिए गए हैं। मेल आईसीयू में 17 वेंटिलेटर खराब हैं। ट्रॉमा सेंटर में नौ और पीआईसीयू में तीन वेंटिलेटर बंद पड़े हैं। चिकित्सकों और स्टाफ की मानें तो इन मशीनों की मरम्मत नहीं हो पा रही है। खास बात यह है कि कोविड-19 महामारी के दौरान प्रधानमंत्री केयर फंड से अयोध्या मेडिकल कॉलेज को 50 से अधिक उच्च गुणवत्ता वाले वेंटिलेटर दिए गए थे। सूत्रों का कहना है कि इनमें से कई अब आईसीयू में कबाड़ बनकर पड़े हैं। वर्तमान में केवल सेफ हाउस में लगे पांचों वेंटिलेटर ही पूरी तरह क्रियाशील हैं। बाकी सभी वार्डों और यूनिटों में वेंटिलेटर की कमी गंभीर समस्या बन गई है। हालांकि अस्पताल प्रशासन ऑल इज वेल के दावे कर रहा है। आईसीयू इंचार्ज व मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ. अरविंद कुमार से बात करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।



पीएम केयर फंड के वेंटिलेटर के प्रतीकात्मक चित्र।

### वेंटिलेटर की यह है स्थिति

| वार्ड | क्रियाशील | ठप |
|---|---|---|
| ट्रॉमा | 00 | 09 |
| एमआईसीयू | 06 | 17 |
| पोस्ट ऑपरेटिव | 02 | 02 |
| सेफ हाउस | 05 | 00 |
| एनआईसीयू | 03 | 00 |
| पीआईसीयू | 01 | 03 |



### सांस लेने में मदद करती है यह मशीन

वेंटिलेटर एक जीवन रक्षक मशीन है जो गंभीर रूप से बीमार मरीजों को सांस लेने में मदद करती है। जब मरीज के फेफड़े खुद से काम करने में असमर्थ होते हैं, तब यह मशीन फेफड़ों में ऑक्सीजन पहुंचाती हैं और कार्बन डाइऑक्साइड को बाहर निकालती है। यह मुख्य रूप से आईसीयू में श्वसन विफलता, गंभीर निमोनिया, या सर्जरी के दौरान मरीजों को सहायता देने का काम करती है।

### नहीं पहुंच रही प्राचार्य तक सही रिपोर्ट

मेडिकल कॉलेज के कुछ विशेषज्ञों व विभागाध्यक्षों से अमृत विचार ने बातचीत की। उन्होंने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि प्राचार्य डीएस मर्तोलिया तक विभागों द्वारा सही रिपोर्ट नहीं पहुंचाई जा रही है। ठप चल रही जांचों के विषय में भी उन्हें भ्रामक जानकारी मुहैया कराई जा रही है। शायद इसी वजह से प्राचार्य गंजा से दर्शननगर नहीं आते हैं। अगर वह रोज निरीक्षण करें तो उन्हें कई सारी खामियां मिल जाएंगी।

### आयुष्मान से जुड़े मरीजों का कल्याण भंवर में

मेडिकल कॉलेज में महीने भर से आयुष्मान योजना से जुड़े इलाज व ऑपरेशन ठप चल रहे हैं। कॉलेज से जुड़े सूत्र बताते हैं कि लगातार पत्राचार किए जाने के बावजूद अभी तक संसाधनों को मुहैया नहीं कराया जा रहा है। इससे इस योजना से जुड़े मरीजों का इलाज अब भंवर में फंस चुका है, जबकि प्राचार्य ने छुट्टी से लौटते ही सारी व्यवस्थाएं दुरुस्त किए जाने का दावा किया था।

> हमारे पास पर्याप्त वेंटिलेटर है। खराब तो नहीं हैं, अगर हो तो बताएं। मेडिकल कॉलेज प्रशासन मरीजों की सेवा को लेकर हमेशा से तत्पर रहा है। -डॉ. डीएस मर्तोलिया, कार्यवाहक प्राचार्य।

### छात्राओं ने दिखाई उद्यमिता की मिसाल

कुमारगंज, अयोध्या। अमृत विचार : आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के संसाधन प्रबंधन एवं उपभोक्ता विज्ञान विभाग के अंतर्गत संचालित उद्यमिता विकास एवं व्यवसाय प्रबंधन पाठ्यक्रम के तहत इंस्ट्रक्टर डॉ. प्रीति सिंह के मार्गदर्शन में तृतीय वर्ष की छात्राओं द्वारा कूल वेव कॉर्नर नाम से एक कैन्टीन का सफल संचालन किया गया। मुख्य अतिथि अधिष्ठाता कृषि डॉ. प्रतिभा सिंह ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का आयोजन विभागाध्यक्ष डॉ. पूनम सिंह के मार्गदर्शन में किया गया। सामुदायिक महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. साधना सिंह ने छात्राओं के उत्साह और लगन से प्रशिक्षण में प्रतिभाग के लिए सराहना की। प्रदर्शन में पानी फुल्का, वेजिटेबल चीज, मोमोज, चुकंदर लस्सी, मोजिटो तथा कॉर्न चाट प्रमुख रहे। इस गतिविधि के माध्यम से छात्राओं ने खाद्य निर्माण, प्रस्तुति, विपणन, ग्राहक प्रबंधन एवं टीम वर्क जैसी व्यावहारिक उद्यमिता कौशल का प्रदर्शन किया।

# केवाईसी के बाद भी नहीं मिला सिलेंडर

मवई, अयोध्या।

अमृत विचार: मवई क्षेत्र में एलपीजी उपभोक्ताओं को इन दिनों भारी अव्यवस्था का सामना करना पड़ रहा है। कृष्णा इंडेन गैस सर्विस से जुड़े करीब 1700 उपभोक्ताओं के कनेक्शन अचानक मखदुमपुर की श्री हनुमंत बालाजी इंडेन गैस सर्विस में और लगभग 2600 उपभोक्ताओं को सिठौली की सुशीला गैस एजेंसी शिफ्ट कर दिया गया। अचानक हुए इस बदलाव से उपभोक्ता असमंजस में पड़ गए।

बड़ी संख्या में मखदुमपुर एजेंसी पहुंचकर उपभोक्ताओं ने केवाईसी कराकर नई पासबुक बनवा कर बुधवार सुबह पांच बजे से ही गैस सिलेंडर की लाइन में लग गए। स्थिति तब और बिगड़ गई जब उपभोक्ताओं के मोबाइल पर फिर से मैसेज आया कि उनका कनेक्शन वापस कृष्णा इंडेन गैस सर्विस मवई में ट्रांसफर कर दिया गया है। इसके बाद मखदुमपुर एजेंसी के प्रबंधक विनय सिंह ने शिफ्ट हो चुके उपभोक्ताओं को सिलेंडर देने से मना कर दिया। जिस पर नाराज उपभोक्ताओं ने एजेंसी पर हंगामा शुरू कर दिया। उपभोक्ता शकील अहमद, जरीना बानो, श्यामलाल, अमित कुमार, सिरफुद्दीन, सफीबुल, कंचन देवी व गीता देवी आदि का कहना है कि बिना पूर्व सूचना के इस तरह के फैसलों से उन्हें भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। रुदौली के एसडीएम संतोष कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। पूरे प्रकरण की जानकारी कराई जा रही है। जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी, जिससे उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

# कृषि विवि में खरीफ के बीजों की बिक्री शुरू



बीज विक्रय केंद्र का उद्घाटन करते कुलपति।

कुमारगंज, अयोध्या। अमृत विचार : आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय परिसर स्थित बीज विक्रय केंद्र का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. पीएस प्रमाणिक ने नारियल फोड़कर किया। कुलपति ने गोदामों में बीज के भंडारण को देखा और संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय एवं उचित मूल्य पर बीज विक्रय करने का निर्देश दिया। कहा कि बीज विक्रय के कार्यों के लिए निर्धारित समय सुनिश्चित करें, जिससे किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। कृषि निदेशालय की तरफ से किसानों के लिए फुटकर दर निर्धारित कर दिया गया है। मोटे धान की सभी प्रजातियां 5021 रुपये प्रति क्विंटल, पतले धान की सभी प्रजातियां 5050 रुपये प्रति क्विंटल, बासमती धान की समस्त प्रजातियां 6503 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित की गई हैं। विश्वविद्यालय के निदेशक प्रशासन डॉ. सुशांत श्रीवास्तव, कुलपति के सचिव डॉ. जसवंत सिंह, संयुक्त बीज निदेशक डॉ. उमेश चंद्रा, प्रक्षेत्र प्रभारी डॉ. ऋषभ सिंह, प्रक्षेत्र अधीक्षक अनिल कुमार आदि मौजूद रहे।

# आधी आबादी को हक नहीं देना चाहती भाजपा : रागिनी

अयोध्या कार्यालय।



पुरुषोत्तम नगर वार्ड में पीडीए पंचायत को संबोधित करतीं मछली शहर की विधायक रागिनी सोनकर।

- पुरुषोत्तम नगर वार्ड में हुई पीडीए पंचायत में बोलीं मछलीशहर की विधायक

अमृत विचार : भाजपा सरकार आधी आबादी को उसका हक नहीं देना चाहती, इसलिए वह जनता को गुमराह कर रही है। आज गैस के दाम आसमान छू रहे हैं, प्रीपेड मीटर लगाकर जनता पर एक और बोझ लाद दिया गया है। यह बातें बुधवार को मछलीशहर की विधायक व सपा नेत्री रागिनी सोनकर ने कही। वह पुरुषोत्तम नगर वार्ड में पार्षद व सपा नेत्री ज्ञानमती पासवान व ओपी पासवान के माता-पिता की मूर्ति का अनावरण करने के साथ पीडीए जन पंचायत को संबोधित कर रहीं थीं।

पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे ने कहा कि अयोध्या के किसानों की जमीन सरकार ने जबरन लेकर उसे उद्योगपतियों को सौंप दी है। आज दलितों का जब उत्पीड़न होता है तो बाबा के बुलडोजर में तेल खत्म हो जाता है। सहनवां में कोरी समाज की, अयोध्या में ब्राह्मण समाज की, नाका पर मुस्लिम समाज की बिटिया की हत्या हुई। उनके हत्यारों के घरों पर बाबा का बुलडोजर क्यों नहीं चला। इसका जवाब 2027 में सर्व समाज अखिलेश यादव की सरकार बना कर देगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता निवर्तमान जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव व संचालन हामिद जाफर मीसम ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में सपा महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष सीमा राजभर, जानकी पाल, पूर्व एमएलसी लीलावती कुशवाहा, राम अचल यादव, हाज़ी फिरोज़ खान गब्बर, बलराम मौर्या समेत भारी संख्या में सपा पदाधिकारी, नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### साइबर ठगी के शिकार दो पीड़ितों को वापस कराए 43,860 रुपये

अयोध्या, अमृत विचार : थाना साइबर क्राइम पुलिस ने साइबर ठगी के शिकार दो पीड़ितों को 43,860 रुपये वापस कराने में सफलता पाई है। पहला मामला एनसीआरपी पोर्टल पर दर्ज हुआ था। जिसमें अज्ञात द्वारा आवेदक के भाई का फोन हैक करके साइबर ठगी की थी। इस संबंध में कार्रवाई करते हुए 42 हजार रुपये वापस कराये गये। दूसरा मामला कोतवाली नगर के अंतर्गत का है। अंगूरी बाग निवासी गिरिजेश चंद्र पांडेय ने छह नवंबर 2025 को साइबर थाना में केस दर्ज कराते हुए बताया था कि 30 जुलाई से 18 अगस्त 2025 के बीच उन्हें डिजिटली अरेस्ट कर उनके खाते से करीब 86 लाख 81 हजार रुपये दूसरे खाते में ट्रांसफर कर लिए थे। तीन आरोपियों में एक ने सीओ, दूसरे ने आरपीएस व तीसरे ने खुद को पुलिस अधिकारी बताते हुए उनसे फोन पर कहा कि आपके आधार कार्ड के आधार पर खाता खोलकर तीन करोड़ का ट्रांजेक्शन किया गया है। आपके ऊपर एनएसए लगा है। आरोपियों ने पुलिस की वर्दी पहनकर उन्हें वीडियो कॉल कर डराया धमकाया भी था। डर वश उसने उक्त धनराशि उनके बताए खाते में ट्रांसफर की थी। साइबर क्राइम थाना प्रभारी मो अरशद ने बताया कि मामले में कार्रवाई करते हुए बुधवार को 1860 रुपये खाते में वापस कराए गए है। अभी आगे कार्रवाई की जा रही है।

### हेल्थ एटीएम खराब, लोग परेशान

इनायतनगर, अमृत विचार : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिल्कीपुर में लाखों रुपये खर्च करके स्थापित की गई हेल्थ एटीएम मशीन खराब पड़ी है। इससे मरीजों को मिलने वाली स्वास्थ्य जांच सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। जांच के लिए मरीजों को बाहर जाना पड़ रहा है। सीएचसी अधीक्षक डॉ. आनंद सिन्हा ने बताया की मशीन के लिए आवश्यक टेस्टिंग स्ट्रिप्स खत्म हो गई है। स्ट्रिप्स को दोबारा मंगाने के लिए संबंधित विभाग को कई बार पत्र भेजा गया और संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया गया लेकिन अभी तक विभाग से इस उपलब्ध नहीं कराया गया।

### भक्तों को बांटा प्रसाद



अयोध्या, अमृत विचार : जेष्ठ माह के पहले मंगलवार पर रामनगर कॉलोनी स्थित ऊं शिवालय मंदिर के पास सिंधी समाज के लोगों ने भंडारे का आयोजन किया। जिसका उद्घाटन शिवालय परिवार द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ हनुमान जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। उमड़े श्रद्धालुओं को पूर्व सभासद मुस्कान सावलानी, करन बजाज, सुरेश सावलानी, विक्की मखीजा, रामकुमार खटवानी समेत सिंधी समाज के लोगों ने भंडारे का प्रसाद चना, लड्डू व शर्बत वितरित किया गया।

### श्रद्धा के साथ मनाई चौ. अजित की पुण्यतिथि

अयोध्या। रालोद के पूर्व अध्यक्ष चौधरी अजित सिंह की पुण्यतिथि बुधवार को श्रद्धा के साथ मनाई गई। पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने अलग-अलग स्थानों पर उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर याद किया। सोहावल के पूरेरामरूप में वरिष्ठ नेता व प्रदेश उपाध्यक्ष विश्वेष नाथ मिश्र सुड्डू ने कहा कि चौधरी अजित सिंह हमारे राजनीतिक अभिभावक ही नहीं राजनीतिक एवं पारिवारिक संरक्षक भी रहे। वह किसानों के विषय में हर स्तर पर लड़ाई लड़ने के लिए तैयार रहने वाले नेता थे। कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर फूल माला चढ़ाकर अपना श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यालय आनंदनगर गौहानिया पर महानगर अध्यक्ष अरविंद सिंह की अध्यक्षता और युवा जिलाध्यक्ष अनिल वर्मा के संचालन में नेताओं और कार्यकर्ताओं ने स्व. चौधरी अजित सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। महानगर अध्यक्ष सिंह ने कहा कि चौधरी अजित सिंह का पूरा राजनीतिक जीवन किसानों के लिए समर्पित था। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष अवधेश रावत, प्रमोद, किसान प्रकोष्ठ के अध्यक्ष देवी शरण वर्मा, जिला सचिव राम जियावन आदि मौजूद थे।

# दो पक्षों में चटकी लाठियां, धारदार हथियार से हमला, रिपोर्ट दर्ज

इनायतनगर। इनायतनगर थाना क्षेत्र के निमड़ी पूरे सुकाली चौबे गांव में बुधवार को दो पक्षों के बीच कहासुनी के बाद विवाद बढ़ गया। जमकर मारपीट हुई। दोनों पक्षों के बीच लाठी-डंडे और धारदार हथियार चले, जिसमें तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्जकर घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है।

पहले पक्ष से गोविंद चौबे ने आरोप लगाया कि बुधवार दोपहर वह अपने घर में भोजन कर रहे थे। इसी दौरान रंजिश को लेकर गांव के ही सत्यम चौबे, अभय चौबे, दीपक चौबे और सत्यम के मौसा (नाम-पता अज्ञात) लाठी-डंडा और धारदार हथियार लेकर उनके घर में घुस आए। सभी ने उन पर जानलेवा हमला कर दिया। पिता रनबहादुर बचाव में आए तो हमलावरों ने उन्हें भी लाठी-डंडे और फरसे से घायल कर दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, तब हमलावर धमकी देते हुए फरार हो गए। इस घटना में पिता-पुत्र को गंभीर चोटें आई हैं।

दूसरे पक्ष से समरजीत चौबे ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा कि उनका बेटा सत्यम दवा लेने साहबगंज जा रहा था, तभी रास्ते में गोविंद ने उसे रोककर गाली-गलौज की और मारपीट की। किसी तरह वह जान बचाकर घर पहुंचा और घटना की जानकारी दी। इसके बाद समरजीत, उनके भाई दीपक और भतीजे शुभम गोविंद के घर जानकारी लेने पहुंचे। आरोप है कि वहां पहले से मौजूद गोविंद और उनके पिता रनबहादुर लाठी-डंडे व फरसा लेकर तैयार थे और अचानक हमला कर दिया। इस हमले में समरजीत, उनके भाई दीपक और भतीजे शुभम घायल हो गए। थानाध्यक्ष रतन कुमार शर्मा ने बताया कि दोनों पक्षों से तहरीर प्राप्त हुई है। घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है। मामले में केस दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### बार बेंच व कार्यपालिका को निरंतर सीखने की जरूरत : जिला जज

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : न्यायपालिका, बार एसोसिएशन तथा कार्यपालिका संयुक्त रूप से कंटीन्यूअस लर्निंग ट्रेनिंग पर गोष्ठी का आयोजन करें, जिससे न्यायिक अधिकारी अधिवक्ता और कार्यपालक मजिस्ट्रेट अपने-अपने अनुभव साझा कर सकें। सपने बड़े देखना चाहिए, क्योंकि जब सपने बड़े होंगे तो छोटे ख्वाब आसानी से पूरे हो जाएंगे। ये बातें बुधवार को जिला जज रणंजय कुमार वर्मा ने कहीं। वह कचहरी स्थित आचार्य नरेंद्र देव सभागार में बार की ओर से आयोजित जिलाधिकारी के सम्मान समारोह में बोल रहे थे। इसके पहले बार के पदाधिकारी तथा जिला जज ने नवागत जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी का स्वागत किया। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने कहा कि इसके पूर्व गोंडा जिले में ढाई साल तैनात थे, जिसे भगवान राम की गायों के चराए जाने का स्थान कहा जाता है। उन्होंने कहा कि बचपन में मैं भगवान राम के बारे में पढ़ता था। मैं खुद सौभाग्यशाली हूं कि इस नगरी में मुझे सेवा का अवसर मिला। समारोह को राम शंकर यादव, संजीव दुबे, अरविंद सिंह ने संबोधित किया। समारोह का संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता हेमंत त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम में मोटर दुर्घटना क्लेम अधिकारी रविकांत, अपर जिला जज दीपक यादव, सुरेंद्र मोहन सहाय समेत समस्त न्यायिक अधिकारी व सैकड़ो की संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

### मेधावी छात्रा सम्मानित

बीकापुर, अयोध्या, अमृत विचार। शिक्षा क्षेत्र बीकापुर के सीएसए इंटर कॉलेज जगदीशपुर पश्चिम पाली में 10वीं बोर्ड सबसे ज्यादा अंक प्राप्त करने वाली छात्रा वर्तिका तिवारी को प्रबंधक पवन यादव ने प्रोत्साहन राशि एवं स्टेशनरी देकर उसका उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य चिंता राम वर्मा, उप प्राचार्य सुभाष यादव, अध्यापिका आरती दूबे, कविता शर्मा आदि मौजूद रहे।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY

Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road,
Bareilly-243006 (UP) India, Phone : 0581-2526051, 053, 153
Email : registrar@biu.edu.in, Website : www.biu.edu.in
For any query contact : 9520876189, 9105500202, 9105500404

Applications are invited for Admission to Ph.D. Programmes July 2026 session in the following disciplines

- Faculty of Medical Sciences (All Clinical and Non-Clinical Specialities)
- Faculty of Pharmacy
- Faculty of Dental Sciences (All Specialities)
- Faculty of Management

Application Fee
- For Indian Candidate Rs. 2000/-
- NRI/Foreign National Candidate Rs. 5000/- or $60 USD

Last Date of Receiving Application : 30th May, 2026

Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.) India
For more details and application form & application fee, visit university website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/reseach/Latest-Application-form-for-PHD-programme.pdf)



डीएम को पुष्पगुच्छ भेंट करते आईएमए अध्यक्ष, साथ में पदाधिकारी।

### डीएम को बताईं आईएमए भवन निर्माण में आ रहीं समस्याएं

अयोध्या, अमृत विचार : इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) अयोध्या के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला अध्यक्ष डॉ. आशीष श्रीवास्तव के नेतृत्व में नवागत जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी से उनके कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की। जिलाधिकारी को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। आईएमए पदाधिकारियों ने आईएमए भवन के निर्माण में आ रही विभिन्न समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया और उनके शीघ्र समाधान की मांग की। अध्यक्ष डॉ. आशीष ने बताया कि जिलाधिकारी ने समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में आईएमए के सचिव डॉ. निशांत सक्सेना, डॉ. आरके बनौधा सहित अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

# वित्त विहीन डिग्री कॉलेजों पर कसा शिकंजा

अयोध्या कार्यालय

### कुलपति की सख्ती

- एक दशक बाद सम्बद्ध महाविद्यालयों पर हुई कार्रवाई

अमृत विचार : डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बिजेन्द्र सिंह की सख्ती के बाद परीक्षा केंद्र बन चुके कई वित्त विहीन सम्बद्ध महाविद्यालयों पर शिकंजा कसा गया है। करीब एक दशक बाद अवध विश्वविद्यालय प्रशासन ने ऐसे कॉलेजों की मनमानी पर लगाम लगाने का फैसला लिया है, जो स्वकेन्द्र का लाभ उठाकर परीक्षाओं में अनियमितताएं बरतते आ रहे थे। स्नातक और परास्नातक सम सेमेस्टर की परीक्षा के शुरु होने के पहले ही दिन मंगलवार को कुलपति ने अंबेडकरनगर के परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर दो को निरस्त किया और चार के परीक्षार्थियों को अलग शिफ्ट कर दिया।

कुलपति के निर्देश पर सम्बद्ध महाविद्यालयों की जांच में गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। कई कॉलेजों में परीक्षा केंद्र बनने के बावजूद बुनियादी सुविधाओं का अभाव, स्टाफ की कमी और वित्तीय संकट के बावजूद परीक्षाएं आयोजित करने की अनुमति ली जा रही थी। विश्वविद्यालय प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कुलपति ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि केवल उन महाविद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाया जाएगा, जिनके पास पर्याप्त बुनियादी ढांचा, सुरक्षा व्यवस्था और योग्य स्टाफ हो। वित्त विहीन या अत्यधिक कमजोर संस्थानों को केंद्र बनाने की प्रक्रिया पर रोक लगाई गई है। इस कार्रवाई से प्रभावित कॉलेजों में हड़कंप मचा हुआ है। कई प्रबंधकों ने इसे अनुचित बताते हुए विरोध जताया है, जबकि शिक्षा विशेषज्ञों ने इस फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि स्वकेन्द्र की आड़ में चल रही मनमानी ने उच्च शिक्षा की गुणवत्ता को बुरी तरह प्रभावित किया है। विश्वविद्यालय अब सभी सम्बद्ध कॉलेजों की सतर्क जांच करा रहा है। जिन संस्थानों में अनियमितताएं पाई जाएंगी, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी, जिसमें परीक्षा केंद्र की मान्यता रद्द करना और सम्बद्धता पर पुनर्विचार शामिल है। छात्र संगठनों ने भी कुलपति के इस रुख का समर्थन किया है और मांग की है कि जिलों में नकल माफिया के नेटवर्क को पूरी तरह तोड़ा जाए। कुलसचिव विनय कुमार सिंह ने बताया कि मुख्य परीक्षाओं में सख्ती की जा रही है। आवश्यक हुआ तो अन्य कठोर कार्रवाई की जाएगी। कुलपति परीक्षा की शुचिता को लेकर गंभीर हैं।

# गोवंशों के संरक्षण-पोषण में न बरतें लापरवाही : डीएम

## अधिकारियों ने जनपद में गो सेवा संवर्धन दिवस पर गो आश्रय स्थलों का किया निरीक्षण, जिम्मेदारों ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** बीते दिवस आई आंधी एवं वर्षा के दृष्टिगत जिलाधिकारी ईशा प्रिया के निर्देशानुसार बुधवार को गो सेवा संवर्धन दिवस के अवसर पर जनपद में संचालित समस्त 35 निराश्रित गोवंश आश्रय स्थलों का नोडल अधिकारियों द्वारा सघन भौतिक निरीक्षण किया गया।



अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल सिसवां अकबरपुर का निरीक्षण करते उपनिदेशक कृषि अश्विनी कुमार सिंह। अमृत विचार



भीटी ब्लॉक के अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल जैतपुर खास का निरीक्षण करते मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी एसके सिंह व साथ में अन्य। अमृत विचार

आश्रय स्थलवार नामित नोडल अधिकारियों ने संबंधित पशु चिकित्सा अधिकारी, पशुधन प्रसार अधिकारी, खंड विकास अधिकारी एवं ग्राम पंचायत सचिव की संयुक्त टीम के साथ प्रत्येक गौशाला का गहन निरीक्षण और व्यवस्थाओं की स्थिति का जायजा लिया। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि गो आश्रय स्थलों में व्यवस्थाएं शासन की मंशा के अनुरूप उच्च गुणवत्ता की बनी रहें तथा गोवंशों के संरक्षण, पोषण एवं स्वास्थ्य के प्रति किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि नियमित निरीक्षण एवं सतत निगरानी के माध्यम से गोवंशों के समुचित संरक्षण के लिए प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित रखी जाए। उन्होंने कहा कि गोवंश संरक्षण के लिए प्राथमिकता पर हर आश्रय स्थल पर गुणवत्तापूर्ण व्यवस्थाएं सुनिश्चित रखें। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने आश्रय स्थलों में साफ-सफाई व्यवस्था, गोवंशों के लिए हरे चारे एवं भूसे का पर्याप्त भंडारण, स्वच्छ पेयजल व्यवस्था तथा गौशालाओं में उपलब्ध समस्त आधारभूत सुविधाओं के साथ ही स्वास्थ्य, उपचार एवं देखभाल की व्यवस्थाओं का भी विस्तृत अवलोकन किया।

### करें सतत निगरानी

मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि निराश्रित गो आश्रय स्थलों की निगरानी निरंतर सीसीटीवी के माध्यम से की जा रही है। इसके अंतर्गत जनपद स्तर पर स्थापित सीसीटीवी कंट्रोल रूम से सतत निगरानी सुनिश्चित की गई है। निगरानी के दौरान किसी भी गौशाला में समस्या परिलक्षित होने पर तत्काल संबंधित संचालक, केयरटेकर से संपर्क स्थापित कर त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाता है। जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल जैतपुर खास भीटी, उपनिदेशक कृषि द्वारा अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल सिसवां अकबरपुर, जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा वृहद गौ संरक्षण केंद्र अखलासपुर रामनगर, जिला कृषि अधिकारी द्वारा अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल बनगांव का निरीक्षण किया गया।

# अयोध्या के 2012 उपद्रव मामले में भाजपा विधायक को बड़ी राहत

● हाईकोर्ट ने मुकदमा वापस लेने की दी मंजूरी

**लखनऊ, विधि संवाददाता।** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने वर्ष 2012 में अयोध्या जनपद के रुदौली क्षेत्र में दुर्गा पूजा के पश्चात मूर्ति विसर्जन के दौरान हुए, उपद्रव मामले में भाजपा विधायक रामचंदर यादव को बड़ी राहत दी है। न्यायालय ने सत्र अदालत के फैसले को निरस्त करते हुए, विधायक के खिलाफ चल रहे मुकदमे की वापसी की अनुमति दे दी है। यह आदेश न्यायमूर्ति राजीव सिंह की एकल पीठ ने रूदौली विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक रामचंदर यादव की याचिका तथा राज्य सरकार की पुनरीक्षण याचिका पर एक साथ सुनवाई करते हुए पारित किया है। न्यायालय ने 16 दिसंबर 2022 को पारित ट्रायल कोर्ट के आदेश को निरस्त करते हुए राज्य सरकार के आवेदन को स्वीकार कर लिया है तहा मामले में अभियोजन वापसी को मंजूरी दे दी है। 24 अक्टूबर 2012 को रुदौली थाना क्षेत्र में मूर्ति विसर्जन के दौरान भारी भीड़ जुट गई थी, जिससे यातायात बाधित हो गया। इसी दौरान दो समुदायों के बीच विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई। आरोप है कि भीड़ ने पथराव किया और पुलिस पर हमला कर दिया, जिसमें कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। मामले में दर्ज एफआईआर में रामचंदर यादव पर भीड़ को उकसाने और आक्रामक बयान देने का आरोप लगाया गया था।

# दोहरे हत्याकांड में सात दोषियों को उम्रकैद

संवाददाता, आजमगढ़।

**अमृत विचार :** जिले में बहुचर्चित दोहरे हत्याकांड के मामले में बुधवार को जिला एवं सत्र न्यायालय ने बड़ा फैसला सुनाते हुए सात दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक दोषी पर 1,01,500 का अर्थदंड भी लगाया गया है। यह फैसला जिला एवं सत्र न्यायाधीश जय प्रकाश पांडेय की अदालत ने सुनाया। अभियोजन पक्ष के अनुसार, घटना 13 अगस्त 2020 की है, जब वादिनी संतरा देवी अपने पति हीरालाल उर्फ मिठाई और बेटों विनोद यादव व तेज कुमार यादव के साथ दवा लेने लालगंज बाजार गई थीं। वापसी के दौरान घोड़सहना गांव में फेंकू यादव के घर के सामने सुरेंद्र और प्रदीप उर्फ दिलीप ने उनका रास्ता रोक लिया और प्रधानी चुनाव को लेकर बातचीत के बहाने हीरालाल और तेज कुमार को अपने घर के अंदर ले गए। इस दौरान संतरा देवी और उनका बेटा विनोद बाहर खड़े रहे। तभी मौके पर अन्य आरोपी—लाल बहादुर, अजय, उमेश यादव, रणजीत और कमली देवी भी पहुंच गए। बातचीत के दौरान अचानक प्रदीप उर्फ दिलीप और सुरेंद्र ने हीरालाल को गोली मार दी। यह देख तेज कुमार वहां से भागने लगा, लेकिन उसे घेरकर अन्य आरोपियों ने पकड़ लिया और लाल बहादुर व रणजीत ने उसे भी गोली मार दी। गोली लगने से पिता-पुत्र दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। पूरे मामले की जांच के बाद पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट न्यायालय में दाखिल की। सुनवाई के दौरान एक आरोपी फेंकू यादव की मृत्यु हो गई। वहीं अभियोजन पक्ष की ओर से जिला शासकीय अधिवक्ता प्रियदर्शी पियूष त्रिपाठी, दीपक कुमार मिश्रा और सुधन प्रसाद एडवोकेट ने कुल 8 गवाहों को पेश किया। दोनों पक्षों की दलीलों और साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने प्रदीप उर्फ दिलीप, सुरेंद्र, लाल बहादुर, उमेश यादव, अजय यादव, रणजीत और कमली देवी को दोषी करार देते हुए उम्रकैद और जुर्माने की सजा सुनाई। यह फैसला करीब छह साल पुराने इस सनसनीखेज मामले में न्याय की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# निजी प्रैक्टिस में लगे डॉक्टर, मारपीट का आरोप

संवाददाता, आजमगढ़।

● सीएमओ ने कहा- डॉक्टर के खिलाफ जांच कर की जाएगी कार्रवाई

**अमृत विचार :** जिले में शासन की ओर से चिकित्सकों की प्राइवेट प्रैक्टिस पर रोक लगाई गई है। इसके बाद भी चिकित्सक प्राइवेट प्रैक्टिस से बाज नहीं आ रहे हैं। मंगलवार को इस बात का खुलासा उस समय हुआ जब एक निजी अस्तपाल में तकादा करने आए दुकान के एजेंट के साथ मारपीट हो गई। हालांकि पुलिस ने दोनों पक्षों में सुलह कराकर मामले को रफा दफा कर दिया। पूरा मामला नगर कोतवाली क्षेत्र के दलालघाट रोड कदमघाट पर स्थित आई पी सिटी हॉस्पिटल में मंगलवार को मुकेरीगंज निवासी अभिषेक शर्मा एक लाख 26 हजार 614 रुपये की वसूली के लिए पहुंचे। जहां उनके साथ मारपीट की गई है। पुलिस को दी गई तहरीर में उन्होंने आरोप लगाया कि जब वह उक्त अस्पताल में बकाया रकम की वसूली के लिए पहुंचे तो चिकित्सक डा. नवनीत गुप्ता द्वारा उनके साथ मारपीट गई।

उनके साथ गाली गलौज की गई और रुपया न देने की धमकी दी गई। इसके साथ ही उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई। आपको बता दें कि डा. नवनीत गुप्ता पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष के पुत्र और पूर्व नगर पालिका प्रत्याशी के भाई हैं। मामला जब कोतवाली पहुंचा तो अस्पताल संचालक का प्रभाव कहें या कुछ और पुलिस ने मामले को सुलह समझौता कराकर रफा दफा कर दिया। इस संबंध में सीओ सिटी शुभम तोदी ने बताया कि ऐसा मामला सामने आया था लेकिन दोनों पक्षों ने आपस में समझौता कर लिया। इसलिए इस मामले में तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई। डॉ. नवनीत गुप्ता की तैनाती मंडलीय जिला चिकित्सालय के कमरा नंबर छह में एक फिजिशियन के तौर पर है। सुबह 10 बजे की घटना है। ऐसे में चिकित्सक द्वारा उक्त व्यक्ति से अस्पताल में मरीज का इलाज के समय एक बकाएददार से मारपीट करना बड़ा सवाल खड़ा करता है। वहीं इस मामले पर मंडलीय जिला चिकित्सालय के एसआईसी डॉ. सतीश कन्नौजिया का कहना है कि डा. नवनीत गुप्ता की तैनाती अगर एडहॉक पर है तो मैं इस संबंध में कुछ नहीं बता सकता। इस संबंध में सीएमओ ही कुछ बता सकते हैं। वैसे अगर संविदा पर भी उनकी तैनाती है तो आठ बजे से दो बजे तक उनका ओपीडी में रहना अनिवार्य है। वहीं इस मामले में सीएमओ डॉ. एनआर वर्मा का कहना है कि मंडलीय अस्पताल की जिम्मेदारी एसआईसी है। चिकित्सकों का प्राइवेट प्रैक्टिस करना गलत है। अगर कोई ऐसा करता है तो उसके खिलाफ जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# डीएम ने टीकाकरण सत्र का किया निरीक्षण

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने विकासखंड अकबरपुर स्थित स्वास्थ्य उपकेंद्र अरिया बाजार पर आयोजित ग्रामीण स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस तथा टीकाकरण सत्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सत्र स्थल पर एएनएम सुमन कुमारी, आशा कार्यकत्री मंजूषा, वंदना और मीरा तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्री उमा वर्मा, एम्पाला एवं ताज बेगम उपस्थित पाई गईं।



अकबरपुर के स्वास्थ्य उपकेंद्र अरिया बाजार का निरीक्षण करतीं डीएम ईशा प्रिया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ड्यूलिस्ट के शेष लाभार्थियों का भी टीकाकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने लक्षित सभी गर्भवती महिलाओं का समयबद्ध पंजीकरण सुनिश्चित करने के साथ ही गर्भवती महिलाओं के लिए आवश्यक जांच जैसे हीमोग्लोबिन और शुगर जांच के लिए संबंधित मशीनें सत्र स्थल पर उपलब्ध रखने तथा सभी जांचें नियमित रूप से करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सैम-मैम चार्ट की समुचित जानकारी रखने तथा उसका प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार शैवाल एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी को दूरभाष पर निर्देशित करते हुए कहा कि सभी वीएचएसएनडी सत्रों में बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण तथा आवश्यक जांचों के लिए पर्याप्त लॉजिस्टिक उपलब्धता सुनिश्चित रखी जाए।

## न्यूज ब्रीफ

### कौमी एकता पर आधारित मुशायरा व कवि सम्मेलन का हुआ आयोजन

**अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** शहजादपुर उत्तर तरफ तमसा नदी के किनारे स्थित आस्ताना सातो पीर बाबा में दो दिवसीय वार्षिक उर्स मेला कार्यक्रम के पहले दिन मंगलवार की रात्रि में अखिल भारतीय मुशायरा व कवि सम्मेलन की महफिल सजी। जिसकी सरपरस्ती शायर मेराज शहजादपुरी, अध्यक्षता मास्टर मोहम्मद असलम खान व संचालन आसिम काकोरवी ने किया। डॉ. मोहम्मद आजम अलीग के संयोजन और समाजसेवी निजामुलहक के सह-संयोजन में सुबह के अंतिम पहर तक चले मुशायरे में मजमा शेरो शायरी की लय पर झूमता रहा।

### पीड़ित परिवार को दी आर्थिक सहायता

**अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद के ग्राम सभा दुल्लापुर डोमनेपुर में हाल ही में हुए अग्निकांड से प्रभावित परिवार के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए जिलाधिकारी ईशा प्रिया स्वयं पीड़ित के घर पहुंचीं और उन्हें शासन की मंशानुसार आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई। जिलाधिकारी ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित भुलई पुत्र चनगू के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें आश्वस्त किया कि प्रशासन हर संभव मदद के लिए उनके साथ है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार पीड़ित के बैंक खाते में 1 लाख 08 हजार रुपए की सहायता राशि भेजी जा चुकी है। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ज्योत्स्ना बंधु भी मौजूद रहीं।

### महिला को किया गया सुपुर्द-ए-खाक

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद के अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के मुरादाबाद मोहल्ले में बीते 2 मई को हुए चार बच्चों और 3 मई को मां गौसिया की हत्या के बाद बुधवार को बच्चों के पिता नियाज सऊदी अरब से वापस घर कसड़ा गांव पहुंचे। पत्नी गौसिया खान और बच्चों की बेरहमी से हत्या की घटना ने उन्हें अंदर तक तोड़ दिया है। घर पहुंचते ही वह सीधे मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर स्थित पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। जहां उन्होंने पत्नी का अंतिम दर्शन किया। नियाज ने कहा कि मुझे सुकून है कि अपराधी अपने अंजाम तक पहुंचा और मारा गया। मुझे उस पर पहले से ही शक था। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने पत्नी गौसिया खान के शव को परिजनों के सुपुर्द किया, जिसके बाद भारी गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पूरी की गई और गौसिया खान को सुपुर्द-ए-खाक किया गया।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**जलालपुर, अंबेडकरनगर । अमृत विचार।** बीती रात गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे के किमी 82 .200 पर तीन वाहनों की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हो गए। बता दें कि थाना कप्तानगंज क्षेत्र से बोलेरो तेरही कार्यक्रम से लौट रहा था। रास्ते में वाहन खराब हो जाने के कारण दूसरी बोलेरो को बुलाकर टोचन का कार्य किया जा रहा था। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार में आ रही पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में प्रिंस यादव पुत्र गिरीश यादव, दीपक पुत्र स्व. राधे यादव, साजिद पुत्र सादिक और छोटेलाल पुत्र सुमेर निवासी ग्राम बिहरा बुजुर्ग थाना अतरौलिया जनपद आजमगढ़ गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची यूपीडा टीम और जैतपुर थाना अध्यक्ष थीरेंद्र आजाद ने तत्काल एंबुलेंस की मदद से घायलों को अस्पताल भिजवाया। जहां छोटेलाल को मृत घोषित कर दिया गया।

### शिक्षक की सड़क हादसे में मौत

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जलालपुर निवासी एक शिक्षक की सोनभद्र जनपद में सडक़ दुर्घटना में मौत हो गई। शिक्षक की मौत की खबर सुनकर परिजनों में कोहराम मच गया है। बुधवार शाम तक शव घर नहीं पहुंचा था। नगर जलालपुर के वाजिदपुर मोमिनपुरा निवासी मो. मोबीन 56 वर्ष सोनभद्र जिले में प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक थे। शिक्षक के बड़े पुत्र मो. फुजैल ने बताया कि उनके पिता बुधवार को बैंक जा रहे थे इसी दौरान उन्हें एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया, जिन्हें परिजन एम्बुलेंस से बनारस ले जा रहे थे कि रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। शिक्षक की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मचा है। परिजनों के मुताबिक शव बुधवार देर रात पहुंचने की उम्मीद है। मृतक के चार बेटे व एक बेटी है। जिनकी मौत की खबर से परिवार ही नहीं मुहलल्ले में भी मातम छाया है।

### सड़क हादसे में आठ की मौत के मामले में चालक गिरफ्तार

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** कोतवाली जलालपुर क्षेत्र में हुए भीषण सड़क हादसे के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए टक्कर मारने वाले वाहन चालक को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। इस दर्दनाक हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई थी, जिससे पूरे क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल बना हुआ था। बता दें कि बीते रविवार की रात अकबरपुर-जलालपुर मार्ग पर अशरफपुर भुवा के पास पहले दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर हो गई थी। हादसे के बाद आसपास के लोग और राहगीर घायलों की मदद के लिए सडक़ पर खड़े हो गए थे। इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रही एक कार ने अनियंत्रित होकर सडक़ पर खड़े लोगों को रौंद दिया। इस भयावह घटना में आठ लोगों की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले में पुलिस ने मृतकों के परिजनों की तहरीर पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी थी। जांच के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी चालक विशाल विश्वकर्मा निवासी चितई पट्टी थाना कटका को जलालपुर-मालीपुर रोड स्थित पेट्रोल टंकी के पास से गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाल अजय प्रताप सिंह यादव ने बताया कि आरोपी चालक को विधिक कार्रवाई पूर्ण कर न्यायालय भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि मामले में आगे की जांच जारी है और दुर्घटना से जुड़े अन्य पहलुओं की भी पड़ताल की जा रही है।


BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY

Accreditations, Affiliations & Approvals

University Grants Commission of India · Medical Council of India · Dental Council of India · Pharmacy Council of India · Indian Nursing Council · Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council · Association of Indian Universities · Where there is rural well being there is University Prosperity · Uttar Pradesh State Medical Faculty

ADMISSION OPEN FOR FOLLOWING COURSES SESSION 2026-27
CUET(UG/PG)-2026 Score Accepted

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 01 | Diploma- Medical lab Technician (DMLT) | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 02 | Diploma X-Ray Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 03 | Diploma Radiology Technology | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 04 | M.Sc. Medical Anatomy | MBBS, BDS, BAMS B.Sc. Nursing, B.Sc. Optom, B.Pharma, BPT, B.Sc. MLT, B.sc(Bio sc.) | 3 Year |
| 05 | M.Sc. Medical Biochemistry | | 3 Year |
| 06 | M.Sc. Medical Microbiology | | 3 Year |
| 07 | M.Sc. in Medical Pharmacology | | 3 Year |
| 08 | M.Sc. in Medical Physiology | | 3 Year |

INSTITUTE OF DENTAL SCIENCES

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 09 | Diploma in Dental Hygenist | 10+2 (PCB) | 2 Year |
| 10 | Diploma in Dental Mechanics | 10+2 (PCB) | 2 Year |

BIU COLLEGE OF PHARMACY/ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY/ KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 11 | D.Pharm/Diploma in Pharmacy | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 12 | B.Pharm/Bachelor of Pharmacy | 10+2(PCB/PCM) | 4 Year |
| 13 | M.Pharm (Pharmaceutical Chem) | B.Pharm | 2 Year |
| 14 | M.Pharm (Pharmaceutics) | B.Pharm | 2 Year |
| 15 | M.Pharm (Pharmacology) | B.Pharm | 2 Year |
| 16 | M.Pharm (Pharmacognosy) | B.Pharm | 2 Year |

FACULTY OF ALLIED & HEALTHCARE SCIENCES (PARAMEDICAL)

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 17 | Certification in Sanitation | 10+2(PCB/PCM) | 1 Year |
| 18 | Diploma in Medical Lab Technician (DMLT) | 10+2(PCB/PCM) | 4 Year |
| 19 | Diploma in X-Ray Technician | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 20 | Diploma in Dialysis Technician | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 21 | Diploma in Emergency & Trauma Care | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 22 | Diploma in MRI Technician | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 23 | Diploma in Radiotherapy Technology | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 24 | Bachelor of Physiotherapy (BPT) | 10+2(PCB | 5 Year |
| 25 | Bachelor Operation Theater Technician (BOTT) | 10+2(PCB/PCM)) | 4 Year |
| 26 | Bachelor of Medical Radiology & Imaging Technology (BMRIT) | 10+2(PCB) | 4 Year |
| 27 | B.Sc. in Medical Laboratory Technician (BMLT/BMLS) | 10+2(PCB) | 4 Year |
| 28 | B.Sc. in Optometry (B. Optom) | 10+2(PCB/PCM) | 5 Year |
| 29 | M.Sc. in Clinical Embryology | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |
| 30 | Master of Physiotherapy (MPT) | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |
| 31 | Master in Medical Laboratory Sciences (MMLS) | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |

ROHILKHAND SCHOOL OF NURING/ROHILKHAND COLLEGE OF NURSING

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 32 | B.Sc. Nursing | 10+2 (PCB) | 4 Year |
| 33 | Post Basic B.Sc. Nursing | GNM | 2 Year |
| 34 | Nurse Practitioner in Critical Care (NPCC) (Post Graduate Residency Progam) | B.Sc. Nursing/Post Basic B.Sc. Nursing* | 2 Year |
| 35 | M.Sc. Nursing in Medical Surgical Nursing | B.Sc. Nursing/ Post Basic B.Sc. Nursing* | 2 Year |
| 36 | M.Sc. Nursing in Obsteric & Gynaecological Nursing | | 2 Year |
| 37 | M.Sc. Nursing in Child Health Nursing | | 2 Year |
| 38 | M.Sc. Nursing in Mental Health Nursing | | 2 Year |
| 39 | M.Sc. Nursing in Community Health Nursing | | 2 Year |
| 40 | GNM | 10+2 with English | 3 Year |
| 41 | ANM | 10+2 | 2 Year |

BIU COLLEGE OF MANGEMENT/HUMANITIES & JOURNALISM

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 42 | BBA | 10+2 in any Stream | 3 Year |
| 43 | BBA (H) Finance & Taxation | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 44 | BBA (H) Business Intelligence & Data Analytics | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 45 | B. Com (Honors) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 46 | BCA | 10+2 in any Stream | 3 Year |
| 47 | BCA (H) Information Technology & Multimedia | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 48 | BCA (H) Artificial Intelligence & Data Science | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 49 | BCA (H) Artificial Intelligence & Machine Lear. | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 50 | BA (Journalism/Mass Communication) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 51 | BJMC (H) Bachelor of Journalism & Mass Communication | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 52 | BMM (H) Bachelor of Mass Media | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 53 | MJMC Master of Journalism & Mass Comm. | UG Any Stream | 2 Year |
| 54 | MHA (Master in Hospital Administration) | UG Any Stream | 2 Year |
| 55 | MPH (Master in Public Health) | UG Any Stream | 2 Year |
| 56 | MBA | UG Any Stream | 2 Year |
| 57 | MCA | UG Any Stream | 3 Year |
| 58 | M. Com | UG Any Stream | 2 Year |
| 59 | MA (Political Science) | UG Any Stream | 2 Year |
| 60 | MA (Journalism) | UG Any Stream | 2 Year |
| 61 | MA (Mass Communication) | UG Any Stream | 2 Year |
| 62 | MA (English) | UG Any Stream | 2 Year |
| 63 | MA (Psychology) | UG Any Stream | 2 Year |
| 64 | MA (Sociology) | UG Any Stream | 2 Year |

FACULTY OF FORENSIC SCIENCES

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 65 | B.Sc. Forensic Sciences | 10+2 (PCM/PCB) | 3 Year |
| 66 | M.Sc Forensic Science | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |

FACULTY OF FINE ARTS

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 67 | Certificate in Photography | 10 Pass | 1 Year |
| 68 | Certificate in Cinematography | 10 Pass | 1 Year |
| 69 | Diploma in Cinematography (DIC) | 10 Pass | 2 Year |
| 70 | Diploma in Photography (DIP) | 10 Pass | 2 Year |
| 71 | Bachelor of Fine Arts (Film Making) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 72 | Bachelor of Fine Arts (Photography) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 73 | Master of Fine Arts (Photography) | UG Fine Arts | 2 Year |

Contact For More Information: 9105500202, 9105500404, Ph.: 0581-2526153

Add.: Admission Cell, Administrative Block, Bareilly International University, Rohilkhand Medical College Campus, Bareilly - 243006 (U.P.)

Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in

## न्यूज ब्रीफ

### गैंगस्टर केस में पूर्व नगर कोतवाल की गवाही दर्ज

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** सराफा व्यवसायी की ज्वेलरी शोरूम से हुई करोड़ों के आभूषण की डकैती से जुड़े गैंगस्टर केस में बुधवार को तत्कालीन शहर कोतवाल अरुण द्विवेदी की गवाही दर्ज की गई। विशेष लोक अभियोजक अलका सिंह के मुताबिक अमेठी जिले के मोहनगंज थाने के भवानी नगर के रहने वाले आरोपी विपिन सिंह व सह आरोपी सचिन सिंह, त्रिभुवन कोरी, पुष्पेंद्र सिंह,विनय शुक्ला, अरविंद यादव, दुर्गेश प्रताप सिंह, विवेक सिंह,अजय यादव, अंकित यादव,अरबाज,फुरकान के खिलाफ तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक धीरज कुमार ने कोतवाली नगर में गत एक मई को गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज कराया था।

### कोर्ट ने दिया आरोपी की रिहाई का आदेश

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** अमेठी थाना क्षेत्र के धमारावां भगनपुर निवासी प्रज्ज्वल सिंह पुत्र नरसिंह के कब्जे से बीते छह अप्रैल को पुलिस ने मोबाइल और अन्य लूट के सामान बरामद कर जेल भेज दिया था। अधिवक्ता संतोष पांडेय ने जमानत अर्जी पेश कर कहा कि घटना का कोई स्वतंत्र साक्षी नहीं है और बरामद सामान का परीक्षण नहीं कराया गया है। न्यायाधीश राम प्रताप सिंह राणा ने साक्ष्य और तर्कों के आधार पर आरोपी की जमानत मंजूर कर जेल से रिहाई का आदेश दिया है।

### किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाने वाला गिरफ्तार

● पॉक्सो व एससी-एसटी एक्ट में बढ़ी धाराएं, गया जेल

**भदैया, सुलतानपुर, अमृत विचार :** किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के बरई गांव निवासी आरोपी सौरभ विश्वकर्मा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह मामला बीते 26 अप्रैल का बताया जा रहा है, जब आरोपी किशोरी को अपने साथ ले गया था। पुलिस के अनुसार, किशोरी द्वारा मजिस्ट्रेट के समक्ष दिए गए बयान के आधार पर आरोपी के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट और पॉक्सो एक्ट की धाराएं में बढ़ोतरी की गई हैं। इसके बाद बुधवार को पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। आरोपी की गिरफ्तारी में प्रभारी निरीक्षक धर्मवीर सिंह, निरीक्षक हवलदार सिंह यादव और कांस्टेबल कुलदीप यादव की अहम भूमिका रही।

# आप सांसद प्रकरण में नया मोड़: दरोगा ने क्लीनचिट पर दाखिल की प्रोटेस्ट अर्जी

## नगर निकाय चुनाव में संजय सिंह पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का मामला

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** नगर निकाय चुनाव के दौरान राज्यसभा सांसद संजय सिंह पर दर्ज आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामले में अब नया मोड़ आ गया है। एमपी-एमएलए कोर्ट में चल रही सुनवाई के बीच वादी मुकदमा रहे तत्कालीन दरोगा ने पुलिस की क्लीनचिट रिपोर्ट को चुनौती देते हुए प्रोटेस्ट अर्जी दाखिल कर दी है। बुधवार को तत्कालीन उप निरीक्षक मुकेश पटेल, जो वर्तमान में अमेठी जिले के कमरौली थानाध्यक्ष हैं, ने अदालत में प्रस्तुत होकर पुलिस द्वारा दाखिल क्लीनचिट पर आपत्ति जताई। उन्होंने एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत में प्रोटेस्ट अर्जी दाखिल की। कोर्ट ने इस अर्जी पर सुनवाई के लिए 22 मई की तारीख निर्धारित की है।

मामला 7 मई 2023 का है, जब कोतवाली नगर में तत्कालीन उप निरीक्षक द्वारा सांसद संजय सिंह तथा आम आदमी पार्टी के नगर पालिका अध्यक्ष पद के प्रत्याशी डॉ. संदीप कुमार शुक्ला के खिलाफ आदर्श आचार संहिता उल्लंघन का मुकदमा दर्ज कराया गया था।विवेचक दीपेंद्र विक्रम सिंह ने मामले में तफ्तीश के बाद फाइनल रिपोर्ट दाखिल की थी। अब वादी द्वारा ही क्लीनचिट पर सवाल उठाए जाने से प्रकरण में कानूनी हलचल तेज हो गई है।

### सुनील यादव हत्याकांड: प्रोटेस्ट खारिज होने के खिलाफ सेशन कोर्ट में चुनौती

**संवाददाता, सुलतानपुर :** चर्चित सुनील यादव हत्याकांड में पुलिस द्वारा दी गई क्लीनचिट के खिलाफ दाखिल प्रोटेस्ट पिटीशन खारिज होने के बाद अब मामला सेशन कोर्ट पहुंच गया है। वादिनी सरिता यादव ने एमपी-एमएलए विशेष कोर्ट के आदेश को चुनौती देते हुए सेशन कोर्ट में पुनर्विचार की मांग की है। बुधवार को इस मामले में सुनवाई हुई, जिसके बाद अदालत ने अगली तारीख 29 मई नियत की है। बताते चलें कि एमपी-एमएलए विशेष कोर्ट के मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत ने सुनवाई के उपरांत वादिनी की प्रोटेस्ट पिटीशन खारिज कर दी थी। इसके विरोध में वादिनी ने सेशन कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। सुनवाई के दौरान आरोपी पक्ष की ओर से पूर्व विधायक संतोष पांडेय, उनके साले विवेक कुमार मिश्रा तथा सह-आरोपी सुशील निषाद की तरफ से अधिवक्ता संतोष पांडेय अदालत में उपस्थित रहे। गौरतलब है कि चांदा थाना क्षेत्र के मदारडीह गांव निवासी सरिता यादव ने 8 जुलाई को अपने पति सुनील यादव की हत्या का आरोप लगाते हुए पूर्व विधायक संतोष पांडेय, विवेक कुमार मिश्रा और सुशील निषाद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। जांच अधिकारी दीपेंद्र विक्रम सिंह ने विवेचना के बाद आरोपियों को क्लीनचिट देते हुए रिपोर्ट अदालत में दाखिल कर दी थी। इस पर अदालत ने वादिनी को नोटिस जारी कर उनका पक्ष सुना, लेकिन अंतत: प्रोटेस्ट पिटीशन खारिज कर दी गई। अब सेशन कोर्ट में इस फैसले पर अंतिम निर्णय की निगाहें टिकी हैं।

### कोटेदार ने किया सरेंडर मिली जमानत

अमेठी जिले के सरैया सवनगी में कोटे के 46 कुंतल अनाज की कालाबाजारी में दर्ज केस में आरोपी कोटेदार प्रदीप कुमार ने सेशन कोर्ट में सरेंडर कर दिया। कोर्ट न्यायाधीश श्याम मोहन जायसवाल ने आरोपी की नियमित जमानत पर सुनवाई करते हुए अभियोजन पक्ष व बचाव पक्ष से सौरभ तिवारी को सुनने के बाद नियमित जमानत मंजूर कर रिहाई का आदेश दिया है। आरोपी के खिलाफ जिला पूर्ति अधिकारी अमेठी ने 46 कुंतल कोटे के अनाज की कालाबाजारी में केस बीते साल दर्ज कराया था।

### रुक्सार हत्याकांड में वादी से जिरह जारी

थाना गोसाईगंज क्षेत्र के इनायतपुर गांव में हुए बहुचर्चित रुक्सार हत्याकांड में बुधवार को एडीजे चतुर्थ श्याम मोहन जायसवाल की अदालत में सुनवाई हुई। इस दौरान अभियोजन पक्ष के पहले गवाह वादी मुंशीरजा से बचाव पक्ष के वकील सुरेश चन्द्र तिवारी ने विस्तृत जिरह की गई। जिरह पूर्ण न होने से कोर्ट ने शेष जिरह के लिए 11 मई की तारीख नियत की है। जिरह के दौरान बचाव पक्ष ने घटना की परिस्थितियों, नामजद आरोपितों की भूमिका तथा तहरीर में उल्लिखित तथ्यों पर सवाल उठाए।अभियोजन के अनुसार 30 मई 2021 को दोपहर बाद आरोपियों ने वादी के घर में घुसकर लाठी-डंडों, धारदार हथियारों व फायरिंग के साथ हमला किया था, जिसमें रुक्सार गंभीर रूप से घायल हो गया था । बाद में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई, जिसके बाद मामला हत्या में परिवर्तित हो गया। मामले में वादी की तहरीर पर सरवर उर्फ छोट्टन , अकबर , अनवर , आस मोहम्मद समेत कई पर केस दर्ज कराया गया था।

### जानलेवा हमले में रिमांड लौटाया

**संवाददाता, सुलतानपुर :** जानलेवा हमला करने के आरोप में गिरफ्तार किए गए चांदा थाने के शहाबुद्दीनपुर गांव निवासी निलेश को पुलिस ने मंगलवार को कोर्ट में पेश किया। बचाव पक्ष के अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा व संदीप पांडेय ने सामान्य चोट होने के बावजूद जानलेवा हमले की धारा लगाने का विरोध करते हुए रिमांड रद्द करने की मांग की। एसीजेएम प्रथम अलंकृता शक्ति त्रिपाठी ने जानलेवा हमले की धारा में रिमांड हटाते हुए आरोपित को अन्य आरोप में जमानत दे दी है। आरोपित पर बीते 23 मार्च को पानी की निकासी को लेकर हुए विवाद में गांव के अमृतलाल कनौजिया पर जानलेवा हमला करने का आरोप है लेकिन अमृतलाल को सामान्य प्रकृति की चोटें आई थीं।

### जानलेवा हमले के आरोपी ने किया सरेंडर अंतरिम जमानत खारिज

**सुलतानपुर, अमृत विचार:** बल्दीराय थानाक्षेत्र के मझौवा (देहली बाजार) में बीती 16 मार्च को राहुल यादव पर लाठी से मारपीट कर जानलेवा हमला करने के आरोपी बृजेश यादव ने सरेंडर कर दिया। आरोपी की अंतरिम जमानत अर्जी पर सुनवाई करते हुए जिला जज सुनील कुमार की कोर्ट ने अभियोजन पक्ष से डीजीसी क्रिमिनल रामअचल मिश्र व बचाव पक्ष को सुनने के बाद आरोपों को गंभीर पाते हुए कोर्ट ने उसकी अंतरिम जमानत अर्जी खारिज कर जेल भेज दिया। अभियोजन के मुताबिक जमीनी विवाद में आरोपी बृजेश ने खेत से सरसो लेकर लौट रहे राहुल पर सुबह घात लगाकर रास्ते में जानलेवा हमला किया जिससे उसे को गंभीर चोंटे आयी थीं।

## डीएम सुलतानपुर को हाईकोर्ट की अवमानना नोटिस

● कोर्ट ने 22 मई को जवाब दाखिल करने का दिया आदेश

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ ने अवमानना याचिका में सुलतानपुर के जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह को नोटिस जारी किया है। न्यायमूर्ति सौरभ लवानिया की एकल पीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए 22 मई को जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि याचिका की प्रति राज्य के अधिवक्ता के माध्यम से संबंधित अधिकारी तक पहुंचा दी गई है, इसलिए अलग से नोटिस जारी करने की आवश्यकता नहीं है। कोर्ट ने प्रकरण को 22 मई को शीर्ष 30 वादों में सूचीबद्ध करने के साथ ही जिलाधिकारी से यह स्पष्ट करने को कहा है कि 3 अप्रैल 2025 को पारित आदेश का उल्लंघन क्यों न माना जाए। न्यायालय ने चेतावनी दी है कि संतोषजनक जवाब न मिलने पर अवमानना कार्यवाही शुरू की जाएगी और आवश्यकता पड़ने पर अधिकारी को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना होगा। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता चंद्र भूषण त्रिपाठी व वैशाली ने पक्ष रखा। गौरतलब है कि यह मामला मरघट निर्माण से जुड़ी जनहित याचिका से संबंधित है, जिसमें याचिकाकर्ता वीरेंद्र कुमार मिश्रा ने प्राथमिक विद्यालय व आबादी के निकट निर्माण पर आपत्ति जताई है। कोर्ट ने प्रथम दृष्टया पाया कि प्रस्तावित स्थल विद्यालय से लगभग 70 मीटर और आबादी से 150 मीटर की दूरी पर है, जो स्थानीय निवासियों के लिए अनुपयुक्त प्रतीत होता है। कोर्ट ने डीएम को स्थल निरीक्षण कर रिपोर्ट देने तथा यह स्पष्ट करने के आदेश दिए हैं कि उक्त स्थान पर मरघट निर्माण कितना उचित है।

## शहर के विकास को सौ करोड़ का बजट पास

संवाददाता, सुलतानपुर


बैठक करते नपा अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल। ● अमृत विचार

● नगर पालिका बोर्ड बैठक में योजनाओं को मिली मंजूरी

**अमृत विचार:** नगर पालिका परिषद सुलतानपुर के सभाकक्ष में 06 मई 2026 को पालिकाध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में बोर्ड बैठक आयोजित की गई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट, नामांतरण शुल्क, डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन और केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं से जुड़े प्रस्तावों पर विचार किया गया।

बैठक में वर्ष 2026-27 के लिए 73 करोड़ 36 लाख रुपये की अनुमानित आय और पिछले वर्ष की 33 करोड़ रुपये अवशेष राशि को मिलाकर करीब 100 करोड़ रुपये के व्यय का प्रस्ताव ध्वनिमत से पारित किया गया। पालिकाध्यक्ष ने बताया कि इस बजट में शहर के बहुआयामी विकास को प्राथमिकता दी गई है, जिससे पेयजल, मार्ग प्रकाश, सड़क और जल निकासी व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा। बैठक में झील संरक्षण, नगरीय पेयजल, पार्क निर्माण, सीवरेज व जल निकासी, मलिन बस्ती विकास तथा मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना सहित कई योजनाओं के प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। साथ ही चौराहों और पार्कों के सौंदर्यीकरण तथा वार्ड स्तर पर विकास कार्यों को गति देने पर जोर दिया गया। चर्चा के दौरान सभासदों ने जनहित में अपने सुझाव रखे। बैठक में 34 में से 32 सदस्य उपस्थित रहे।

## अभिषेक, रिशा व श्वेता को अनसंग हीरोज अवॉर्ड

संवाददाता, सुलतानपुर


श्वेता मिश्रा


रिशा वर्मा


अभिषेक सिंह

● आर्ट ऑफ लिविंग का भव्य सत्संग व सम्मान समारोह 13 मई को

**अमृत विचार:** आर्ट ऑफ लिविंग संस्था द्वारा 13 मई को आध्यात्मिक गुरु रविशंकर जी के जन्मदिवस के अवसर पर पंडित राम नरेश त्रिपाठी सभागार में भव्य सत्संग एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम तनाव मुक्त और हिंसा मुक्त समाज के संकल्प को समर्पित रहेगा।

संस्था के प्रतिनिधि लाल जी वर्मा ने बताया कि इस अवसर पर समाज में उत्कृष्ट योगदान देने वाले तीन व्यक्तियों को 'अनसंग हीरोज अवॉर्ड' से सम्मानित किया जाएगा। चयनित लोगों में राज्य स्तरीय युवा पुरस्कार से सम्मानित रक्तदाता अभिषेक सिंह, मानसिक रूप से विशेष बच्चों के लिए कार्य कर रही रिशा वर्मा तथा धाविका श्वेता मिश्रा शामिल हैं, जिन्हें उनकी उल्लेखनीय सेवाओं और उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में भव्य सत्संग के साथ-साथ अन्य प्रेरणादायक व्यक्तित्वों को भी सम्मानित करने की योजना है, जिससे समाज में सकारात्मक ऊर्जा और सेवा भाव को बढ़ावा मिल सके। आयोजन समिति में डॉ. आर.ए. वर्मा, डॉ. सुधाकर सिंह, डॉ. कुलदीप पांडेय, कमल श्रीवास्तव, रीता सिंह और पल्लवी वर्मा सहित कई गणमान्य लोग शामिल हैं। आयोजकों ने अधिक से अधिक लोगों से कार्यक्रम में शामिल होकर इस प्रेरणादायक आयोजन का हिस्सा बनने की अपील की है।

## आम के पेड़ से लटका मिला युवक का शव, मचा हड़कंप

**चांदा, सुलतानपुर, अमृत विचार:** क्षेत्र के गलहिता गांव में बुधवार सुबह एक युवक का शव घर के पास आम के पेड़ से लटका मिलने से परिजनों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मृतक की पहचान बृजलाल यादव (40) पुत्र रामकुमार यादव के रूप में हुई है, जो मंगलवार शाम से घर से लापता थे। परिजनों के अनुसार, पड़ोस में बारात होने के कारण उन्हें लगा कि बृजलाल वहीं गए होंगे, लेकिन देर रात तक घर न लौटने पर परिजन चिंतित हो उठे और उनकी तलाश शुरू कर दी। बुधवार तड़के ग्रामीणों ने घर के पास स्थित आम के पेड़ से शव लटका देखा, जिसके बाद घटना की जानकारी परिवार और पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंचते ही गांव में भीड़ जुट गई और माहौल गमगीन हो गया। मृतक अपने पीछे पत्नी प्रेम देवी और चार पुत्रों को छोड़ गए हैं। बड़ा पुत्र अभिषेक गुजरात में नौकरी करता है, जबकि अन्य तीन पुत्र पढ़ाई कर रहे हैं। उपनिरीक्षक अवधेश यादव ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### देहली चौकी को 13 दिन बाद भी नए प्रभारी का इंतजार

**विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार :** बल्दीराय थाना क्षेत्र की देहली बाजार पुलिस चौकी इन दिनों बिना प्रभारी के संचालित हो रही है, जिससे क्षेत्र की कानून-व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे हैं। चौकी इंचार्ज के निलंबन के बाद करीब 13 दिन बीत जाने के बावजूद अब तक नए प्रभारी की तैनाती नहीं हो सकी है। गौरतलब है कि लापरवाही के आरोप में तत्कालीन चौकी इंचार्ज को निलंबित कर दिया गया था। पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने के प्रयास जारी हैं, लेकिन देहली चौकी पर प्रभारी की नियुक्ति में हो रही देरी विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रही है।

## प्रतिभाशाली छात्र किए गए सम्मानित

संवाददाता, सुलतानपुर


मेधावी छात्रों को प्रधानाचार्य ने किया पुरस्कृत। ● अमृत विचार

● अभिभावक सम्मेलन में बच्चों के सर्वांगीण विकास पर दिया जोर

**अमृत विचार:** सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, ज्ञान कुंज विवेकानंद नगर में मंगलवार को अभिभावक परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 6 के विद्यार्थियों के अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ।

विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश मणि त्रिपाठी ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए माता-पिता का समय और सहयोग बेहद आवश्यक है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों, अनुशासन और राष्ट्रभावना पर विशेष ध्यान दिया जाता है। मुख्य अतिथि आलोक कुमार आर्य ने कहा कि बच्चों पर अपनी इच्छाएं थोपने के बजाय उन्हें उनकी रुचि के अनुसार आगे बढ़ने का अवसर देना चाहिए। वहीं अध्यक्षता कर रहे सुनील श्रीवास्तव ने अभिभावक और शिक्षक के बीच संवाद को छात्रों की प्रगति का महत्वपूर्ण आधार बताया। इस अवसर पर सरस्वती प्रतिभा खोज परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कक्षा 5 और 8 के 32 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन संजीव चतुर्वेदी ने किया।

## आग से बचाव के सिखाए गए उपाय

विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर


फायर सिलेंडर प्रयोग की जानकारी देते मुख्य आरक्षी प्रदीप कुमार गौतम।

● सीएचसी बल्दीराय में दिया गया फायर सेफ्टी प्रशिक्षण

**अमृत विचार:** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बल्दीराय में बुधवार को फायर ब्रिगेड विभाग द्वारा विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें स्वास्थ्य कर्मियों को आग लगने की स्थिति में बचाव और नियंत्रण के महत्वपूर्ण उपाय बताए गए।

प्रशिक्षण का संचालन मुख्य आरक्षी प्रदीप कुमार गौतम ने किया। उन्होंने बताया कि बिजली से लगी आग पर कभी पानी नहीं डालना चाहिए, बल्कि बालू या मिट्टी का उपयोग करना सुरक्षित रहता है, क्योंकि पानी से करंट लगने का खतरा बढ़ जाता है। सिलेंडर में आग लगने की स्थिति में उसे गिराने के बजाय सीधा खड़ा रखने और सावधानीपूर्वक आग बुझाने की सलाह दी गई। खेतों में आग लगने पर छोटे स्तर की आग को टहनियों से बुझाने तथा अधिक फैलने की स्थिति में खेत की जुताई कर रोकथाम करने के तरीके भी बताए गए। साथ ही किसी भी घटना पर तुरंत 112 या 101 नंबर पर सूचना देने की अपील की गई। कार्यक्रम में फायरमैन लालकृष्ण प्रताप सिंह और शत्रुघ्न प्रसाद सहित सीएचसी अधीक्षक डॉ. राजेश कुमार, डॉ. कमलेश दुबे, डॉ. एस.पी. सिंह, समेत समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

दिशा निर्देश — जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई शुल्क नियामक समिति की बैठक

## निजी स्कूलों की फीस को लेकर प्रशासन सख्त

संवाददाता, सुलतानपुर


शुल्क नियामक समिति की बैठक को संबोधित करते जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह।

**अमृत विचार:** जिले में स्ववित्तपोषित (निजी) विद्यालयों की फीस को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार जिला शुल्क नियामक समिति की बैठक डीएम की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें सभी संबंधित अधिकारियों और विद्यालय प्रबंधन से जुड़े लोगों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में उप्र स्ववित्तपोषित विद्यालय (शुल्क विनियमन) अधिनियम 2018 एवं संशोधन 2020 के प्रावधानों के तहत फीस निर्धारण, पारदर्शिता और मनमानी वसूली पर रोक को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि कोई भी विद्यालय नियमों के विरुद्ध फीस नहीं वसूल सकता और ऐसा पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। डीएम की अध्यक्षता में गठित समिति को विद्यालयों की फीस संरचना की निगरानी और अभिभावकों की शिकायतों के निस्तारण की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सभी स्कूलों को अपनी फीस का विवरण पारदर्शी तरीके से प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। डीएम ने चेतावनी दी है कि यदि मनमानी तरीके से फीस वृद्धि, वसूली, कॉपी किताब, यूनिफॉर्म आदि को लेकर जारी गाइडलाइन से अलग किया गया तो संबंधित विद्यालय पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि बैठक में दिए गए दिशा-निर्देशों का अनुपालन न करने पर संबंधित विद्यालयों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। इस पहल से अभिभावकों को राहत मिलने और शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता व जवाबदेही बढ़ने की उम्मीद है।

## संदिग्ध परिस्थिति में तमंचे से किशोर को लगी गोली, रेफर

**सुलतानपुर, अमृत विचार:** गांव में घूमते हुए अवैध तमंचे से किशोर को गोली लगने का मामला प्रकाश में आया है पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

थाना क्षेत्र के महराजगंज गांव से जुड़ा है जहां बुधवार को दोपहर में गांव निवासी मो अरमान (17) पुत्र निशार संदिग्ध परिस्थितियों में अवैध तमंचे से गोली लगने से घायल हो गया। जांघ में गोली लगने से घायल किशोर को लेकर परिजन स्थानीय सीएचसी पहुंचे। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल से चिकित्सक ने घायल किशोर को ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। घायल किशोर के परिजनो ने पुलिस को कोई तहरीर नहीं दी है। थानाध्यक्ष तरुण पटेल ने बताया कि पीड़ित पक्ष पूरे मामले को छुपाने के प्रयास में है, लेकिन जानकारी मिली है कि उनके साथ के ही किशोर रज्जाक पुत्र अंसार के अवैध तमंचे से गोली लगी है। पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। अगर तहरीर नहीं मिलती है तो पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जाएगी।सीओ सिटी सौरभ सामंत ने बताया कि मो रज्जाक की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमों का गठन किया गया है जल्द ही उसे गिरफ्तार किया जाएगा।


## अमृत विचार क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सूचनानार्थ मैं वैशाली (VAISHALI) पत्नी मनोज कुमार पता D-72 निराला नगर लखनऊ – 226020 है। मेरे आधार कार्ड में वैशाली (VAISHALI) अंकित है। जबकि मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में त्रुटिवश एस वैशाली (S VAISHALI) अंकित हो गया, जो कि गलत है। मेरा सही नाम वैशाली (VAISHALI) है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

**सूचना**

मैने अपना नाम AJARA से बदलकर AZRA रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **W/O-KHWAJA SHAFAAT HUSSAIN ADD-H. NO-165 MOHIYUDDINPUR TAJPUR HAJEEPUR MAROOI AKBARPUR DIST - AMBEDKAR NAGAR - 224122 (U.P.)**

**सूचना**

मैं **शिव बहादुर पाण्डेय पुत्र चन्द्रभान पाण्डेय, निवासी माधवपुर, तरबगंज, गोण्डा,** शपथपूर्वक कहता हूँ कि मेरी हाईस्कूल अनुक्रमांक 2329771 (2011) व इंटरमीडिएट अनुक्रमांक 1709658 (2013) और इंटरमीडिएट मैथमेटिक्स रो.नं. 4239195 की मार्कशीट कहीं खो गई है, जिनकी द्वितीय प्रति जारी किया जाना आवश्यक है।

**NOTICE**

I, Shiv Bahadur Pandey, son of Chandrabhan Pandey, resident of Madhavpur, Tarabganj, Gonda, state that my High School Roll No.2329771 (2011) and Intermediate Roll No.1709658 (2013) and intrmediate Mathematics 4239195 (2014) mark sheets have been lost somewhere; hence duplicate copies are required.

**सूचना**

मैने अपना नाम RIFAT SHAHIN AZIZ AHMAD SIDDIQUI से बदलकर RIFAT SHAHIN रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। W/0-AZIZ AHMAD SIDDIQUI ADD-R/4/66, SAHARA CITY HOMES, IIM ROAD PO-IIM MUBARAKPUR PS-MADIYAON DIST-LUCKNOW-226013(U.P.)

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि तहसील मितौली ब्लाक बेहजम की न्याय पंचायत नीमगांव की ग्राम पंचायत किशनपुर में प्रस्तावित बहुउद्देशीय मत्स्य जीवी सहकारी समिति के गठन हेतु द्वितीय बैठक दिनांक मई 08/05/2026 प्राथमिक विद्यालय माझा नगर में आयोजित की जा रही है इच्छुक व्यक्ति प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। **रेशमा पांडे ,ग्राम पंचायत किशनपुर ब्लॉक बेहजम, तहसील मितौली जिला लखीमपुर खीरी, मोबाइल नंबर 94506 87059**

**सूचना**

मैने अपना नाम सुप्रिया देवी से बदलकर सुप्रिया सिंह (SUPRIYA SINGH) रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। AMAN SINGH ADD-123, BABURAHI AMDAHI TARABGUNJ PO-AMDAHI, DIST-GONDA-271403(U.P.)

**सूचना**

पहले मेरा नाम MOHAMMAD CASS था अब मैंने बदलकर अपना नाम MO KAISH रख लिया है अब भविष्य में मुझे MO KAISH के नाम से जाना व पहचाना जाये । S/O- MOHAMMAD VAISH R/O- 28, VILL AND POST CHANDRAMAU BAIRAM AYODHYA-224001

**सूचना**

मैंने अपने बड़े पुत्र का नाम रुद्रांश त्रिपाठी के स्थान पर अभ्युदय त्रिपाठी कर लिया है। अत: मेरे लड़के को भविष्य में इसी नाम से जाना पहचाना जाए। **अभय कुमार तिवारी निवासी मो. चिकनी निकट झारखंडी रेलवे क्रॉसिंग जि. बलरामपुर**

**सूचना**

पहले मेरा नाम ZULFA BANO था अब मैंने बदलकर अपना नाम JULFA BANO रख लिया है अब भविष्य में मुझे JULFA BANO के नाम से जाना व पहचाना जाये। w/O-MOHAMMAD ZEESHAN R/O- 217/29,NIZAMI PRESS,IMAMBADA CHOWK, LUCKNOW

# सड़क हादसों में भाजपा कार्यकर्ता समेत सात की मौत

## जिले के विभिन्न इलाकों में हुईं दुर्घटनाएं, चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल, जिला अस्पताल में चल रहा है उपचार

**बेलगाम रफ्तार**

संवाददाता, गोंडा



विजय शुक्ल व शैलेश (फाइल फोटो)

**अमृत विचार :** जिले के अलग -अलग थाना क्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में भाजपा के जिला कार्य समिति सदस्य समेत सात लोगों की मौत हो गयी। जबकि चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से एक को लखनऊ के मेडिकल कालेज रेफर किया गया है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

खरगूपुर थाना क्षेत्र के पोखरा महेशपुर निवासी विजय कुमार शुक्ल (45) भाजपा के जिला कार्यसमिति के सदस्य थे। मंगलवार की शाम वह बाइक से बाजार जा रहे थे। वह भवनियापुर-महराजगंज मार्ग पर पहुंचे ही थे कि सामने से आ रहे बाइक सवारों ने उनकी बाइक में ठोकर मार दी। हादसे में विजय कुमार शुक्ल व दूसरी बाइक पर सवार मधवानगर निवासी रक्षाराम (35), निर्मोही (30) व इटहिया नवीजोत निवासी रिंकू (22) गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को सीएचसी खरगूपुर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने विजय कुमार शुक्ल को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल अधीक्षक डॉ. अजय यादव ने बताया कि अन्य तीन घायलों की हालत नाजुक होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है। थानाध्यक्ष गोविंद कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घटना की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी सुषमा, पुत्र धर्मेंद्र व राघवेंद्र तथा पिता शिवप्रसाद का रो-रोकर बुरा हाल है। विजय कुमार शुक्ल भाजपा खरगूपुर मंडल के महामंत्री रह चुके थे और वर्तमान में जिला कार्यसमिति सदस्य की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। बुधवार सुबह गांव में उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। हादसे की खबर मिलते ही मेहनौन विधायक विनय द्विवेदी व पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष सूर्य नारायण तिवारी विजय शुक्ल के घर पहुंचे और घटना पर दुख जताते हुए परिजनों को ढाढ़स बंधाया।

दूसरी घटना उमरी बंधे पर हुई जब बारात से लौट रहे युवकों की बाइक डंपर से भिड़ गई। बताया जा रहा है कि परसपुर के दुरौनी गांव निवासी शैलेश तिवारी (27) और भैरव प्रसाद तिवारी (32) उमरी थाना क्षेत्र के अमदही बाजार में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होकर देर रात वापस लौट रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक उमरी बंधे के पास पहुंची सड़क किनारे खड़े एक डंपर से उनकी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि शैलेश तिवारी ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया, जबकि भैरव प्रसाद तिवारी गंभीर रूप से घायल हो गए। एम्बुलेंस और पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद भैरव को लखनऊ के लिए रेफर किया गया है।

### पेड़ से टकरायी अनियंत्रित बाइक, दो दोस्तों की गयी जान



विवेक व विशाल (फाइल फोटो)

**गोंडा, अमृत विचार :** नगर कोतवाली थाना क्षेत्र के तिवारी मार्केट के समीप देर रात हुए सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। दोनों दोस्त बारात से लौट रहे थे और नशे की हालत में उनकी बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। सुभाष नगर, महराजगंज निवासी विवेक कनौजिया (22) व विशाल (25) मंगलवार रात बेलसर के माधवपुर में एक रिश्तेदार की बारात में गए थे। देर रात लौटते समय तिवारी मार्केट के पास उनकी बाइक सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। हादसे में दोनों के सिर में गंभीर चोटें आईं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज गोंडा भेजा गया, लेकिन रास्ते में ही दोनों ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। नगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दोनों युवक शराब के नशे में थे और बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। फिलहाल परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

**परिवार में मचा कोहराम :** विवेक अपने परिवार में सबसे छोटा था। उसकी शादी करीब डेढ़ वर्ष पहले हुई थी और वह तिरंगा मार्केट में चाय की दुकान चलाता था। उसके पिता का छह वर्ष पहले निधन हो चुका है। वहीं, विशाल भी अपने परिवार में सबसे छोटा था और बड़े भाई के साथ मिलकर बुटीक की दुकान चलाता था।

**समय से मिलती एंबुलेंस तो बच सकती थी जान :** विशाल के मामा अजय ने बताया कि हादसे के बाद डायल 112 और एंबुलेंस को सूचना दी गई थी लेकिन समय पर कोई सहायता नहीं पहुंची। उनका कहना है कि यदि समय से एंबुलेंस मिल जाती, तो दोनों की जान बच सकती थी।

### कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**इटियाथोक, गोंडा, अमृत विचार :** बुधवार दोपहर कंचनपुर ईंट भट्ठे के पास एक मोटर साइकिल सवार को सामने से आ रही कार ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल ले जाते समय मोटरसाइकिल चालक की रास्ते में ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। खरगूपुर थाना क्षेत्र के इटहिया नबीजोत का राकेश (32) मोटरसाइकिल से इटियाथोक जा रहा था। कंचनपुर ईंट भट्ठे पास वह कार की टक्कर से घायल हो गया था।

### बहन की शादी के एक दिन पूर्व हादसे में भाई की मौत



राम प्रताप सिंह (फाइल फोटो)

**गोंडा, अमृत विचार :** कोतवाली देहात क्षेत्र में मंगलवार देर रात हुए सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। जिस घर में बहन की शादी की तैयारियां चल रही थीं, वहां अचानक मातम छा गया। कोतवाली देहात क्षेत्र के खरगूपुर ग्राम पंचायत के मजरा अवरता निवासी राम प्रताप सिंह (20) पुत्र अमरनाथ सिंह मंगलवार रात बाइक से अपनी बहन की शादी का निमंत्रण पत्र बांटकर घर लौट रहे थे। बताया जाता है कि सात मई को उनकी बहन का विवाह होना है, जिसके चलते घर में उत्सव का माहौल था। इसी सिलसिले में राम प्रताप रिश्तेदारों को निमंत्रण देने गए थे। वापसी के दौरान नकहा गांव के पास चौराहे पर कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। राम प्रताप घायल होकर गिर पड़े। आसपास के लोगों ने तत्काल उन्हें जिला मुख्यालय स्थित एक निजी नर्सिंग होम पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया। परिजन उन्हें इलाज के लिए लखनऊ ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार मां की मौत, पुत्र गंभीर

**बेलसर, गोंडा, अमृत विचार :** बेलसर-गोंडा मार्ग पर बुधवार को सड़क हादसे में बाइक सवार महिला की मौत हो गई, जबकि उसका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका उपचार अस्पताल में चल रहा है। कौड़िया थाना क्षेत्र के रानी परसिया निवासी रेखा (45) अपने पुत्र करिया (22) के साथ बाइक से मायके अकोनी थाना उमरी बेगमगंज गई थीं। बुधवार को दोनों बाइक से घर लौट रहे थे। बेलसर-गोंडा मार्ग पर चांदपुर के समीप पहुंचते ही किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही मां-बेटा सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गए। हादसे के बाद राहगीरों की मदद से दोनों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेलसर पहुंचाया गया। यहां चिकित्सकों ने रेखा को मृत घोषित कर दिया, जबकि बेहोशी की हालत में पुत्र करिया का इलाज जारी है। सीएचसी अधीक्षक डॉ. सतपाल सोनकर ने बताया कि दुर्घटना के दौरान महिला के सिर में गंभीर चोट आई थी, जो उनकी मौत का मुख्य कारण बनी। मौके पर पहुंचे उप निरीक्षक राकेश कुमार पांडेय ने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अज्ञात वाहन की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। महिला की मौत की खबर मिलते ही घर में चीख-पुकार मच गई।

### बस से टकरायी कार, चालक की हालत नाजुक

**बेलसर, अमृत विचार :** तरबगंज-बेलसर मार्ग पर बुधवार को वैश्य पुरवा के पास स्कूल बस और कार की टक्कर हो गई। हादसे में कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सीएचसी पहुंचाया गया। अधीक्षक डॉ. सतपाल सोनकर ने बताया कि कार चालक केशरी प्रसाद (35) को मेडिकल कॉलेज गोंडा रेफर कर दिया गया है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत, दहेज हत्या का आरोप

**परसपुर, गोंडा, अमृत विचार:** थाना परसपुर क्षेत्र के तालेपुरवा गांव में मंगलवार को दोपहर बाद एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। मायके पक्ष ने ससुरालियों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है।

थाना कटरा बाजार क्षेत्र के ग्राम मुंशी पुरवा चौदहा निवासी बाबूलाल चौहान ने पुलिस को सूचना दी कि उनकी पुत्री पूनम चौहान (20), पत्नी हीरालाल चौहान, जिसकी शादी लगभग दो वर्ष पूर्व नगर पंचायत परसपुर के तालेपुरवा में हुई थी।

मंगलवार को उन्हें सूचना मिली कि उनकी बेटी की घर के अंदर संदिग्ध अवस्था में फांसी के फंदे से लटककर मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही थाना परसपुर पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए फील्ड यूनिट एवं मजिस्ट्रेट को भी बुलाया गया है। मृतका के पिता ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए उत्पीड़न एवं हत्या का आरोप लगाया है। थानाध्यक्ष कमल शंकर चतुर्वेदी ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा। घटना को लेकर गांव में तरह-तरह की चर्चाएं व्याप्त हैं।

## खेत की सफाई को लेकर विवाद

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** हटही गांव में खेत की सफाई को लेकर हुए विवाद में मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित पवन कुमार ने पुलिस में दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया कि बीती 1 मई की शाम करीब 5 बजे वह खेत की सफाई कर रहा था, तभी गांव के जितेंद्र, पप्पू और रामदीन ने उसे रोक दिया। विरोध पर आरोपियों ने ईंट-पत्थर से हमला कर दिया, जिससे पवन के सिर में गंभीर चोटें आईं। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। घायल को सीएचसी पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार हुआ। कोतवाल नरेंद्र प्रताप राय ने बताया कि विवेचना के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## मंदिर से अष्टधातु की मूर्तियां चोरी



पड़ताल करती पुलिस।



मंदिर में स्थापित मूर्तियों की फाइल फोटो।

**बालपुर, गोंडा, अमृत विचार:** ग्राम पंचायत सोनहरा के दक्षिणी पंडित पुरवा स्थित प्राचीन राम-जानकी मंदिर से मंगलवार की रात चोरों ने सैकड़ों साल पुरानी वेशकीमती अष्टधातु की मूर्तियां ताला तोड़कर चोरी कर लीं। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों और पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया।

बताया जाता है कि मंदिर की स्थापना सैकड़ों वर्ष पूर्व छेदीराम पंडित ने कराई थी। वर्तमान में उनके परिवार की तीसरी पीढ़ी के रामेश्वर प्रसाद यहां पुजारी के रूप में सेवा कर रहे हैं। पुजारी के अनुसार मंगलवार रात चोरों ने मंदिर का ताला तोड़कर राम, सीता और लक्ष्मण की अष्टधातु की मूर्तियां चोरी कर लीं। घटना का पता उस समय चला जब बुधवार की सुबह मंदिर में पूजा के लिए पहुंचे उनके नाती ने ताला टूटा देखा और चोरी की सूचना दी। मंदिर में प्रतिदिन सुबह-शाम आरती और पूजा-अर्चना होती रही है। यह मंदिर और मूर्तियां सैकड़ों वर्षों से आस्था का केंद्र रही हैं। हर पूर्णमासी के दिन मूर्तियों को विशेष रूप से बाहर निकाला जाता था। ग्रामीणों का कहना है कि इससे पहले भी चकसेनिया और हड़ियागाड़ा के मंदिरों में चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं, जिससे लोगों में आक्रोश व्याप्त है। सूचना मिलते ही एएसपी राधेश्याम राय, सीओ अभिषेक दावाच्या, कोतवाल नरेन्द्र प्रताप राय और चौकी प्रभारी विवेक मौर्य भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर जांच की। पुलिस ने वारदात के जल्द खुलासे का आश्वासन दिया है।

## 9 कानूनगो व 6 लेखपालों के कार्यक्षेत्र में बदलाव

**फेरबदल**

- एसडीएम सदर ने कर्मियों के बीच किया कार्य विभाजन
- लिपिकों के पटल में भी किया गया बदलाव

संवाददाता गोंडा

**अमृत विचार :** सदर तहसील का कार्यभार संभालने के बाद एसडीएम जितेंद्र गौतम ने मंगलवार की देर शाम तहसील कर्मचारियों के कार्यक्षेत्र में बड़े पैमाने पर बदलाव किया है। इस फेरबदल में तहसील के 9 राजस्व निरीक्षकों व 6 लेखपालों का क्षेत्र बदला गया है। इनमें से तीन राजस्व निरीक्षकों को क्षेत्र से हटाकर कार्यालय की जिम्मेदारी दी गई है।

राजस्व निरीक्षक अशोक शुक्ला को देवरिया अलावल के साथ जनगणना संबंधी कार्य सौंपा गया है। तिर्रेमनोरमा के राजस्व निरीक्षक रहे परशुराम को राजस्व निरीक्षक कार्यालय की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। कार्यालय राजस्व निरीक्षक रहे शेष नरायन जायसवाल को तिर्रे मनोरमा व पचरन क्षेत्र आवंटित किया गया है। खरगूपुर/कौडिया राजस्व निरीक्षक रहे देवी प्रसाद को भी वहां से हटाकर कार्यालय की जिम्मेदारी दी गई है।

राजस्व निरीक्षक कृष्णानंद यादव को धानेपुर के साथ मेहनौन की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गयी है। राम प्रकाश पांडेय खिरौरा मोहन के साथ कौड़िया का कार्य भी देखेंगे। राजस्व निरीक्षक निरंकार प्रसाद को भदुआ तरहर के साथ खरगूपुर भी आवंटित किया गया है। मेहनौन के राजस्व निरीक्षक रहे विक्रमाजीत को कार्यालय व कार्यालय से मो अकलीम को सालपुर क्षेत्र आवंटित किया गया है।

इसके अतिरिक्त उप जिलाधिकारी ने तहसील के कई कर्मियों के पटल भी बदल दिए हैं। एसडीएम रीडर न्यायालय से संबद्ध रहे राजस्व लिपिक अमरनाथ अब रीडर व फौजदारी अहलमद मनीष कुमार अपने पटल के अलावा राजस्व अहलमद का कार्य भी देखेंगे।

नायब नाजिर ज्ञानचंद्र को जन्म मृत्यु से संबंधित पटल का कार्य भी सौंपा गया है।

एनडब्लूवीएन सुरेंद्र कुमार को एमजे द्वितीय न्यायालय तहसीलदार न्यायिक की जिम्मेदारी दी गई है। प्रतिलिपिक आकांक्षा त्रिपाठी को ईडब्लूएस का कार्य भी सौंपा गया है। सर्वे अमीन बंदोबस्त वन विभाग विपुल सेट्ठी अब हाईकोर्ट की रिट से संबंधित कार्य देखेंगे।

संबद्ध लेखपाल रागिनी को आय जाति निवास प्रमाण पत्र से संबंधित कार्य आवंटित किया गया है। संग्रह अनुभाग में तैनात राजस्व अमीन रितेश कुमार मिश्र व उद्धौ प्रसाद द्विवेदी के बीच भी कार्य विभाजन किया गया है।

## घर में घुसकर मारपीट 13 लोगों पर मुकदमा

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** कुर्था में पुरानी रंजिश को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि छप्पर की मरम्मत कर रहे एक परिवार पर विपक्षी पक्ष के लोगों ने घर में घुसकर हमला कर दिया, जिसमें कई लोग घायल हो गए। पुलिस ने इस मामले में 13 नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पीड़ित श्रीराम द्वारा दी गई तहरीर के अनुसार, वह आंधी-तूफान में क्षतिग्रस्त हुए अपने छप्पर की मरम्मत कर रहे थे। इसी दौरान अयोध्या, शंकर, बाबूलाल, घनश्याम, बबलू, सुनील, सर्वादीन, राजेंद्र, कमलेश, राजेश उर्फ पप्पू, दिनेश उर्फ दयाराम और धनराजी समेत अन्य लोग लाठी-डंडों और धारदार हथियारों के साथ उनके घर पहुंच गए और हमला कर दिया। इस हमले में श्रीराम के सिर और पीठ पर गंभीर चोटें आईं। उनके पुत्र अर्जुन का हाथ टूट गया, जबकि हरिश्चंद्र के सिर में गहरी चोट लगी है। पीड़ित ने आरोप लगाया कि हमलावरों ने घटना का वीडियो बना रहे मोबाइल फोन छीनकर क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया। कोतवाल नरेंद्र प्रताप राय ने बताया कि मारपीट के इस मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## संध्या संवाद कार्यक्रम में आयुक्त करेंगी आमजन से सीधा संवाद

**गोंडा, अमृत विचार :** देवीपाटन मंडल की आयुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देशन में 8 मई को जनपद श्रावस्ती में संध्या संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान, विकास कार्यों की गुणवत्ता की जांच तथा शासन की योजनाओं को पात्र लोगों तक पहुंचाना है।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 10 बजे से जनसुनवाई के साथ होगी, जहां आयुक्त आम नागरिकों की समस्याएं सुनेंगी और संबंधित अधिकारियों को मौके पर समाधान के निर्देश देंगी। इसके बाद कर्मचारियों, पेंशनरों एवं वरिष्ठ नागरिकों की विभागीय और पेंशन संबंधी समस्याओं के निस्तारण के लिए विशेष बैठक आयोजित की जाएगी। दोपहर में आयुक्त विभिन्न निर्माणाधीन एवं पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण करेंगी। इस दौरान निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, प्रगति तथा अभिलेखों का सत्यापन किया जाएगा। शाम के समय चयनित ग्राम पंचायत में संध्या संवाद कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी जाएंगी। साथ ही गांव में विशेष शिविर लगाकर पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। आयुक्त ने कहा कि शासन की मंशा है कि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और जनता को समस्याओं के समाधान के लिए भटकना न पड़े। इसी उद्देश्य से प्रशासन गांव स्तर तक पहुंचकर संवाद और समाधान की प्रक्रिया को मजबूत कर रहा है।

**राम कथा**

**कटरा बाजार क्षेत्र के पैड़ीबरा स्थित सम्मय माता मंदिर में किया जा रहा आयोजन**

## रामकथा सांस्कृतिक चेतना सुदृढ़ करने का माध्यम

कटरा बाजार, गोंडा



राम कथा में पूजन करते ब्लाक प्रमुख भवानी भीख शुक्ल व राजन जी महाराज।

**अमृत विचार :** कटरा बाजार क्षेत्र के पैड़ीबरा गांव स्थित सम्मय माता मंदिर में आयोजित श्रीराम कथा के तृतीय दिवस पर अमृतमयी रामकथा के प्रवाह से श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कथा वाचक राजन जी महाराज ने अपने प्रवचनों से उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कथा के दौरान राजन जी महाराज ने कहा कि श्रीराम कथा केवल धार्मिक आस्था का केंद्र ही नहीं, बल्कि समाज में नैतिक मूल्यों और सांस्कृतिक चेतना को सुदृढ़ करने का माध्यम भी है। उन्होंने श्रीरामचरितमानस के आधार पर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के दिव्य अवतरण का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम का प्राकट्य मात्र एक पौराणिक घटना नहीं, बल्कि धर्म, सत्य, मर्यादा और करुणा जैसे जीवन मूल्यों की स्थापना का दिव्य संदेश है। भगवान विष्णु के सातवें अवतार के रूप में श्रीराम का जन्म अधर्म के नाश और धर्म की स्थापना के लिए हुआ। अयोध्या नगरी में राजा दशरथ के महल में प्रभु श्रीराम के जन्म प्रसंग का वर्णन होते ही पूरा पंडाल "जय श्रीराम" के जयघोष से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन कर इस पावन क्षण को उत्सव के रूप में मनाया। कथा वाचक ने कहा कि प्रभु श्रीराम का जीवन हमें आदर्श पुत्र, आदर्श राजा, आदर्श मित्र और आदर्श पति बनने की प्रेरणा देता है। उनके चरित्र में त्याग, संयम, सहनशीलता और न्यायप्रियता का अद्भुत समन्वय देखने को मिलता है। कथा में क्षेत्र सहित अन्य जनपदों से आए हजारों श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर कथा का रसपान किया।

इस अवसर पर कथा के मुख्य यजमान प्रतापगढ़ के समाजसेवी आनंद पाण्डेय, भवानी भीख शुक्ल, डॉ. ओ.एन. पाण्डेय, डॉ. अलका पांडेय, विनोद शुक्ल, मनोज शुक्ल, राजेश कुमार दूबे समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### हर हाल में अपराधों पर लगाएं अंकुश : एसपी



पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक करते एसपी विनीत जायसवाल।

**गोंडा, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने रिजर्व पुलिस लाइन सभागार में बुधवार को जनपद के सभी राजपत्रित पुलिस अधिकारियों, प्रभारी निरीक्षकों और थानाध्यक्षों के साथ सैनिक सम्मेलन एवं अपराध समीक्षा गोष्ठी कर कानून-व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करते हुए शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। गोष्ठी की शुरुआत में पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों और कर्मचारियों की विभागीय, प्रशासनिक व व्यक्तिगत समस्याओं की जानकारी ली तथा उनके त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके बाद अपराध समीक्षा के दौरान अनकाउंटेड केस, महिला अपहरण से जुड़े लंबित मुकदमे, लंबित विवेचनाएं तथा सीसीटीएनएस में 60 से 90 दिनों से लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण पर जोर दिया गया। एसपी ने हत्या, लूट, डकैती, नकबजनी, चोरी, वाहन चोरी, महिला अपराध और एससी/एसटी अधिनियम से जुड़े मामलों की तुलनात्मक समीक्षा करते हुए अभियुक्तों की जल्द गिरफ्तारी, घटनाओं के शीघ्र अनावरण, बरामदगी और समय से चार्जशीट प्रेषित करने के निर्देश दिए। पॉक्सो और एससी/एसटी अधिनियम के मामलों में संवेदनशीलता और विधिक प्रावधानों के अक्षरशः पालन पर विशेष बल दिया गया। मिशन शक्ति 5.0 के तहत महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, साइबर फ्रॉड मामलों में त्वरित कार्रवाई तथा मिसिंग पर्सन मामलों की तत्काल ट्रेसिंग पर जोर दिया गया। एसपी ने बताया कि एक जनवरी 2026 से अब तक गैंगस्टर एक्ट के तहत 32 अभियुक्तों पर आठ मुकदमे दर्ज किए गए हैं। 12 नए अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली गई है, जबकि चार प्रकरणों में 60.27 लाख रुपये की संपत्ति जब्त की गई। इसके अलावा 60 अभियुक्तों पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई तथा ऑपरेशन दहन के तहत 71.05 किलोग्राम मादक पदार्थ नष्ट किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी व थाना अध्यक्ष मौजूद है।

### पुलिसकर्मियों ने ली शपथ, जल संरक्षण का दिया संदेश



जल संरक्षण की शपथ लेते पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** थाना परिसर में बुधवार को जल संरक्षण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने पुलिसकर्मियों को जल बचाने की शपथ दिलाई और इसके महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। थानाध्यक्ष ने पुलिसकर्मियों से अपील करते हुए कहा कि वे स्वयं भी जल का दुरुपयोग न करें और आमजन को भी इसके प्रति जागरूक करें। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे प्रयासों से भी जल संरक्षण में बड़ी सफलता हासिल की जा सकती है। इस दौरान सभी पुलिसकर्मियों ने एक स्वर में जल संरक्षण का संकल्प लिया। शपथ दिलाते हुए थानाध्यक्ष ने कहा कि हम सभी यह संकल्प लेते हैं कि जल का सदुपयोग करेंगे, अनावश्यक जल व्यर्थ नहीं बहाएंगे, वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देंगे तथा लोगों को इसके प्रति जागरूक करेंगे। साथ ही अपने दैनिक जीवन में जल बचाने के हर संभव प्रयास करेंगे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे।

### महिला आयोग की सदस्य आज करेंगी जनसुनवाई

**गोंडा, अमृत विचार :** राज्य महिला आयोग की सदस्य एकता सिंह 07 मई को सर्किट हाउस में अपरान्ह 11 बजे से महिला सम्बन्धी शिकायतों की जनसुनवाई करेंगी। उसके बाद महिला सम्बन्धी अपराधों व योजनाओं के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ बैठक करेंगी। यह जानकारी देते हुए जिला प्रोबेशन अधिकारी संतोष कुमार सोनी ने अपील किया है कि पीड़ित महिलाएं निर्धारित दिवस पर सर्किट हाउस उपस्थित होकर अपनी समस्याओं से सम्बन्धित शिकायत प्रस्तुत कर सकती हैं।

### मंडलीय कारागार में लगा स्वास्थ्य शिविर



बंदियों की जांच करते स्वास्थ्य टीम के सदस्य। ● अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। हमें अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना चाहिए। अपने आसपास सफाई रखनी चाहिए। शरीर में किसी भी प्रकार की समस्या हो तो उसे नजरंदाज नहीं करना चाहिए। उक्त बातें मंडलीय कारागार गोंडा में हेल्थ चेकअप कैंप के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अंकिता सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि जब शरीर स्वस्थ होगा तभी दिमाग भी स्वस्थ रहेगा। गोनार्द हास्पिटल के तत्वावधान में आयोजित हुए हेल्थ कैंप में डॉ राजश्री सिंह के नेतृत्व में 100 से ज्यादा बंदियों का ब्लड प्रेशर, शुगर व पल्स चेक करने के साथ ही दांत के मरीज बंदियों की भी जांच की गई। महिला बैरक में महिलाओं की जांच की गई। स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देने के साथ ही आवश्यक दवाओं का वितरण भी किया गया। हेल्थ चेकअप कैंप में डॉ वीके सिंह, डॉ सुहेल, डॉ ज्योति सहित अन्य डाक्टरों की टीम ने बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस दौरान जेल अधीक्षक मृत्युंजय कुमार पांडे व जेलर आफताब अंसारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### मारपीट मामले में कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** मारपीट के एक मामले में पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की है। मंगल पुरवा परसा गोंडरी निवासी कमलेश देवी ने आरोप लगाया कि 27 नवंबर को उनके भांजे हर्षित तिवारी पर गांव के कुछ लोगों ने लाठी-डंडों और चाकू से हमला कर दिया। घटना के समय उनका बेटा रमन शुक्ल और भांजा खेत पर मेंढ़ बांधने गए थे। आरोप है कि विजय कुमार शुक्ल, अभय शुक्ल, राकेश शुक्ल उर्फ मुन्ना, राजमणि शुक्ल व एक अज्ञात व्यक्ति ने गाली-गलौज करते हुए हमला किया। हमले में हर्षित तिवारी के सिर और हाथ में गंभीर चोटें आईं और वह बेहोश हो गया। उसे जिला अस्पताल से लखनऊ रेफर किया गया, जहां केजीएमयू में उसका इलाज चल रहा है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि पुलिस ने पहले उनकी शिकायत पर कार्रवाई नहीं की। कोतवाल नरेंद्र प्रताप राय ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### युवती को बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में एक 20 वर्षीय युवती के लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों ने दूसरे धर्म के एक युवक पर बहला-फुसलाकर शादी की नीयत से भगाने का आरोप लगाया है। पीड़ित के अनुसार, 1 मई की सुबह करीब 4 बजे मो. रहीश नामक युवक युवती को अपने साथ ले गया। परिजनों का कहना है कि घटना से पहले युवती को फोन पर बातचीत करते हुए भी पकड़ा गया था। काफी तलाश के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं मिल सका है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। कोतवाल नरेंद्र प्रताप राय ने बताया कि युवती की तलाश और आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

# संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी की मौत

## परिजनों ने प्रेम प्रसंग में धोखे का आरोप लगाया, मामले की जांच में जुटी पुलिस

गुत्थी उलझी

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार :** रेहरा बाजार थाना क्षेत्र के एक गांव में 15 वर्षीय किशोरी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। परिजनों ने गांव के ही एक युवक पर शादी का झांसा देकर संबंध बनाने और बाद में मुकर जाने का आरोप लगाया है। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।

मृतका की मां के मुताबिक, किशोरी और युवक के बीच करीब तीन साल से मोबाइल पर संपर्क था। व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम और वीडियो कॉल के जरिए दोनों की बातचीत होती थी। आरोप है कि नवंबर 2025 में युवक के गांव आने पर दोनों की मुलाकात हुई। परिजनों का कहना है कि युवक ने शादी का भरोसा दिया, लेकिन बाद में वह काम के सिलसिले में बाहर चला गया।

जनवरी 2026 में मामला सामने आने पर पुलिस चौकी में दोनों पक्षों के बीच समझौता हुआ था। युवक के परिवार ने 20 दिन में लौटकर शादी पर फैसला लेने की बात कही थी। परिजनों का आरोप है कि युवक तय समय पर नहीं लौटा, जिससे किशोरी मानसिक तनाव में रहने लगी।

22 मार्च को किशोरी कुछ समय के लिए घर से चली गई थी। लौटने पर उसने बहन को आपबीती बताई। उसी शाम उसने आत्मघाती कदम उठाने का प्रयास किया, लेकिन परिजनों ने बचा लिया। परिजनों का आरोप है कि इसके बाद वह युवक के घर भी गई, जहां उसके साथ दुर्व्यवहार किया गया। परिजनों ने बताया कि 24 मार्च को युवक द्वारा मोबाइल नंबर ब्लॉक कर दिए जाने के बाद किशोरी बेहद आहत थी। इसके बाद घर में उसकी मौत हो गई। मृतका के मोबाइल में चैटिंग, ऑडियो रिकॉर्डिंग और फोटो होने का दावा किया गया है।

प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश सिंह ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर जांच शुरू कर दी गई है। मोबाइल डेटा और अन्य साक्ष्यों की जांच की जा रही है। जांच के बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने कहा है कि मामले के सभी पहलुओं को गंभीरता से देखा जा रहा है।

### संदिग्ध हालात में फंदे से लटका मिला अधेड़ का शव

**पचपेड़वा, बलरामपुर, अमृत विचार :** थाना पचपेड़वा क्षेत्र के ग्राम पंचायत मदरहवा के मजरे बसंतपुर निवासी 52 वर्षीय राजकरन का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना मंगलवार रात्रि की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार राजकरन पिछले करीब दो वर्षों से विशुनपुर टंटनवा चौराहे के पास स्थित एक किराए के मकान में रह रहे थे। बुधवार सुबह परिजनों को सूचना मिली कि उन्होंने फांसी लगा ली है। मौके पर पहुंचने पर देखा गया कि उनका शव साड़ी के सहारे कुंडे से लटका हुआ था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। मृतक के बेटे रोहित गौतम ने थाना पचपेड़वा में तहरीर देकर घटना की जानकारी दी है। प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश चौहान ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं मृतक के एक अन्य बेटे विशाल ने आरोप लगाया कि उसके पिता के सिर पर चोट के निशान भी हैं, जिससे घटना को लेकर संदेह और गहरा गया है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है।

# डीएम ने कटान रोधी कार्यों का किया निरीक्षण



कटानरोधी कार्यों का निरीक्षण करते डीएम व अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** तहसील सदर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बेलहा में संचालित कटानरोधी कार्यों का जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता तथा तकनीकी व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया।

डीएम ने संबंधित बाढ़ खंड अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं, ताकि आगामी वर्षा ऋतु में संभावित कटान और क्षति से प्रभावी सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने चेतावनी दी कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीएम ने मौके पर मौजूद अधिकारियों से वर्तमान प्रगति की जानकारी ली। साथ ही निर्देशित किया कि कार्यों की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए और आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त संसाधन उपलब्ध कराकर कार्यों में तेजी लाई जाए।

### गन्ना सर्वेक्षण में पारदर्शिता पर जोर, किसानों की मौजूदगी में किया गया सत्यापन



सर्वे के दौरान गन्ने के खेत में मौजूद किसान व अधिकारी। ● अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** पेराई सत्र 2026-27 के लिए चल रहे गन्ना सर्वेक्षण अभियान के तहत विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत गजह्वा (मजरा भरहा रतोहा) और सुदर्शनजोत (मजरा नारायणपुर दयालीडीह) में किसानों की उपस्थिति में सर्वेक्षण एवं सत्यापन कार्य कराया गया। इस दौरान पेड़ी गन्ना किसान श्रीमती अनिता के खेत का सत्यापन अधिकारियों और किसानों की मौजूदगी में किया गया। मौके पर आयोजित बैठक में किसानों को गन्ना सर्वेक्षण की पूरी प्रक्रिया समझाई गई और अपील की गई कि वे अपनी उपस्थिति में ही सर्वे कार्य कराएं, ताकि पारदर्शिता और शुद्धता सुनिश्चित हो सके। किसानों को फसल उत्पादन बढ़ाने के लिए तकनीकी जानकारी भी दी गई। उन्हें बताया गया कि पेड़ी और पौधा गन्ना में उचित नमी के समय यूरिया की टॉप ड्रेसिंग करने से कल्लों का फुटाव बेहतर होता है और फसल का विकास अच्छा होता है। कार्यक्रम में राजेश कुमार चौधरी समेत गन्ना विभाग के अधिकारी, सर्वे कर्मी और क्षेत्रीय किसान मौजूद रहे।

### हादसे में घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत

**तरबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** स्थानीय थाना क्षेत्र के डिडिसिया कला निवासी जगदीश तिवारी सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे जिनकी इलाज के दौरान मौत हो गई है। मृतक के पुत्र मनोज कुमार तिवारी ने बताया कि उनके पिता जगदीश तिवारी बीते 25 अप्रैल की शाम 7 .30 बजे घर से सड़क किनारे टहलने जा रहे थे। आजाद नगर के पास पहुंचे थे कि तेज रफ्तार से आ रही मोटरसाइकिल यूपी 43आर 1113 ने टक्कर मार दी जिससे सड़क पर गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गए। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई है जिनका पोस्टमार्टम कोतवाली नगर की पुलिस ने करवाया है। कार्यवाही के लिए तहरीर दी है। कोतवाल श्रीधर पाठक ने बताया कि मृतक के पुत्र की तहरीर पर मोटरसाइकिल सवार के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है जांच की जा रही है।

### इटियाथोक में झुका बीएसएनएल टावर हटाया गया

**इटियाथोक, गोंडा, अमृत विचार :** गोंडा-बलरामपुर मार्ग पर इटियाथोक कस्बे में एक दुकान के पास लगा बीएसएनएल टावर तेज आंधी में टूटकर सड़क की ओर झुक गया था। गिरने के डर से लोगों में दहशत थी। स्थानीय लोगो की शिकायत पर बीएसएनएल टीम मौके पर पहुंची। क्रेन की मदद से घंटों मशक्कत के बाद टावर को हटाकर दूसरी जगह शिफ्ट किया गया। टावर हटने से दुकानदारों और लोगों ने राहत की सांस ली। काम के दौरान बिजली आपूर्ति कुछ देर बाधित रही, पर यातायात चालू रहा। आपको बता दे तेज आंधी तूफान के प्रभाव से बीएसएनएल का टावर झुक गया था गनीमत रही है कि किसी दिशा मे गिरा नही नही तो जन धनहानि हो सकती थी बीच बाजार मे लगा टावर आम लोगो सहित आसपास के रहने वालो के लिए काफी खतरा था।

### शिविर में 19 दिव्यांगजनों का हुआ पंजीकरण

**मनकापुर, गोंडा, अमृत विचार :** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की एडिप योजना के तहत विकास खंड मनकापुर परिसर में दिव्यांगजन पंजीकरण एवं सहायक उपकरण वितरण के लिए शिविर आयोजित किया गया। शिविर का संचालन एलिम्को के सहयोग से हुआ। शिविर में 19 दिव्यांगजनों का पंजीकरण कर आवश्यकतानुसार उपकरण उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू की गई। लाभार्थियों को बैटरी चालित ट्राईसाइकिल, वॉकर, बैसाखी, रोलाटर व अन्य उपकरण दिए जाने की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि योजना का उद्देश्य दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाना है। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख जगदेव चौधरी, बीडीओ गौरीशा श्रीवास्तव समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### ग्रामीण बैंक ने आयोजित की गोष्ठी

रुपईडीह, गोंडा। उ प्र ग्रामीण बैंक की शाखा आर्य नगर के खाता धारकों की गोष्ठी शाखा परिसर में आयोजित की गई। इस गोष्ठी में शाखा प्रबंधक अंबुज मणि त्रिपाठी ने सभी खाताधारकों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी हासिल करते हुए उन समस्याओं का निराकरण कराये जाने का आश्वासन दिया। सहायक प्रबंधक राजीव कुमार, वारिस कुमार सोनी, आराधना, कृष्ण चंद्र पांडेय, साहब राम, बाबूलाल आदि लोग उपस्थित रहे।

### विद्यालयों के पास अवैध मांस बिक्री से बढ़ी परेशानी

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय करनैलगंज व पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय बालकराम पुरवा के गेट के समीप अवैध रूप से मांस बिक्री किए जाने का मामला सामने आया है। दोनों विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों ने एसडीएम नेहा मिश्रा को शिकायती पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के अनुसार, बालकराम पुरवा स्थित विद्यालय के पास कुछ लोग बिना किसी वैध लाइसेंस या अनुमति के मुर्गों का खुलेआम मांस बेच रहे हैं। विद्यालय प्रशासन का कहना है कि इस स्थिति का बच्चों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। गंदगी के कारण संक्रामक रोग फैलने की आशंका भी बनी रहती है। इसके अलावा विद्यालय आने-जाने वाले छात्र-छात्राओं व राहगीरों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शिकायत में यह भी बताया गया कि कौवे मांस के टुकड़े उठाकर विद्यालय परिसर में गिरा देते हैं, जिससे शिक्षकों और विद्यार्थियों को और अधिक असुविधा हो रही है। पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय बालकराम पुरवा के प्रधानाचार्य महेंद्र प्रताप सिंह और कम्पोजिट विद्यालय करनैलगंज के प्रधानाध्यापक चितरंजन त्रिपाठी ने मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई करने तथा विद्यालय के पास चल रही अवैध मांस बिक्री को तत्काल बंद कराने की मांग की है। इस पर उपजिलाधिकारी नेहा मिश्रा ने कहा कि मामले की जांच कराई जाएगी और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अवैध मांस की दुकानों को बंद कराया जाएगा, ताकि बच्चों को स्वच्छ और सुरक्षित शैक्षिक वातावरण मिल सके।

# कर्मचारी को मृत दिखाकर वेतन रोका, उगाही के आरोप

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार :** लोक निर्माण विभाग के प्रांतीय खंड में भ्रष्टाचार और उत्पीड़न का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोप है कि विभागीय कर्मचारियों के अभिलेखों में हेरफेर कर उन्हें "मृत" तक दर्शाया जा रहा है और फिर रिकॉर्ड सुधार के नाम पर अवैध वसूली की जा रही है।

ताजा मामला मेट अनुरुद्ध प्रताप तिवारी से जुड़ा है, जो तीन माह बाद सेवानिवृत्त होने वाले हैं। विभागीय रिकॉर्ड में उन्हें मृत दर्शा दिया गया, जिससे उनका वेतन रोक दिया गया। जानकारी मिलने पर वे हैरान रह गए और मामले का विरोध किया।

आरोपों के घेरे में डीडीओ सहायक मोहम्मद शफीक समेत कुछ कर्मचारी हैं। बताया जा रहा है कि "मानव संपदा पोर्टल" पर जान-बूझकर त्रुटियां डालकर उन्हें ठीक करने के नाम पर उगाही की जाती है। कई कर्मचारियों ने इसकी शिकायत भी की, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई।



पीड़ित अनुरुद्ध तिवारी।

● लोक निर्माण विभाग में 'कागज़ों पर मौत' का खेल!

मामले की गंभीरता को देखते हुए अधिशासी अभियंता कुमार शैलेंद्र ने जांच के आदेश देते हुए कमेटी गठित कर दी है। उन्होंने कहा कि दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# गैर-इरादतन हत्या के 4 दोषियों को 3-3 साल की सजा

**बलरामपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पुलिस के ऑपरेशन कनविक्शन अभियान के तहत प्रभावी पैरवी के चलते गैर-इरादतन हत्या के एक मामले में चार अभियुक्तों को सजा दिलाई गई है। जिला एवं सत्र न्यायालय, बलरामपुर ने सभी दोषियों को 3-3 वर्ष के कारावास तथा 2,000-2,000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। मामला थाना कोतवाली जरवा क्षेत्र का है, जहां 29 अगस्त 2016 को वादी पारस नाथ यादव ने तहरीर देकर बताया था कि जमीनी विवाद में उसके भाई के साथ मारपीट की गई। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना की और आरोप-पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया था। न्यायालय में अभियोजन पक्ष की ओर से एएसपी विशाल पाण्डेय के नेतृत्व में जिला शासकीय अधिवक्ता कुलदीप सिंह एवं मॉनीटरिंग सेल प्रभारी बृजानन्द सिंह ने मजबूत साक्ष्य व गवाह प्रस्तुत किए।

# 48 घंटे बाद भी सैकड़ों गांव अंधेरे में

आंधी-बारिश का कहर

गैंड़ासबुजुर्ग, बलरामपुर

**अमृत विचार :** तेज आंधी और मूसलाधार बारिश के बाद जिले की बिजली व्यवस्था पटरी पर नहीं लौट सकी है। शहरी क्षेत्र में करीब 30 घंटे बाद आपूर्ति बहाल हो गई, लेकिन ग्रामीण इलाकों में 48 घंटे बाद भी सैकड़ों गांव अंधेरे में हैं।


चमरूपुर, श्रीदत्तगंज, महुआ और गजपुर ग्रिड फीडरों से जुड़े नयानगर, पकड़ी बाजार, फकीरापुर, बेथुइया, जाफराबाद समेत कई गांवों में सप्लाई पूरी तरह ठप है।

बिजली न होने से पेयजल संकट गहरा गया है, मोटर पंप बंद हैं और भीषण गर्मी में लोग परेशान हैं। छोटे व्यापारियों और किसानों को भी बिजली के अभाव में नुकसान उठाना पड़ रहा है।

इस संबंध में उपखंड अधिकारी अरविन्द कुमार गौतम ने बताया कि आंधी में 101 पोल गिर गए, जिनमें 89 ग्रामीण व 12 शहरी क्षेत्र के हैं, जबकि 8 ट्रांसफार्मर भी जल गए। वहीं गजेन्द्र पाल सिंह ने कहा कि मरम्मत कार्य जारी है और 7-8 मई तक आपूर्ति बहाल करने का प्रयास किया जा रहा है।

### आंधी के बाद अंधेरे में डूबा कोइलाबास फीडर एक लाख की आबादी बिजली के लिए बेहाल

**जरवा, बलरामपुर, अमृत विचार :** उपखंड तुलसीपुर के कोइलाबास फीडर से जुड़े दर्जनों गांवों में सोमवार सुबह आए तूफान के बाद से बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप है। चौहत्तर कला, बघेलखंड, पिपरा दुर्गानगर, नगई, प्रतापपुर, पिपरी, लौकी खुर्द, भगवानपुर समेत सैकड़ों गांवों की करीब एक लाख आबादी पिछले कई घंटों से अंधेरे में जीवन यापन करने को मजबूर है। बिजली गुल होने से मोबाइल फोन ठप हो गए हैं और ई-रिक्शा भी नहीं चल पा रहे, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। ग्रामीणों अनूप, राहुल, अमजद, गुफरान व अन्य का कहना है कि यह फीडर करीब 60 किमी लंबा और जर्जर हालत में जंगल से होकर गुजरता है, जिसके चलते आए दिन आपूर्ति बाधित रहती है। पुरैना और मेहंदिया गांव में पोल और तार गिरने की सूचना के बावजूद मरम्मत नहीं हो सकी है। दिहाड़ी मजदूरों का कामकाज ठप हो गया है, वहीं स्कूलों में पढ़ाई प्रभावित है और छात्र गर्मी में परेशान हैं। अधिवक्ताओं व आम लोगों का संपर्क भी मोबाइल बंद होने से टूट गया है। ग्रामीणों ने लंबे समय से लंबित उपखंड निर्माण कार्य में तेजी लाने और जल्द बिजली बहाल कराने की मांग की है। इस संबंध में जेई दयाराम ने बताया कि बिजलीकर्मी फॉल्ट ढूंढकर सुधार कार्य में जुटे हैं, क्षेत्र बड़ा होने और संसाधन सीमित होने के कारण बहाली में समय लग रहा है।



क्षतिग्रस्त विद्युत पोल।

# गिरने की कगार पर जर्जर पुल

● बरसात से पहले निर्माण न हुआ तो कट जाएगा दर्जनों गांवों का संपर्क

● दो पहिया व चार पहिया वाहनों का आवागमन पूरी तरह है बाधित

पचपेड़वा, बलरामपुर

**अमृत विचार :** विकासखंड पचपेड़वा के जीतपुर गांव के बाहर सोनही नाला पर बना पुल जर्जर होकर गिरने की कगार पर पहुंच गया है। भय के कारण राहगीरों ने पुल से आवागमन लगभग बंद कर दिया है। यह पुल विशुनपुर कोडर, रेहरा चौकी, परसरामपुर, मड़नी, सड़नी, गोड़नी, बड़का भुकुरूवा, पिपरा, बेलभारिया, कंचनपुर बेलभारिया और छोटका भुकुरूवा समेत थारू जनजाति क्षेत्र के दर्जनों गांवों को जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग है।

ग्रामीणों के अनुसार पुल पिछले करीब तीन वर्षों से खराब स्थिति में लटका हुआ है, जिससे दोपहिया और चारपहिया वाहनों का आवागमन पूरी तरह बाधित है। लोगों को अब त्रिलोकपुर होकर करीब 15 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय कर पचपेड़वा पहुंचना पड़ता है।

क्षेत्रवासियों ने बताया कि बरसात कि मौसम में नालों में उफान आने पर स्थिति और गंभीर हो जाएगी। इसके साथ ही गंभीर मरीजों को अस्पताल ले जाने तक में दिक्कत होगी।

जिला पंचायत सदस्य इरशाद आलम डब्बू खान ने बताया कि कई बार अधिकारियों को पत्र भेजा गया, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से शीघ्र पुल निर्माण की मांग की है।



थारू जनजाति क्षेत्र के प्रमुख मार्ग पर क्षतिग्रस्त पुल। ● अमृत विचार

**03** वर्ष से क्षतिग्रस्त है सोनही नाला पर बना पुल

# हमले के चार दोषियों को 7-7 साल की सजा

**बलरामपुर, अमृत विचार :** पुलिस विभाग द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन कनविक्शन अभियान के तहत एक आपराधिक मामले में चार अभियुक्तों को सजा दिलाने में सफलता मिली है। न्यायालय सीजेएम, बलरामपुर ने घर में घुसकर हमला करने और गंभीर चोट पहुंचाने के मामले में चारों आरोपियों को दोषी करार देते हुए प्रत्येक को 7-7 वर्ष का कठोर कारावास एवं 21,000-21,000 अर्थदंड की सजा सुनाई है। मामला वर्ष 2012 का है, जब थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के गंगापुर वीरपुर निवासी मुइनुद्दीन ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि इस्माइल अली, इसराइल अली, इरशाद अली और नौशाद अली ने उसके घर में घुसकर मारपीट की और गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना पूरी करते हुए आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया।

# आज से शुरू होगा स्वगणना अभियान

जनगणना-2027

**बलरामपुर,अमृत विचार :** जनगणना-2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकान गणना कार्य को सफलतापूर्वक पूरा करने के उद्देश्य से जनपद बलरामपुर में 07 मई से 21 मई 2026 तक "स्व-गणना अभियान" संचालित किया जाएगा। इस दौरान आमजन ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से स्वयं एवं अपने परिवार की जानकारी दर्ज कर सकेंगे।

जिलाधिकारी एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी विपिन कुमार जैन ने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि देश में पहली बार स्व-गणना जैसी डिजिटल व्यवस्था लागू की जा रही है, जिससे प्रक्रिया अधिक सरल, पारदर्शी और सहभागी बनेगी। उन्होंने सभी विभागों, संस्थाओं और सामाजिक संगठनों को अभियान में सक्रिय सहयोग देने के निर्देश दिए हैं।

### दिनवार विशेष अभियान

07 मई से 20 मई तक विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। **07 मई :** कलेक्ट्रेट, तहसील व प्रशासनिक कार्यालयों में कार्यक्रम। **08 मई :** ग्राम पंचायतों व ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता। **09 मई :** युवा, एनएसएस, एनसीसी व सोशल मीडिया के जरिए प्रचार। **10 मई :** प्रबुद्ध नागरिक व स्वयंसेवी संस्थाओं की भागीदारी। **11 मई :** न्यायालय परिसर व बार एसोसिएशन में कार्यक्रम। **12 मई :** पुलिस व सुरक्षा बलों द्वारा अभियान। **13 मई :** बैंक, डाकघर, रेलवे व वित्तीय संस्थानों में जागरूकता। **14 मई :** स्कूल, कॉलेज व विश्वविद्यालयों में शिक्षा दिवस। **15 मई :** अस्पताल, पीएचसी, सीएचसी में स्वास्थ्य विभाग की पहल। **16 मई :** बाजार, व्यापारिक प्रतिष्ठान व परिवहन क्षेत्र में गतिविधियां। **17 मई :** महिला समूह, आंगनबाड़ी व समूहों के माध्यम से प्रचार। **18 मई :** सीएससी व पंचायत भवनों पर डिजिटल सहायता केंद्र। **19 मई :** ऑनलाइन प्रचार। **20 मई :** विभिन्न सामाजिक समूहों के साथ समावेशी कार्यक्रम।

# 15 कर्मी नदारद, सीएमओ ने दिए वेतन कटौती के निर्देश

● सीएचसी पचपेड़वा का किया औचक निरीक्षण

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार :** जनपद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पचपेड़वा में बुधवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं की हकीकत सामने आई, जहां कुल 15 कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए।

अनुपस्थित कर्मियों में ओम प्रकाश (चौकीदार), अनूप कुमार पांडे (बीएचडब्लू), शोभित श्रीवास्तव, राम लखन व रियासत अंसारी (लैब टेक्नीशियन), भारत देव मिश्रा (एनएमएस), डॉ. महताब आलम (चिकित्सा अधिकारी), पीयूष सक्सेना (यूडीसी), वैभव कुमार (स्टाफ नर्स), महेंद्र सिंह रावत (एसटीएह), अमित पांडे (एसटीएलएस) तथा अखिलेश (ओटी टेक्नीशियन) शामिल हैं।

सीएमओ ने अनुपस्थित कर्मियों पर कड़ी नाराजगी जताते हुए उनकी अनुपस्थिति अवधि का वेतन काटने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और समयबद्ध उपस्थिति सुनिश्चित करनी होगी। निरीक्षण के दौरान सीएचसी अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार पटेल सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा। सीएमओ ने सभी को मरीजों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं देने के निर्देश भी दिए।



सीएचसी पचपेड़वा का निरीक्षण करते सीएमओ। ● अमृत विचार

**सीएमओ ने हरखड़ी आयुष्मान आरोग्य मंदिर का किया निरीक्षण :** विकास खंड पचपेड़वा स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर हरखड़ी का मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एएनएम नेहा वर्मा द्वारा बच्चों का नियमित टीकाकरण किया जा रहा था, जिसमें कुल 11 बच्चों को टीके लगाए गए। वहीं 8 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श एवं देखभाल संबंधी जानकारी दी गई। इसके अलावा 3 किशोर-किशोरियों को भी स्वास्थ्य और पोषण से जुड़ी सलाह प्रदान की गई। सीएमओ ने स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया कि सभी सेवाएं निर्धारित मानकों के अनुरूप संचालित की जाएं।

महिला सशक्तिकरण | 2 .16 लाख महिलाओं को जोड़ने की योजना

# 11,885 नए स्वयं सहायता समूह बनेंगे

संवाददाता, बलरामपुर

● 43 हजार से अधिक महिलाओं को 'लखपति दीदी' बनाने का है लक्ष्य

**अमृत विचार :** ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में इस वर्ष बड़े पैमाने पर पहल की जा रही है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत जनपद में 11,885 नए स्वयं सहायता समूह गठित करने की कार्ययोजना तैयार की गई है। इन समूहों से लगभग 2.16 लाख महिलाओं को जोड़ा जाएगा ताकि उन्हें स्वरोजगार और आय बढ़ाने के अवसर मिल सकें।

जनपद में पहले से 12,000 से अधिक स्वयं सहायता समूह सक्रिय हैं जिनसे करीब 1.26 लाख महिलाएं जुड़ी हुई हैं। इनमें से लगभग 24 हजार महिलाएं नियमित आय अर्जित कर 'लखपति दीदी' के रूप में पहचान बना चुकी हैं। अब प्रशासन ने 43,718 और महिलाओं को इस श्रेणी में शामिल करने का लक्ष्य तय किया है।

योजना के तहत प्रत्येक नए समूह को शुरुआती सहायता के रूप में 2,500 रुपये का स्टार्टअप फंड दिया जाएगा। इसके अलावा 30 हजार रुपये का रिवॉल्विंग फंड और लगभग 1.5 लाख रुपये का कम्युनिटी इन्वेस्टमेंट फंड उपलब्ध कराया जाएगा। इन आर्थिक संसाधनों की मदद से महिलाएं डेयरी, मशरूम उत्पादन, सिलाई-कढ़ाई, खाद्य प्रसंस्करण समेत अन्य लघु उद्यम शुरू कर सकेंगी।

मिशन के अंतर्गत महिलाओं को समूह सखी, बैंक सखी, ड्रोन सखी और आजीविका सखी जैसे विभिन्न दायित्वों के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। इससे वे न केवल आय सृजन गतिविधियों में भागीदारी करेंगी बल्कि गांव स्तर पर नेतृत्व क्षमता भी विकसित करेंगी। समूहों को बैंकिंग प्रणाली से जोड़कर आसान ऋण सुविधा दी जाएगी और उत्पादों की बाजार तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए भी विशेष प्रयास किए जाएंगे।

उपायुक्त स्वतः रोजगार प्रियंवदा यादव के अनुसार महिलाओं को समूहों के माध्यम से संगठित कर उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनाना प्राथमिकता है ताकि वे आत्मनिर्भर बनकर परिवार और समाज में सशक्त भूमिका निभा सकें।

फौजदार बनाम सतीश आदि
एच.सी.जे. फार्म नं. 33 पार्ट 7
H.C.J. Part VII No- 33
मुकदमा नं. T202508150101055
ता0 पेशी –20/05/26

**हेतु संदर्भित करने की सूचना**

न्यायालय उपजिलाधिकारी न्यायिक बहराइच स्थान बहराइच वर्ष 2026 वादी

बनाम

1. सतीश पुत्र बाबादीन सा. चफरिया पर0 तहसील व जिला बहराइच 2. लखपता पत्नी रघुनाथ साकिन रायपुर परगना, तहसील व जिला बहराइच

चूंकि उपरिनामंकित ग्रामसभा/ग्राम पंचायत रायपुर पर0 तहसील व जिला बहराइच ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अत एवं आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उक्त आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्भित करने के लिए 20 के के दिवस को बजे उत्तर प्रदेश सरकार उपजिलाधिकारी महोदय बहराइच पूर्वाह्व में स्वयं या सम्यक रूपेक अनुदिष्ट अपने अभिवक्ता द्वारा उपस्थित हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रूप सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज 20 के के दिवस की निकाली गई।

न्यायाधीश

न्यूज ब्रीफ

### वाहन की टक्कर से दो युवक घायल

**जरवलरोड (बहराइच), अमृत विचार:** धनराजपुर मोड़ के निकट एक सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, किसी अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। हादसे में मोटरसाइकिल चालक जितेंद्र मौर्य पुत्र मायापति मौर्य निवासी देवलखा थाना कैसरगंज, तथा शिवम् वर्मा पुत्र विनय कुमार निवासी कोनारी थाना कैसरगंज, बहराइच घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एम्बुलेंस ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी मुस्तफाबाद पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है। परिजनों को भी घटना की सूचना दे दी गई है। वहीं, क्षतिग्रस्त मोटरसाइकिल को जनसहयोग से थाने लाया गया।

### खंभे से टकराई कार दो लोग घायल

**बदला चौराहा (श्रावस्ती), अमृत विचार:** नानपारा से गिरंट बदला चौराहा मार्ग पर तेज गति से आ रही कार मंगलवार की रात में थाना हरदत नगर गिरन्ट में भवन के ठीक सामने सड़क के किनारे लगे बिजली के खम्भे से टकरा गई। खंभे में बिजली के साथ ही सरकारी सीसीटीवी कैमरा लगे थे तथा एक सोलर एवं पोल पर लगा था। कार की ठोकर से बिजली का खम्भा टूट गया तथा सोलर एवं पोल पर लगा 01 सीसीटीवी कैमरा टूट कर खराब हो गया है। गाड़ी में बैठ अवधेश कुमार वर्मा पुत्र बाबादीन वर्मा तथा वीरेन्द्र सिंह पुत्र बृजनाथ सिंह निवासीगण संकल्पा कला थाना मल्हीपुर जनपद श्रावस्ती को चोटें आयी है, जिन्हें प्राथमिक उपचार के लिए सीएचसी मल्हीपुर एम्बुलेंस के माध्यम से भिजवाया गया।

### भूमि अधिग्रहण में देरी से बढ़ी चिंता

**जरवलरोड (बहराइच), अमृत विचार:** दशकों से प्रतीक्षित बहराइच-जरवलरोड रेलमार्ग परियोजना को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े होने लगे हैं। लोकेशन सर्वे का कार्य पूरा हो जाने के बावजूद भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया अब तक शुरू न हो पाने से स्थानीय लोगों में चिंता का माहौल है। बहराइच और कैसरगंज क्षेत्र के नागरिक लंबे समय से इस परियोजना के धरातल पर उतरने का इंतज़ार कर रहे हैं। इसी बीच "बहराइच से जरवलरोड रेल जोड़ो अभियान" के संयोजक डॉ. सत्यभूषण सिंह ने इस मुद्दे को लेकर पहल करते हुए जिलाधिकारी के समक्ष सूचना का अधिकार (आरटीआई) के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है। उन्होंने आवेदन के माध्यम से परियोजना से जुड़ी अहम जानकारियां मांगी हैं। डॉ. सिंह ने अपने आवेदन में लोकेशन सर्वे रिपोर्ट की छायाप्रति, भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया की प्रगति रिपोर्ट, तथा कैसरगंज और महसी तहसील के उन राजस्व ग्रामों की सूची की मांग की है, जिनसे होकर प्रस्तावित रेलमार्ग गुजरेगा। उन्होंने यह भी जानकारी चाही है कि पूरी प्रक्रिया को पूरा होने में कितना समय लगेगा।

### जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक 12 को

**बहराइच, अमृत विचार:** सदस्य सचिव एवं अधि.अभि. स.न.ख.-पंचम बहराइच ने बताया कि शासन द्वारा नामित उपाध्यक्ष जनपद सिंचाई बन्धु राघवेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक 12 मई 2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से कल्पीपारा कालोनी स्थित सिंचाई विभाग के आफीसर्स फील्ड हास्टल में आहूत की गयी है। सदस्य सचिव ने बताया कि जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक में नहरों की समुचित सफाई, नहरों की कटिंग तथा टेल तक पानी की उपलब्धता, रोस्टर के अनुसार नहरों का संचालन, नहरों के कुलाबों की व्यवस्था, राजकीय नलकूपों का संचालन व बंदी की समीक्षा आदि पर चर्चा की जायेगी।

# घर बैठे ऑनलाइन भर सकेंगे अपना विवरण

**स्व-जनगणना प्रक्रिया के तहत लोगों से ऑनलाइन माध्यम से जानकारी दर्ज करने की अपील की गई**

संवाददाता, बहराइच



कलेक्ट्रेट सभागार में पत्रकारों से बात करते जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी मौजूद एडीएम व सीडीओ। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जनगणना-2027 के प्रथम चरण के तहत 'स्व-जनगणना' की प्रक्रिया 7 मई गुरुवार से विधिवत शुरू हो रही है। यह प्रक्रिया 21 मई तक चलेगी, जिसमें नागरिक बिना किसी सरकारी कर्मचारी के घर आए स्वयं ही ऑनलाइन माध्यम से अपने परिवार और आवास की जानकारी दर्ज कर सकेंगे शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, नागरिकों को जनगणना कार्य में सहयोग करने की अपील की गई है। इसके लिए आधिकारिक वेबसाइट self-enumeration.census.gov.in पर जाना होगा।

पोर्टल पर राज्य के रूप में 'उत्तर प्रदेश' का चयन कर कैप्चा कोड भरना होगा परिवार के मुखिया के नाम और मोबाइल नंबर से पंजीकरण कर ओटीपी के माध्यम से सत्यापन करना होगा। पंजीकरण के बाद ऑनलाइन फॉर्म में पता (राज्य, जिला, गांव/शहर) और मकान नंबर भरना अनिवार्य है। इसके उपरांत परिवार और आवास से संबंधित कुल 33 प्रश्नों के उत्तर देने होंगे। इसमें मकान की स्थिति, बिजली, पानी, शौचालय जैसी सुविधाएं और परिवार के सदस्यों के पास उपलब्ध संसाधनों की विस्तृत जानकारी शामिल है। जिलाधिकारी ने बताया कि सभी विवरण भरकर फॉर्म सबमिट करने के बाद एक यूनिक सेल्फ एन्यूमरेशन आईडी प्राप्त होगी नागरिकों को सलाह दी है कि इस आईडी को संभाल कर रखें। जब जनगणना अधिकारी घर पहुंचेंगे, तो उन्हें केवल यह आईडी दिखाने पर दोबारा जानकारी देने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। पयागपुर के उपजिलाधिकारी अश्वनी पांडेय ने लोगों से अपील की है कि वे इस डिजिटल सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और गणना कर्मियों का सहयोग करें। साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि 7 मई से पहले परिवार के मुखिया का मोबाइल नंबर तैयार रखें ताकि पंजीकरण में कोई बाधा न आए।

### बहराइच-गोण्डा मार्ग पर निर्माणाधीन ओवरब्रिज का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

**संवाददाता, बहराइच, अमृत विचार।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने बहराइच–गोण्डा मार्ग पर निर्माणाधीन ओवरब्रिज 40ए के कार्यस्थल का औचक निरीक्षण करते हुए रेलवे तथा सेतु निगम के अधिकारियों को निर्देश दिया कि आमजन की सुविधा को देखते हुए निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराया जाय। कार्यस्थल पर मौजूद रेलवे के साईट प्रभारी धर्मेश कुमार ने बताया कि बुस्टिंग गर्डर सहित अन्य कार्य को पूर्ण कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि 60 मीटर स्पान विस्तार का कार्य होना है। मौके ही धनुषाकार डोरी गर्डर की ढलाई का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 02 से 04 दिनों में क्रास बैरियर कंक्रीट का काम पूरा कर लिया जायेगा। श्री कुमार ने बताया कि कार्यस्थल पर डेक स्लैब बेयरिंग कोट कंक्रीट का काम तथा विस्तार जोड़ का कार्य भी पूरा कर लिया गया है। डीएम ने कार्यस्थल पर मौजूद सेतु निगम के रवि कुमार को निर्देश दिया कि रेलवे द्वारा अपने हिस्से का कार्य पूरा होते ही सेतु निगम द्वारा भी शीघ्र ही कार्य पूर्ण करा दिया जाय। श्री कुमार ने डीएम को आश्वस्त किया कि रेलवे द्वारा कार्य पूर्ण करने के पश्चात सेतु निगम द्वारा अवशेष कार्य को शीघ्र पूर्ण कर दिया जायेगा। निरीक्षण के समय अन्य सम्बन्धित अधिकारी भी मौजूद रहे।



ओवरब्रिज का निरीक्षण करते डीएम अक्षय त्रिपाठी।

# मई में पूरा करें पाइप पेयजल योजनाओं के सभी कार्य: डीएम



कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करती डीएम। अमृत विचार

संवाददाता, श्रावस्ती

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग की अध्यक्षता में मंगलवार को देर शाम को जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। बैठक में हर घर जल योजना के माध्यम से लोगों को पेयजल सुविधा मुहैया कराने के लिए किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने जिले में चल रहे पाइप पेयजल योजना के कार्यों की जानकारी ली। अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण ने अवगत कराया गया जिले में जल जीवन मिशन फेज-दो के तहत कार्यदायी फर्म मेसर्स लारसेन एण्ड टुब्रो को 159 ग्राम पंचायतों के तहत 218 राजस्व ग्रामों को शुद्ध पेयजल से संतृप्त करने के लिए 124 पाइप पेयजल योजनाओं के निर्माण कार्य की वित्तीय स्वीकृति एसएलएसएससी की ओर से प्रदान गयी थी। साथ ही मेसर्स जीए इन्फ्रा

**निर्देश**

विश्वनाथ प्रोजेक्ट लिमिटेड को 198 ग्राम पंचायतों के तहत 233 राजस्व ग्रामों को शुद्ध पेयजल संतृप्त करने के लिए 165 पाइप पेयजल योजनाओं के निर्माण की वित्तीय स्वीकृति दी गयी थी। जिसके तहत कार्यदायी फर्म मेसर्स एलएण्डटी को 66 नग पाइप पेयजल योजनाओं व मेसर्स जीए इन्फ्रा विश्वनाथ प्रोजेक्ट लिमिटेड को 30 पाइप पेयजल योजनाओं के कार्यों को 20 अप्रैल, 2026 तक पूरा करना का डीएम की ओर से निर्देश मिला था। जिसमें अब 18 पाइप पेयजल योजनाओं के कार्य पूरे हो गए हैं और जलापूर्ति शुरू हो गई है। शेष कार्य प्रगति पर है। डीएम ने निर्देशित किया कि सभी कार्यों को मई महीने में ही पूरा कर जलापूर्ति शुरू कराया जाए। बैठक में सीडीओ शाहिद अहमद, अधिशासी अभियंता जल निगम मोहम्मद इमरान, सहायक अभियंता जल निगम आदि मौजूद रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में शौच के लिए गए बुजुर्ग की मौत

जमुनहा (श्रावस्ती)

**अमृत विचार।** खेत की ओर शौच गए एक बुजुर्ग की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उनका शव खेत में जमीन पड़े बिजली के तार से लटका पाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

सोनवा थाना क्षेत्र के सोनवा गांव निवासी सीताराम (70) पुत्र नन्दलाल बुधवार सुबह शौच के लिए खेत की ओर गए थे। जहां उनकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बुजुर्ग का शव सीएचसी सोनवा के पीछे गए कच्चे रास्ते पर डेड बिजली लाइन के लटके तारों से लिपटा पाया गया। लोगों ने देखा तो परिजनों के साथ ही पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि करीब 12 साल पहले बहराइच के परसौरा बिजली उपकेन्द्र से सोनवा समेत अन्य गांवों को बिजली आपूर्ति के लिए हाईटेंशन विद्युत लाइन डाली गई थी। लेकिन उसी दौरान भिनगा से दूसरी नई लाइन बिछाकर बिजली आपूर्ति शुरू कर दी गई। इससे परसौरा से डाली गई बिजली लाइन पर बिजली आपूर्ति नहीं शुरू हो सकी और लाइन निष्प्रयोज्य हो गई। लेकिन विभाग की ओर से इस बिजली लाइन के तार नहीं हटाए गए। अब सवाल यह है कि बिजली लाइन निष्प्रयोज्य होने पर बुजुर्ग की मौत कैसे हुई और उनका शव तार से कैसे लिपटा मिला। लोगों का कहना है कि कई बार तार हटाने की शिकायत की गई। लेकिन कार्रवाई नहीं हुई।

वहीं मृतक की भाभी मनोरानी की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात बिजली कर्मचारियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सड़क हादसों में युवक की मौत, चार घायल

इकौना (श्रावस्ती)

● **ट्रैक्टर पलटने से हुआ हादसा मौत से परिजनों में कोहराम**

**अमृत विचार।** इकौना थाना क्षेत्र में चार अलग-अलग स्थानों पर सड़क हादसे हुए। इसमें बेकाबू ट्रैक्टर पलटने से उसके नीचे दबकर पिता की मौत हो गई और बेटे की एक आंख बाहर निकल आई। वहीं अन्य सड़क हादसों में तीन गंभीर रूप से घायल हो गए।

इकौना थाना क्षेत्र के इकौना देहात स्थित तेलियन पुरवा निवासी पवन कुमार यादव (30) पुत्र भगेलू यादव बुधवार दोपहर में अपना पुराना ट्रैक्टर बनकर घर जा रहे थे। ट्रैक्टर पर उसका बेटा ऋषभ (9) बैठा हुआ था। मोहनीपुर में ट्रैक्टर में हवा भरवाया इसके बाद घर वापस जा रहा था। इस दौरान जमुनहा मार्ग पर घर के पास ही ट्रैक्टर को बैक करने लगे। इस दौरान ट्रैक्टर का पहिया सड़क से उतरकर गड्ढे में चला गया और ट्रैक्टर पलट गया। हादसे में पवन कुमार ट्रैक्टर के नीचे दब गया। जबकि चोट लगने से बेटे ऋषभ की बाईं तरफ आंख बाहर निकल आई। हादसा देख मौके पर पहुंचे लोगों ने पवन को किसी तरह बाहर निकाला। गंभीर हालत में दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र इकौना ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने ट्रैक्टर चालक पिता पवन कुमार यादव को मृत घोषित कर दिया। वहीं बेटे ऋषभ को गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उसे चिकित्सकों ने बहराइच रेफर कर दिया।



पवन कुमार की फाइल फोटो।

**मार्ग दुर्घटना में तीन लोग घायल:** इकौना थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे 730 पर गोविन्दपुर मोड़ के पास मंगलवार देर शाम को दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में एक बाइक सवार गिलौला थाना क्षेत्र के मौहारी निवासी भगवानदीन (30) पुत्र विश्वनाथ गंभीररूप से घायल हो गया। लोगों की ओर से घायल को एम्बुलेंस से सीएचसी इकौना में भर्ती कराया गया। इसी तरह इकौना-पयागपुर मार्ग पर मंगलवार रात तेज रफ्तार वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार सोनवा थाना क्षेत्र के कल्यानपुर गांव निवासी अजय कुमार (25) पुत्र मनीराम गंभीररूप से घायल हो गया। जिसे एम्बुलेंस से सीएचसी इकौना में भर्ती कराया गया। जहां से उसे जिला अस्पताल भिनगा रेफर कर दिया गया। इकौना-भिनगा मार्ग स्थित भोजपुर गांव के पास तेज रफ्तार वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक हरदत्त नगर गिरंट थाना क्षेत्र के थनवापुर गांव निवासी अमृतलाल (20) गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे सीएचसी इकौना में भर्ती कराया गया। जहां से उसे जिला अस्पताल भिनगा रेफर कर दिया गया।

### नानपारा से दो युवतियां लापता, एफआईआर दर्ज

**बलहा (बहराइच), अमृत विचार।** नानपारा कोतवाली क्षेत्र में तीन अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं। इनमें दो युवतियों के लापता होने और एक डीजे संचालक को जान से मारने की धमकी देने के मामले शामिल हैं। पुलिस ने तीनों मामलों में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहला मामला जुबली गंज की एक महिला से संबंधित है, जिनकी 16 वर्षीय बेटी 30 अप्रैल को शाम करीब 4 बजे घर से लापता हो गई। परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। लापता लड़की अपने साथ आधार कार्ड ले गई है। उसकी पहचान गोरे रंग, लंबे कद और सलवार सूट पर हल्के खुरमही रंग के नकाब से की गई है। दूसरा मामला माधी निवासी एक महिला की 18 वर्षीय बेटी के अपहरण का है। महिला ने बताया कि 2 मई की रात करीब 10 बजे उनकी बेटी को शमसुद्दीन नाई नामक व्यक्ति अपने साथ ले गया। शमसुद्दीन शादीशुदा है और उसके चार बच्चे हैं। लड़की अपने साथ एक पायल, एक नथुनी और 50 हजार रुपये भी ले गई है। उसकी लोकेशन जरवल तक मिली है। तीसरा मामला अगैया निवासी डीजे संचालक साबित अली से जुड़ा है। उन्होंने बताया कि 20 अप्रैल की रात 8 बजे वह रामसूरत गुप्ता और वीरसेन गुप्ता के यहां डीजे बजाने गए थे। डीजे में काफी नुकसान होने पर जब उन्होंने पूछताछ की, तो दोनों आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। साबित अली ने 5 मई को इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई। कोतवाल राजनाथ सिंह ने बताया कि तीनों मामलों में संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है और मामलों की जांच की जा रही है।

### ईओ-चेयरमैन के बीच विवाद के चलते उपजी अनबन का खामियाजा झेल रहे पंचायत कर्मी

**रूपईडीहा (बहराइच)।** आदर्श नगर पंचायत रूपईडीहा में चेयरमैन डॉ. उमाशंकर वैश्य और अधिशाषी अधिकारी राम बदन यादव के बीच चल रहे विवाद के कारण परेशानी कर्मचारियों और आमजन को भुगतना पड़ रहा है। कर्मचारियों का आरोप है कि आपसी अनबन के चलते पिछले दो माह से उन्हें वेतन नहीं मिला है, जिससे उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। नगर पंचायत सफाई कर्मियों ने बताया कि अधिशाषी अधिकारी कार्यालय नहीं आते, जिससे समस्याओं के समाधान के लिए उन्हें भटकना पड़ता है। वेतन न मिलने पर जब कर्मचारी चेयरमैन से मिले तो उन्होंने बताया कि अधिशाषी अधिकारी की ओर से वेतन संबंधी फाइल तैयार कर नहीं भेजी गई, इसी कारण भुगतान लंबित है। इस संबंध में चेयरमैन डॉ. उमाशंकर वैश्य का कहना है कि अधिशाषी अधिकारी की हठ धर्मिता के कारण नगर पंचायत का कार्य पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। और विकास कार्य ठप भी हैं। कर्मचारियों को वेतन न मिलने से असंतोष बढ़ता जा रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि अधिशाषी अधिकारी ने बिना उद्घाटन के जबरन पुराने कार्यालय से सामान उठाकर पंचायत भवन से करीब दो किलोमीटर दूर नई बिल्डिंग में स्थानांतरित कर दिया, जिससे आम जनता को बहुत ही परेशानी हो रही है। उधर, अधिशाषी अधिकारी राम बदन यादव का कहना है कि मार्च माह के वेतन से संबंधित कागजात तैयार कर ठेकेदार को दे दिए गए हैं। यदि ठेकेदार भुगतान नहीं कर रहा है तो इसमें उनकी कोई जिम्मेदारी नहीं है। इसपर कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द वेतन का भुगतान नहीं हुआ तो वे सफाई सहित अन्य कार्य बंद कर आंदोलन करने को मजबूर होंगे। ऐसी स्थिति में कस्बे में फिर से कूड़े का अंबार लगने की आशंका है। गौरतलब है कि मामला गंभीर होने के बावजूद अब तक जिले के उच्च अधिकारियों द्वारा कोई ठोस हस्तक्षेप नहीं किया गया है, जिससे स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है और इसका सीधा असर नागरिकों और व्यापारियों पर पड़ रहा है।

# जेल में रह रहे बच्चों को मिले पौष्टिक आहार

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** जिला कारागार में महिला बंदियों के साथ रह रहे बच्चों के लिए सुरक्षित बचपन योजना के तहत बाल कल्याण समिति (बेंच आफ मजिस्ट्रेट) के अध्यक्ष सतीश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में एक गोष्ठी आयोजित की गई। इसमें सूचना के बावजूद उपस्थित न होने पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी का स्पष्टीकरण तलब किया गया। सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष ने निर्देशित किया की माताओं के साथ जेल में रह रहे बच्चों को स्वास्थ्य, शिक्षा एवं पौष्टिक आहार समेत सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए।

उच्च न्यायालय इलाहाबाद में योजित जनहित याचिका संख्या 119 /2026 में दिए गए आदेश के अनुपालन में बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष द्वारा जिला कारागार पहुंच कर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार, बाल विकास परियोजना अधिकारी अनुज कुमार



जिला कारागार में गोष्ठी के उपरांत बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष सतीश कुमार श्रीवास्तव सीएमओ संजय कुमार व जेल अधिकारी। अमृत विचार

**गोष्ठी**

जेल सुपरिंटेंडेंट राजीव कुमार सिंह व जेलर अजय कुमार झा जेल चिकित्सक अनिल कुमार संरक्षण अधिकारी शिविका मौर्य की उपस्थिति में महिला बंदियों व उनके बच्चों के साथ गोष्ठी की गयी। इसमें महिलाओं से उनके बच्चों के संबंध में आवश्यक जानकारी प्राप्त की गयी कि उन्हें स्वास्थ्य, शिक्षा एवं पौष्टिक आहार संबंधी सभी आवश्यक सुविधाएं मिल रही हैं अथवा नहीं। तदुपरांत अध्यक्ष ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया कि बाल रोग विशेषज्ञ चिकित्सक को जेल भेज कर यहां अपनी माता के साथ रह रहे बच्चों की चिकित्सीय जांच कराई जाए और बच्चों को आवश्यकतानुसार चिकित्सा भी उपलब्ध कराई जाए।

इसके अतिरिक्त बाल विकास परियोजना अधिकारी नगर को निर्देशित किया गया कि यहां रह रहे बच्चों को पौष्टिक आहार जेल सुपरिंटेंडेंट के माध्यम से उपलब्ध कराया जाए। संरक्षण अधिकारी शिविका मौर्या को निर्देश दिया गया कि जो बच्चे बाल सेवा योजना सामान्य अथवा स्पॉन्सरशिप योजना तथा कन्या सुमंगला योजना के लिए पात्र हैं, उनके फार्म भराकर उन्हें इस शासकीय योजना से लाभान्वित कराया जाए।

# हत्या व लूट का अपराधी पुलिस मुठभेड़ में घायल

संवाददाता, श्रावस्ती

● **अपराधी के सिर घोषित था 50 हजार रुपए का इनाम**

**अमृत विचार।** जिले में मंगलवार रात पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी। पुलिस ने मुठभेड़ में हत्या व लूट के अपराधी को गिरफ्तार किया। गोली लगने से अपराधी घायल हो गया जिसे अस्पताल ले जाया गया।

हरदत्त नगर गिरन्ट थाना क्षेत्र में बीते दिनों लूट के दौरान बदमाशों एक वृद्ध की हत्या कर दी थी। पुलिस ने अपराधियों की तलाश कर रही थी। मंगलवार रात हरदत्त नगर गिरन्ट थाना प्रभारी निरीक्षक महिमानाथ उपाध्याय टीम के साथ रात्रि गश्त पर थे। वह देवरनिया पुल के पास पहुंचे तो वहां एक संदिग्ध पुलिस टीम को देख भागने लगा। जिसे पकड़ने के लिए पुलिस ने पीछा किया तो संदिग्ध व्यक्ति ने टीम पर असलहे से फायर करने लगा। जिसमें पुलिस के जवान बाल बाल बच गए। आत्मरक्षा में पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की तो गोली अपराधी के दाहिने पैर में लगी और वह घायल होकर गिर गया। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जिसकी पहचान दौलत अली पुत्र मंसूर अली निवासी नया भदौरा मीरा मऊ, जनपद श्रावस्ती के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार बीते दिनों क्षेत्र में हुई लूट व हत्या में दौलत अली शामिल था। जिसकी गिरफ्तारी के लिए 50 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। उसके कब्जे से असलहा व तमंचा बरामद किया गया है।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

### पीजी कॉलेज में अन्वेषा पत्रिका का विमोचन

**बहराइच, अमृत विचार।** किसान पीजी कॉलेज में बुधवार को कॉलेज की अन्वेषा नामक पत्रिका का विमोचन कॉलेज प्रबंध समिति के सचिव मेजर डॉ. एसपी सिंह के हाथों कराया गया। इस पत्रिका में कॉलेज के शिक्षक और विद्यार्थी विज्ञान समेत अनेक विषयों तथा सामाजिक मुद्दों पर अपने लेख प्रकाशित करते हैं। सचिव मेजर सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय विधायन एवं प्रत्यायन परिषद की ओर से ए श्रेणी दिये जाने के साथ ही सरकार ने स्वायत्तशासी संस्था का दर्जा दिया है। इस पत्रिका का प्रकाशन सरकार की नई शिक्षा नीति के तहत बच्चों के चतुर्दिक विकास के उद्देश्य से किया जा रहा है। इस लेख में ग्लोबल वार्मिंग से लेकर थारू जनजाति की स्थिति तथा घातक रसायनों का शरीर पर प्रभाव जैसे विषयों पर शोध छात्रों तथा शिक्षकों ने अपने विचार व्यक्त किए हैं। विमोचन के समय पत्रिका के संपादक डॉ. संदीप कुमार मिश्र, कार्यालय अधीक्षक राजवंत सिंह, एनसीसी के पूर्व सीनियर अंडर आफीसर पंकज सिंह, प्रशांतदीप सिंह, सुभाष सिंह, प्रशासनिक अधिकारी देवेंद्र प्रताप सिंह तथा दिनेश कुमार शुक्ल रहे।



पत्रिका का विमोचन करते मेजर एसपी सिंह व अन्य।

### बीज के लिए 10 तक कर सकते पोर्टल पर बुकिंग

**बहराइच, अमृत विचार।** जिला कृषि अधिकारी डॉ. सूबेदार यादव ने बताया कि कृषि विभाग द्वारा खरीफ 2026 मे संचालित समस्त योजनाओं मे समस्त प्रकार के बीज़ों का वितरण पूर्व की भांति पहले आओ पहले पाओ के सिद्धान्त के स्थान पर नहीं करते हुए, इस वर्ष सर्वप्रथम बुकिंग करते हुए ई-लाटरी के माध्यम से किया जायेगा। विभाग के पोर्टल पर पंजीकृत कृषकों को बुकिंग के उपरान्त ई-लाटरी के माध्यम से बीज उपलब्ध कराया जायेगा। डॉ. यादव ने बताया कि खरीफ 2026 मे विभिन्न योजनान्तर्गत सामान्य बीज वितरण एवं मिनीकिट बीज वितरण हेतु निर्धारित लक्ष्यों के सापेक्ष समस्त बीज (प्रमाणित/संकर) की बुकिंग विभाग के पोर्टल एग्रीकल्चर डाट यूपी डाट जीओवी डाट इन पर 10 मई आनलाइन बुकिंग की जा सकती है। जनपद के किसानों को सुझाव दिया गया है कि कि अपनी आवश्यकतानुसार बीज की बुकिंग कर लें। बीज वितरण हेतु कृषकों का चयन ई-लाटरी के माध्यम से किया जायेगा। इस वर्ष नि:शुल्क वितरण हेतु मिनी किट के रूप में सावा, कोदो, रागी, ज्वार, बाजरा, अरहर उर्द, मूंग, तिल एवं मूंगफली के बीज बुकिंग के पश्चात लॉटरी के आधार पर वितरित किए जाएंगे।

आयोजन

**जनपद के नेताओं और अधिकारियों ने नवविवाहित जोड़ों को सुखमय दाम्पत्य जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं**

# 93 श्रमिकों की बेटियों व महिला श्रमिकों का सामूहिक विवाह सम्पन्न

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** श्रम विभाग द्वारा गेंद घर के मैदान में देवीपाटन मंडल के चारों जनपदों बहराइच, गोण्डा, बलरामपुर व श्रावस्ती के पंजीकृत निर्माण श्रमिकों की बेटियों एवं अविवाहित महिला निर्माण श्रमिकों के सामूहिक विवाह कार्यक्रम में कन्या विवाह अनुदान सहायता योजना के अंतर्गत 93 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्पन्न कराया गया। वैवाहिक समारोह के दौरान नव विवाहित जोड़ों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच साथ जीने-मरने की कसम खाई।



विवाह समारोह के दौरान नवविवाहित जोड़ा और मौजूद परिजन। अमृत विचार



सामूहिक विवाह समारोह में मौजूद विवाहित जोड़े और अतिथि। अमृत विचार

सामूहिक विवाह कार्यक्रम में उप श्रमायुक्त सिद्धार्थ मोदियानी द्वारा उपस्थित सभी महानुभवों का स्वागत किया गया। उन्होंने बताया कि कन्या विवाह सहायता योजना के अंतर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम में उपस्थित 93 जोडों के सापेक्ष वधु के माता/पिता अथवा स्वयं पंजीकृत महिला श्रमिक के विवाह करने पर उनके बैंक खाते में रुपये 25 हजार मात्र की हितलाभ धनराशि डी.बी.टी. के माध्यम से प्रेषित की जायेगी।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह, एमएलसी प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक बलहा सरोज सोनकर, मंत्री श्रम, सेवा योजन एवं समन्वय उ.प्र. की प्रतिनिधि जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा भारतीय जनता पार्टी गोण्डा श्रीमती बीना राय व अन्य गणमान्य व संभ्रान्तजन, जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव, सीडीओ सुनील कुमार धनवंता, उप श्रमायुक्त सिद्धार्थ मोदियानी, उपश्रमायुक्त देवीपाटन मण्डल गोण्डा ने नवविवाहित जोड़ों सुखमय दाम्पत्य जीवन के लिए आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दीं तथा स्वीकृति पत्र का वितरण किया।



लोकतंत्र में सत्ता का आना-जाना लगा रहता है, लेकिन देश बना रहना चाहिए।
**-अटल बिहारी वाजपेयी, पूर्व प्रधानमंत्री**

## ममता हठ

पश्चिम बंगाल में चुनाव परिणामों के बाद जिस प्रकार हिंसा, आरोपों और राजनीतिक कटुता का वातावरण बना है, वह लोकतंत्र की परिपक्वता पर गंभीर प्रश्न खड़े करता है। चुनाव हारने के बाद यह कहना कि 'जनादेश ने नहीं, चुनाव आयोग ने हराया' भावनात्मक प्रतिक्रिया से अधिक लोकतांत्रिक संस्थाओं की वैधता पर प्रहार है। जब ऐसा बयान किसी बड़े क्षेत्रीय दल की सर्वोच्च नेता की ओर से आता है, तो उसका असर कार्यकर्ताओं की मानसिकता और सड़क के माहौल दोनों पर पड़ता है। बंगाल में हिंसा का यही मनोविज्ञान दिखाई देता है। ममता बनर्जी और भाजपा दोनों को संयुक्त रूप से हिंसा रोकने की अपील करनी चाहिए।

बंगाल पहले भी चुनाव बाद हिंसा की भयावह राजनीति देख चुका है। लोकतंत्र में प्रतिशोध नहीं, सत्ता का शांतिपूर्ण हस्तांतरण सबसे बड़ी कसौटी होता है। यह सही है कि भारतीय चुनावों में हारने वाला पक्ष अक्सर ईवीएम, प्रशासनिक पक्षपात, धनबल या चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर प्रश्न उठाता रहा है। कभी भाजपा ने भी विपक्ष में रहते हुए ऐसी शिकायतें की थीं, तो कांग्रेस और क्षेत्रीय दल भी यह परंपरा निभाते रहे हैं, किंतु ममता बनर्जी का यह कहना कि 'सौ सीटें चुनाव आयोग ने लूट लीं' एक गंभीर आरोप है। लोकतंत्र में इतने बड़े आरोप का आधार भी उतना ही ठोस होना चाहिए। यदि प्रमाण हैं, तो संवैधानिक और न्यायिक रास्ते खुले हैं। केवल जनसभाओं और मीडिया के मंच से आरोप लगाने से न तो परिणाम बदलेंगे और न लोकतांत्रिक विश्वसनीयता बचेगी। प्रश्न यह है कि यदि ममता बनर्जी को चुनाव आयोग, न्यायपालिका और चुनावी प्रक्रिया तीनों पर भरोसा नहीं, तो फिर लोकतांत्रिक राजनीति का आधार क्या रह जाता है? चुनाव में भाग लेना और हार के बाद पूरी प्रक्रिया को अवैध बताना अंततः जनता के निर्णय को ही संदिग्ध बनाता है। लोकतंत्र में हार अस्थायी होती है; संस्थाओं को कठघरे में खड़ा कर देना स्थायी नुकसान पहुंचाता है। ममता के इस्तीफे से इनकार का कोई मतलब नहीं, क्योंकि संवैधानिक दृष्टि से मुख्यमंत्री तब तक पद पर बने रह सकते हैं, जब तक वैकल्पिक सरकार शपथ नहीं ले लेती। 'मैं नहीं हटूंगी' जैसी मुद्रा लोकतांत्रिक विनम्रता नहीं, बल्कि राजनीतिक हठ का संकेत देती है। यह हठ अपने कार्यकर्ताओं को संदेश देने और राजनीतिक प्रासंगिकता बनाए रखने की रणनीति है, किंतु इससे उनकी नैतिक स्थिति मजबूत नहीं होती। विपक्ष की व्यापक स्थिति भी आत्ममंथन मांगती है।

आज ममता विपक्षी एकता की बात कर रही हैं, लेकिन उन्होंने वर्षों तक क्षेत्रीय स्वार्थों के कारण कांग्रेस, वामपंथियों या अन्य सहयोगियों को कमजोर किया। बंगाल में वाम दलों और कांग्रेस के क्षरण में तृणमूल की भूमिका किसी से छिपी नहीं। इसी प्रकार विपक्षी गठबंधन के भीतर नेतृत्व विवाद, संयोजक पद को लेकर खींचतान और परस्पर अविश्वास ने भाजपा को राजनीतिक बढ़त दी। भाजपा की चुनावी मशीनरी जितनी मजबूत है, विपक्ष की रणनीतिक अव्यवस्था भी उतनी ही बड़ी सच्चाई है। विपक्ष का लगातार कमजोर होना भाजपा की ताकत से ज्यादा विपक्ष की वैचारिक अस्पष्टता, संगठनहीनता और अवसरवादी गठबंधनों का दुष्परिणाम है। केवल चुनाव आयोग या संस्थाओं को दोष देकर इस वास्तविकता से बचा नहीं जा सकता।

### प्रसंगवश

## मानवता और राष्ट्रवाद पर टैगोर की अंतर्दृष्टि

गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर का जन्म सात मई 1861 को बंगाल के एक अत्यंत प्रतिष्ठित और समृद्ध परिवार में महर्षि देवेंद्रनाथ टैगोर के घर हुआ था। बचपन से ही असाधारण और बेहद संवेदनशील प्रतिभा के धनी टैगोर ने मात्र आठ वर्ष की आयु में अपनी पहली कविता लिख दी थी और बहुत कम लोग जानते होंगे कि शुरुआत में वे 'भानुसिंह' उपनाम से लिखते थे। उन्हें चारदीवारी वाली पारंपरिक स्कूली शिक्षा बिल्कुल पसंद नहीं थी, इसलिए उनकी अधिकांश शिक्षा घर पर ही स्वाध्याय और निजी शिक्षकों के माध्यम से हुई।

इसी स्वाध्याय के बल पर उन्होंने संस्कृत, भारतीय दर्शन और नक्षत्र-विज्ञान का गहन अध्ययन किया। वर्ष 1877 में कानून की पढ़ाई के लिए उन्हें इंग्लैंड भेजा गया, परंतु वहां के शैक्षणिक माहौल से संतुष्ट न होने के कारण, वे बिना कोई डिग्री लिए भारत लौट आए। टैगोर एक ऐसे बहुमुखी रचनाकार थे, जिन्होंने कविता, संगीत, नाटक, कहानी और चित्रकला-हर क्षेत्र पर अपनी अमिट छाप छोड़ी। उन्होंने 2000 से अधिक गीतों की शानदार व दमदार रचना की, जिन्हें आज 'रवींद्र संगीत' के नाम से जाना जाता है, जो बंगाली संस्कृति का एक अनिवार्य हिस्सा हैं।



सुनील महला
लेखक

उनकी कालजयी साहित्यिक कृति 'गीतांजलि' (गीतों का उपहार) मूल रूप से बंगाली में लिखी गई थी, तथा यह 14 अगस्त 1910 को प्रकाशित हुई थी। जब टैगोर ने स्वयं इसका अंग्रेजी अनुवाद किया, तब महान आयरिश कवि डब्लूबी यीट्स (अंग्रेज़ी साहित्यकार) इसके अनुवाद से अत्यंत प्रभावित हुए और उन्होंने इस पुस्तक की ऐतिहासिक प्रस्तावना लिखी। इसी कृति के लिए टैगोर को वर्ष 1913 में साहित्य के क्षेत्र में विश्व का सर्वोच्च 'नोबेल पुरस्कार' प्राप्त हुआ और वे यह सम्मान पाने वाले पहले गैर-यूरोपीय बने। इसी वर्ष कलकत्ता विश्वविद्यालय ने उन्हें 'डी-लिट्' की उपाधि से भी सम्मानित किया। वर्ष 1915 में ब्रिटिश सरकार ने उन्हें 'नाइटहुड' की मानद उपाधि दी, जिसे उन्होंने 13 अप्रैल 1919 को हुए जलियांवाला बाग हत्याकांड के विरोध में अत्यंत क्षोभ के साथ वापस लौटा दिया।

टैगोर दुनिया के एकमात्र ऐसे कवि हैं, जिनकी रचनाएं दो देशों का राष्ट्रगान बनीं-भारत का 'जन-गण-मन' और बांग्लादेश का 'आमार सोनार बांग्ला'। इसके अलावा, श्रीलंका के राष्ट्रगान 'श्रीलंका माथा' के रचयिता आनंद समराकून भी शांति निकेतन में टैगोर के ही शिष्य थे, जिन्होंने गुरुदेव की संगीत शैली से प्रेरित होकर इसकी रचना की थी। टैगोर ने पत्नी व बच्चों की असामयिक मृत्यु के गहरे आघात को झेला। उन्होंने महान वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन के साथ विज्ञान और दर्शन के गूढ़ विषयों पर प्रसिद्ध संवाद किए। 60 वर्ष की आयु में उन्होंने चित्रकला की शुरुआत की। वे 'रेड-ग्रीन कलर ब्लाइंडनेस' (लाल और हरे रंग को ठीक से न पहचान पाने की शारीरिक सीमा) से ग्रसित थे, लेकिन इस बाधा को पार करते हुए उन्होंने लगभग 3,000 पेंटिंग्स बनाईं।

अपनी कहानियों 'काबुलीवाला' और 'चोखेर बाली', जो बहुत पठनीय व प्रसिद्ध रहीं हैं, के जरिए उन्होंने मानवीय संवेदनाओं और महिलाओं के अधिकारों को स्वर दिया। टैगोर का यह मानना था कि मानवता राष्ट्रवाद से कहीं ऊपर है और वे अंध राष्ट्रवाद के कड़े आलोचक थे। इसी वैश्विक दृष्टिकोण और विश्वबंधुत्व की भावना के साथ उन्होंने यूरोप, अमेरिका, चीन और जापान जैसे देशों की यात्राएं कीं। वे बंगाल के प्रसिद्ध सूफी संत लालन फकीर के मानवतावादी व सांप्रदायिक सौहार्द के संदेशों से गहरे प्रभावित थे, जिसकी झलक उनके आध्यात्मिक चिंतन में मिलती है। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)

## नेपाल में अब वर्चस्व कायम करने की होड़





दिग्विजय सिंह
कानपुर

नेपाल में सत्ता परिवर्तन के बाद से ही दुनिया के दो बड़े देशों की नजर वहां के दुर्लभ खनिज संपदा पर है। नई सरकार से भारत भी अपने रिश्ते सुधारने की पुरजोर कोशिश कर रहा है।

नेपाल में सत्ता परिवर्तन के बाद से ही दुनिया के दो बड़े देशों की नजर वहां के दुर्लभ खनिज संपदा पर है। नई सरकार से भारत भी अपने रिश्ते सुधारने की पुरजोर कोशिश कर रहा है। भारतीय रणनीतिकार भी चाहते हैं कि वहां के खनिज पदार्थों खासकर यूरेनियम की खोज का मौका मिले। अमेरिका और चीन भी प्रधानमंत्री बालेन शाह से नजदीकी बढ़ाने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं। ये दोनों महाशक्तियां वहां भारत के प्रभाव को कम करने पर भी काम कर रही हैं। सत्ता में आते ही प्रधानमंत्री बालेन शाह ने कुछ ऐसे फैसले लिए हैं, जो उनके भारत विरोध में उठाए गए कदम को दर्शाते हैं, हालांकि अमेरिका वहां भारत के साथ ही चीन के प्रभाव को भी कम करने पर काम कर रहा है।

नेपाल में तांबा, लोहा, अबरख, मैग्नीशियम, सोना, यूरेनियम प्रचुर मात्रा में हैं। मैग्नीशियम और यूरेनियम के खनन को लेकर इस वक्त जोर आजमाइश हो रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले दिनों अपने विशेष दूत सर्गियो गोर को नेपाल भेजा था, हालांकि उनकी मुलाकात प्रधानमंत्री से नहीं हो पाई। सर्गियो गोर ने मंत्रियों और अधिकारियों से मुलाकात कर डोनाल्ड ट्रंप के संदेश को वहां तक पहुंचाया और कई ऑफर भी दिए। उनका मकसद चीन और भारत के प्रभाव को कम करना था, हालांकि इसमें उन्हें बहुत सफलता नहीं मिली है।

भारत और नेपाल का रिश्ता रोटी और बेटी वाला है। ऐसे में नेपाल सरकार जो भी निर्णय लेती है, उसे जनभावनाओं का ख्याल रखना पड़ता है, लेकिन कुछ ऐसे फैसले हुए हैं, जो दोनों देशों के हित में नहीं रहे। इससे पहले केपी ओली की सरकार भारत विरोधी कदम उठाती रही है। चीन का प्रभाव वहां तब बढ़ गया था। केपी ओली सरकार के फैसलों में चीन की छाप स्पष्ट दिखाई देती थी, हालांकि इसका खामियाजा चुनाव में ओली को भुगतना पड़ा।

नई सरकार के गठन के बाद लगा था कि भारत और नेपाल के रिश्ते पटरी पर आएंगे, लेकिन हाल ही में नई सरकार ने कुछ ऐसे कदम उठाए, जो हमारे हितों के लिए उचित नहीं हैं। ये न सिर्फ नेपाल के लोगों के लिए दुखदायी बने, बल्कि भारत के लोग भी परेशान दिखे। प्रधानमंत्री बालेन शाह की सरकार ने भारत से आने वाले 100 नेपाली रुपये से ज्यादा कीमत के सामान पर अनिवार्य कस्टम ड्यूटी लगाकर बड़ा झटका दिया, जबकि अभी तक भारत-नेपाल बॉर्डर दुनिया के सबसे खुले अंतर्राष्ट्रीय बॉर्डरों में से एक रहा है, जहां दोनों देशों के लोग बेरोक-टोक आते जाते रहे हैं।

इसके साथ ही भारत और चीन के बीच हुए समझौते के तहत उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले के लिपुलेख दर्रे और सिक्किम के नाथुला दर्रे से यात्रा शुरू होनी है। नेपाल बार-बार कहता है कि महाकाली नदी के पूरब में लिंपियाधुरा, लिपुलेख और कालापानी 1816 की सुगौली संधि के बाद से नेपाल का हिस्सा है। भारत- चीन के इस समझौते से नेपाल भारत से नाराज है। इसका लाभ भी अमेरिका उठाकर वहां खनिजों के खनन में निवेश करना चाहता है, इसलिए वह समान रूप से भारत और चीन के विरुद्ध है। नेपाल के मुस्तांग क्षेत्र में यूरेनियम के साथ ही दुर्लभ पृथ्वी खनिजों का विशाल भंडार है। अमेरिका चाहता है कि इस खनिज को निकालने का ठेका उसे मिले, ताकि वह अपना प्रभाव जमाना शुरू करे, जबकि चीन चाहता है कि यूरेनियम व अन्य खनिजों को निकालने का ठेका किसी तरह से उसे मिल जाए।

मुस्तांग क्षेत्र नेपाल-तिब्बत सीमा पर स्थित है। चीन पूरी दुनिया में बड़े पैमाने पर दुर्लभ खनिजों का निर्यात करता है। इसे वह अपने हितों के लिए कई बार दूसरे देशों को झुकाने के हथियार के रूप में भी करता है, इसलिए वह किसी भी स्थिति में वहां ठेका प्राप्त करने को आतुर दिख रहा है, जबकि भारत राजनयिक तरीके से इस कोशिश में लगा है कि उसे वहां ठेका मिले और नेपाल से उसके रिश्ते समृद्ध हों। खनिजों के ठेकों को लेकर महाशक्तियों द्वारा बनाए जा रहे दबाव से नेपाल के सत्ता प्रतिष्ठान में बैठे लोगों के साथ ही वहां के अन्य राजनीतिक दल भी परेशान हैं।

वहां पैठ मजबूत रहे इसलिए ही चीनी थिंकटैंक ने काठमांडू रिंग रोड के विस्तार के लिए 11 अरब नेपाली रुपये अनुदान के रूप में देने की घोषणा की है, तो अमेरिका ने नेपाल की सेना को छह लड़ाकू हेलीकॉप्टर देने का प्रस्ताव रखा है, हालांकि नेपाली आर्मी ने इस प्रस्ताव पर कोई फैसला नहीं लिया है। चीन का नेपाल में बढ़ता प्रभाव भारत के लिए अच्छा संकेत नहीं है, तो अमेरिका का नेपाल में दखल भी किसी तरीके से भारत के लिए शुभ संकेत नहीं है, इसलिए भारत सरकार की ओर से नेपाल को यह बताने की कोशिश की जा रही है कि भारत सदैव एक अच्छे पड़ोसी की तरह नेपाल के हर संकट में मदद करता रहा है, इसलिए उसकी धरती का उपयोग भारत के विरुद्ध न हो यह सरकार को सुनिश्चित करना होगा। साथ ही चीन के नेपाल पर बढ़ते कर्ज के जाल को लेकर भी भारत ने सतर्क किया है।

चीन का इतिहास ही रहा है कि पहले वह दोस्ती करता है, फिर विभिन्न परियोजनाओं के नाम पर कर्ज देता है और बाद में कर्ज वसूलने को दबाव बनाता है। चीन के भारी कर्ज के जाल में फंसकर श्रीलंका ने उसे अपने हंबनटोटा बंदरगाह को 99 वर्ष के लीज पर सौंप दिया। अंगोला, इथोपिया, केन्या, जांबिया, वेनेजुएला, कंबोडिया जैसे देश चीन के कर्ज से कराह रहे हैं। वे इससे उबरना तो चाहते हैं, लेकिन सफल नहीं हो पा रहे हैं, क्योंकि आर्थिक रूप से कमजोर हैं और दूसरे देशों से भी कर्ज लेकर अपनी अर्थव्यवस्था चला रहे हैं।

### आमने



बीजेपी चुनावों में सामाजिक और धार्मिक आधार पर मतदाताओं को बांटने की कोशिश कर रही है, जो लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है। आने वाले समय में कांग्रेस पार्टी बंगाल में मजबूती के साथ उभरेगी और जनता का समर्थन उसे और अधिक मिलेगा।
**-सुखविंदर सिंह सुक्खू**
मुख्यमंत्री
हिमाचल प्रदेश

### सामने



विपक्ष ने हर हार के बाद ईवीएम और संवैधानिक संस्थाओं पर प्रश्न खड़ा करना अपनी आदत बना लिया है। सुक्खू बंगाल, आसाम में ईवीएम हैक मानते हैं, मगर केरलम में उनकी पार्टी के गठबंधन की जीत पर चुप्पी साध लेते हैं।
**-अनुराग ठाकुर**
सांसद भाजपा

## व्यवस्था नहीं टूटी, पर इंसान टूट गया



प्रो. आरके जैन
शिक्षाविद्

सच का आईना अक्सर वहीं मिलता है, जहां नजरें कम जाती हैं। ओडिशा के एक ग्रामीण इलाके की सुनसान राह पर चलता वह व्यक्ति केवल राहगीर नहीं, बल्कि व्यवस्था की विफलता का प्रतीक बन गया था। उसके कंधों पर रखी गठरी में कोई वस्तु नहीं, बल्कि उसकी मृत बहन के अवशेष थे और भीतर अपमान, थकान व असहायता का गहरा बोझ था। कई किलोमीटर का यह सफर वर्षों की उपेक्षा और असमानता की खाई को पार करने जैसा था, जहां उसे मानवीय संवेदना की सीमा तक जाना पड़ा। उद्देश्य था, करीब बीस हजार रुपये, पर रास्ता इतना कठोर कि उसे अपनी बहन के अवशेष ही प्रमाण बनाने पड़े। यह दृश्य केवल पीड़ादायक नहीं, बल्कि भयावह है, जो व्यवस्था की संवेदनहीनता को उजागर करता है।

इसे केवल एक वायरल दृश्य मानकर आगे बढ़ जाना सबसे बड़ी चूक होगी। यह उस व्यक्ति की दास्तान है, जिसने व्यवस्था के दरवाज़े पर बार-बार दस्तक दी, पर हर बार कागज़ी औपचारिकताओं की दीवार से टकराकर लौटना पड़ा। वह व्यक्ति एक अशिक्षित, दिहाड़ी मजदूर, दरअसल उसी भारत का चेहरा है, जो अक्सर योजनाओं और आंकड़ों की भीड़ में गुम हो जाता है। उसके लिए बैंक, प्रमाण-पत्र और प्रक्रियाएं जीवन का सामान्य हिस्सा नहीं, बल्कि भय और उलझनों से भरा जाल हैं। बहन की मृत्यु के बाद बची थोड़ी-सी राशि ही उसके लिए आशा की अंतिम किरण थी। पर जब उस पर भी नियमों का कठोर पहरा लगा, तो उसका मानसिक संतुलन डगमगा गया। उसका यह कदम तर्कसंगत न हो, पर उसकी पीड़ा निःसंदेह सच्ची और असहनीय थी।

परिस्थिति का एक दूसरा आयाम भी है, जो उतना ही सख्त है और जिसे अनदेखा करना उचित नहीं। बैंक की मांग कोई मनमानी नहीं, बल्कि विधिक प्रक्रिया का अनिवार्य हिस्सा थी। मृत्यु प्रमाण-पत्र और वारिस की पुष्टि जैसे प्रावधान उसी व्यवस्था की नींव हैं, जो छल और धोखाधड़ी को रोकती है। यदि बिना दस्तावेज़ के राशि दे दी जाती, तो वही समाज बाद में बैंक को लापरवाह ठहराता। नियम संवेदनाओं के आधार पर नहीं, बल्कि सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बनाए जाते हैं। यह स्वीकार करना होगा कि व्यवस्था की कठोरता ही उसकी विश्वसनीयता का आधार बनती है, किंतु प्रश्न अब भी बना हुआ है, क्या इस कठोर ढांचे में मानवीय संवेदना के लिए कोई स्थान शेष है, या वह कागज़ी औपचारिकताओं के बोझ तले दबकर रह गई है?

यहीं से सवाल एक चुभती हुई सच्चाई बनकर उभरता है। दोष नियमों में है या उन्हें पाने की प्रक्रिया में? ग्रामीण भारत में मृत्यु प्रमाण-पत्र बनवाना भी कई लोगों के लिए कठिन काम बन जाता है। जानकारी की कमी, दफ्तरों की दूरी और भाषा-व्यवहार की खाई आम आदमी को बेबस कर देती है। उस व्यक्ति के लिए यह प्रक्रिया उतनी ही जटिल रही होगी, जितनी हमारे लिए किसी अनजाने देश के कानून समझना। उसका कदम गलत था, पर इसकी जड़ उस व्यवस्था में भी है, जिसने उसे सही रास्ता कभी दिखाया ही नहीं। जब रास्ते साफ नहीं होते, तो भटकाव मजबूरी बन जाता है।

डिजिटल दुनिया में उमड़ता गुस्सा अपने आप में एक कड़वा सच उजागर करता है। हम बिना पूरी तस्वीर देखे, तुरंत व्यवस्था को कटघरे में खड़ा कर देते हैं, जबकि असल समस्या कई स्तरों पर फैली होती है। यह मानना सही है कि गरीबी इंसान को संवेदनशील बनाती है, लेकिन जब यही संवेदना अति में बदल जाती है, तो सच्चाई ओझल हो जाती है। बैंक को दोष देना सरल है, पर यह सवाल उठाना कठिन है कि क्या हमने अपने समाज को इतना जागरूक बनाया है कि वह इन प्रक्रियाओं को समझ सके। यह घटना केवल एक व्यक्ति का दुख नहीं, बल्कि हमारी सामूहिक कमी का परिणाम है, जिसमें हम सब किसी न किसी रूप में भागीदार हैं।

अब बात सिर्फ खेद जताने तक सीमित नहीं रह सकती, बल्कि ठोस सुधार की मांग करती है। बैंकों और प्रशासन को यह स्वीकार करना होगा कि नियम तभी प्रभावी होते हैं, जब वे आम लोगों के लिए सहज और पहुंच में हों। ग्रामीण क्षेत्रों में सहायता केंद्र, सरल और स्पष्ट भाषा में जानकारी, तथा पंचायतों के साथ मजबूत समन्वय, ये सब अब जरूरत बन चुके हैं। संवेदनशीलता का अर्थ नियमों से समझौता नहीं, बल्कि उन्हें इस तरह लागू करना है कि हर व्यक्ति उन्हें समझ सके और अपनाने में सक्षम हो। अगर व्यवस्था लोगों तक पहुंचने में असफल रहती है, तो उसका अस्तित्व ही सवालों के घेरे में आ जाता है। यह घटना एक गहरी और कड़वी सच्चाई को सामने लाती है। हमारी व्यवस्था ऊपर से भले ही सुदृढ़ दिखे, लेकिन उसकी जड़ों में कहीं न कहीं कमजोरी छिपी हुई है। सबसे पीछे खड़ा आम व्यक्ति आज भी जरूरी जानकारी और बुनियादी सुविधाओं से दूर रह जाता है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

पांच राज्यों के चुनावों के शोर-गुल में यह खबर दब सी गई, लेकिन प्रश्न बड़ा है। सिस्टम कठोर क्यों है कि उसके नीचे इंसानियत दबकर मर जाए।

### सोशल फोरम

## नमक व कांटों वाली दीवार

चीन की 'ग्रेट वॉल' के बारे में तो सब जानते हैं, लेकिन क्या आपने भारत की उस 2,500 मील लंबी 'कांटों वाली दीवार' के बारे में सुना है? इसे अंग्रेजों ने पत्थरों से नहीं, बल्कि ज़हरीली झाड़ियों और ऊंचे पेड़ों से बनाया था, ताकि गरीब हिंदुस्तानी अपनी रोटी के साथ 'नमक' न खा सके।



अनिल मीणा
ब्लॉगर

एक ऐतिहासिक रिपोर्ट 'The Great Hedge of India' में इसका जिक्र मिलता है। सोचिए, हिमालय से लेकर कटक (उड़ीसा) तक अंग्रेजों ने एक ऐसी बाड़ खड़ी कर दी थी, जो इतनी घनी थी कि एक चूहा भी उसे पार नहीं कर सकता था।

वजह? नमक पर टैक्स (Salt Tax)। अंग्रेज चाहते थे कि हर भारतीय सिर्फ वही नमक खरीदे, जो ब्रिटेन से आता है या जिस पर कंपनी का भारी टैक्स हो। जो गरीब अपना नमक खुद बनाता था, उसे 'तस्कर' (Smuggler) करार दिया जाता था।

बताते हैं कि यह बाड़ 4,000 किलोमीटर लंबी थी। इसकी सुरक्षा के लिए अंग्रेजों ने 12,000 से ज्यादा गाड्र्स तैनात किए थे, ताकि कोई नमक का एक दाना भी इधर-से-उधर न कर सके। उस समय नमक टैक्स उसकी असली कीमत से 1,200% ज्यादा तक बढ़ा दिया गया था। मिसाल के तौर पर एक रुपये का नमक 13 रुपये में बिकता था।

नमक की कमी के कारण भारत के ग्रामीण इलाकों में लाखों लोग बीमारियों (जैसे- Goitre और आयोडीन की कमी) का शिकार हुए और कुपोषण से मर गए, क्योंकि गरीब जनता इतना महंगा नमक नहीं खरीद सकती थी। जब गांधी जी ने 'दांडी यात्रा' की थी, तो वो सिर्फ एक प्रतीकात्मक यात्रा नहीं थी, बल्कि इसी 'आर्थिक गुलामी' की जंजीरों को तोड़ने की शुरुआत थी।

इतिहास हमें सिखाता है कि जब कोई देश अपनी बुनियादी ज़रूरतों (जैसे नमक, पानी) के लिए दूसरों पर निर्भर होता है, तो वो गुलाम बन जाता है। आज भी हमें आर्थिक रूप से जागरूक होने की ज़रूरत है, ताकि कोई भी 'डिजिटल' या 'कॉर्पोरेट' दीवार हमें दोबारा गुलाम न बना सके।

इतिहास के पन्ने इस बात के गवाह हैं कि हमारे पूर्वजों ने सिर्फ गोलियों से नहीं, बल्कि अपनी भूख और नमक से भी आजादी की जंग लड़ी है।

**-फेसबुक वॉल से**

### सामयिकी

## वैश्विक अर्थव्यवस्था पर ऊर्जा निर्भरता का असर

मध्य पूर्व में जारी ईरान से जुड़ा सैन्य तनाव आज केवल क्षेत्रीय संघर्ष नहीं रह गया है, बल्कि उसने पूरी दुनिया की ऊर्जा व्यवस्था और आर्थिक संतुलन को गहराई से प्रभावित किया है। यह स्थिति हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि क्या हमारी ऊर्जा निर्भरता हमें भविष्य में और बड़े संकटों की ओर धकेल रही है। ईरान का भू-राजनीतिक महत्व इसलिए भी अधिक है, क्योंकि उसके पास स्थित होरमुज़ जलडमरूमध्य वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति का सबसे महत्वपूर्ण मार्ग है। दुनिया का एक बड़ा हिस्सा तेल और गैस सहित एलपीजी इसी रास्ते से होकर गुजरता है। जैसे ही युद्ध या तनाव के कारण इस मार्ग पर खतरा बढ़ता है, तुरंत वैश्विक बाजार में आपूर्ति बाधित होती है।



आकाश सपेलकर
वकील, सुप्रीम कोर्ट

भारत जैसे देश, जो अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं के लिए आयात पर काफी निर्भर हैं, इस संकट से सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। भारत अपनी एलपीजी का बड़ा हिस्सा मध्य पूर्व से आयात करता है। ऐसे में युद्ध के कारण आपूर्ति बाधित होते ही घरेलू बाजार में कीमतों का बढ़ना स्वाभाविक है। इसका सीधा असर आम जनता की रसोई पर पड़ता है, जहां पहले से ही महंगाई का दबाव बना हुआ है। सरकार पर भी सब्सिडी का बोझ बढ़ता है, जिससे राजकोषीय संतुलन प्रभावित होता है।

दूसरी ओर, यूरोप और अमेरिका जैसे विकसित देश भी इस संकट से अछूते नहीं हैं। यूरोप पहले ही ऊर्जा संकट से जूझ रहा है और अब गैस की बढ़ती कीमतों ने उसकी औद्योगिक उत्पादन क्षमता पर दबाव बढ़ा दिया है। अमेरिका में भी महंगे ईंधन के कारण महंगाई की दूसरी लहर की आशंका जताई जा रही है, जिससे उपभोक्ता खर्च और आर्थिक वृद्धि दोनों प्रभावित हो सकते हैं।

सबसे गंभीर स्थिति विकासशील देशों की है, जहां ऊर्जा आयात पर अत्यधिक निर्भरता है और आर्थिक संसाधन सीमित हैं। इन देशों में एलपीजी की कीमत बढ़ने का सीधा असर गरीब और मध्यम वर्ग पर पड़ता है, जिससे जीवन स्तर में गिरावट आती है। कई बार लोगों को मजबूर होकर पारंपरिक ईंधनों की ओर लौटना पड़ता है, जो पर्यावरण और स्वास्थ्य दोनों के लिए हानिकारक है। यह संकट केवल वर्तमान का नहीं, बल्कि भविष्य का भी संकेत देता है।

यदि ईरान से जुड़ा यह संघर्ष लंबा चलता है, तो वैश्विक ऊर्जा बाजार में अस्थिरता बनी रह सकती है। इससे न केवल कीमतें ऊंची रहेंगी, बल्कि ऊर्जा सुरक्षा भी खतरे में पड़ सकती है। यही कारण है कि अब विश्व के कई देश वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों जैसे-सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और इलेक्ट्रिक तकनीक की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं।

भारत के लिए यह समय एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हो सकता है। यदि हम अपनी ऊर्जा नीति को आत्मनिर्भरता की दिशा में नहीं ले जाते, तो भविष्य में ऐसे वैश्विक संकट हमारे लिए और अधिक गंभीर हो सकते हैं। हमें न केवल आयात पर निर्भरता कम करनी होगी, बल्कि घरेलू उत्पादन, पाइप गैस नेटवर्क और नवीकरणीय ऊर्जा को भी बढ़ावा देना होगा। साथ ही, ऊर्जा के रणनीतिक भंडारण (Strategic Reserves) पर भी ध्यान देना आवश्यक है। आज आवश्यकता है दूरदर्शी नीतियों की, जो न केवल वर्तमान संकट से निपटने में मदद करें, बल्कि भविष्य को भी सुरक्षित और स्थिर बनाएं।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 से मुद्रित एवं 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना*** 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

# कैम्पस



फूड इंडस्ट्री आज केवल उत्पादन तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसमें स्वाद, गुणवत्ता और नवाचार की अहम भूमिका हो गई है। बदलती लाइफस्टाइल और उपभोक्ताओं की बढ़ती अपेक्षाओं के बीच आइसक्रीम जैसे उत्पादों की मांग तेजी से बढ़ी है। ऐसे में आइसक्रीम टेस्टर का पेशा उभरते करियर विकल्प के रूप में सामने आया है। यह काम केवल स्वाद लेने तक सीमित नहीं, बल्कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण से हर पहलू की जांच करना होता है। यदि आपको खाने-पीने का शौक है और आप इस पेशे में आना चाहते हैं, तो यह क्षेत्र आपके लिए आकर्षक अवसर प्रदान करता है।

## स्वाद में उज्ज्वल भविष्य की संभावना

# आइसक्रीम टेस्टर

### आइसक्रीम टेस्टर की भूमिका

फूड इंडस्ट्री के विस्तार के साथ आइसक्रीम टेस्टर की भूमिका भी महत्वपूर्ण होती जा रही है। कंपनियां लगातार नए फ्लेवर विकसित करने और प्रोडक्ट की गुणवत्ता बनाए रखने पर जोर दे रही हैं। ऐसे में प्रशिक्षित प्रोफेशनल्स की मांग बढ़ रही है, जो स्वाद, बनावट और खुशबू का सूक्ष्म विश्लेषण कर सकें। यह करियर उन युवाओं के लिए विशेष रूप से उपयुक्त है, जो अपने शौक को पेशेवर रूप देना चाहते हैं। आइसक्रीम टेस्टर का कार्य केवल स्वाद चखना नहीं होता, बल्कि यह एक जिम्मेदारीपूर्ण प्रक्रिया है। प्रोफेशनल टेस्टर वैज्ञानिक तरीके से आइसक्रीम के फ्लेवर, टेक्सचर, मिठास और खुशबू का मूल्यांकन करते हैं। वे एक दिन में कई प्रकार के फ्लेवर का परीक्षण करते हैं और उनके आधार पर कंपनियों को सुझाव देते हैं, जिससे प्रोडक्ट की गुणवत्ता में सुधार हो सके।

### जरूरी स्किल्स

इस पेशे में सफल होने के लिए कुछ विशेष कौशलों का होना आवश्यक है-

- **स्वाद पहचानने की क्षमता :** विभिन्न फ्लेवर और मिठास के स्तर को बारीकी से समझना।
- **रचनात्मक सोच:** नए और अनोखे फ्लेवर विकसित करने की क्षमता रखना।
- **सुगंध और बनावट की समझ:** खुशबू और टेक्सचर के सूक्ष्म अंतर पहचानना।
- **धैर्य:** लगातार कई फ्लेवर टेस्ट करने के लिए मानसिक संतुलन बनाए रखना।
- **सूक्ष्म अवलोकन :** छोटे-छोटे अंतर को पकड़ने की क्षमता होना।
- **स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता:** लगातार टेस्टिंग के कारण स्वास्थ्य संतुलन बनाए रखना जरूरी है।



### करियर की संभावनाएं

फूड इंडस्ट्री के तेजी से विस्तार के चलते इस क्षेत्र में करियर की संभावनाएं भी बढ़ रही हैं। आइसक्रीम कंपनियां, डेयरी ब्रांड्स और बड़ी FMCG कंपनियां क्वालिटी कंट्रोल और प्रोडक्ट डेवलपमेंट के लिए टेस्टर की नियुक्ति करती हैं। इसके अलावा रिसर्च एंड डेवलपमेंट (R&D) विभाग में भी इनकी अहम भूमिका होती है। अनुभव के साथ व्यक्ति सीनियर टेस्टर, फ्लेवर एक्सपर्ट या प्रोडक्ट डेवलपर जैसे पदों तक पहुंच सकता है।

### सैलरी

शुरुआती स्तर पर इस क्षेत्र में काम करने वाले प्रोफेशनल्स को लगभग 2.5 से 3.5 लाख रुपये सालाना तक का पैकेज मिल सकता है। अनुभव और विशेषज्ञता बढ़ने के साथ यह आय तेजी से बढ़ती है। बड़ी कंपनियों में अनुभवी टेस्टर को आकर्षक वेतन और अन्य सुविधाएं भी मिलती हैं, जिससे यह करियर आर्थिक रूप से भी लाभदायक बन जाता है।

आइसक्रीम टेस्टर का पेशा उन लोगों के लिए एक अनूठा अवसर है, जो स्वाद के प्रति संवेदनशील हैं और फूड इंडस्ट्री में अपना भविष्य बनाना चाहते हैं।

### आवश्यक शैक्षणिक योग्यता

भारत में इस क्षेत्र के लिए कोई विशेष डिग्री निर्धारित नहीं है, लेकिन फूड साइंस या फूड टेक्नोलॉजी में स्नातक या स्नातकोत्तर डिग्री इस दिशा में मजबूत आधार प्रदान करती है। इसके अलावा डेयरी टेक्नोलॉजी जैसे विषय भी सहायक होते हैं। पढ़ाई के दौरान किसी प्रतिष्ठित फूड कंपनी या आइसक्रीम ब्रांड में इंटर्नशिप करना व्यावहारिक अनुभव दिलाने में मदद करता है, जो करियर की शुरुआत के लिए बेहद उपयोगी साबित होता है।



## वर्ड स्मिथ

### कहां से आया नोटिस शब्द

'नोटिस' शब्द आज हमारी रोजमर्रा की भाषा, प्रशासनिक कामकाज और कानूनी प्रक्रियाओं में बहुत सामान्य रूप से इस्तेमाल होता है, लेकिन इसकी उत्पत्ति काफी रोचक है। 'नोटिस' अंग्रेजी के notice शब्द से आया है, जिसका मूल लैटिन भाषा के शब्द notitia में मिलता है। Notitia का अर्थ होता है- 'जानकारी', 'सूचना' या 'ज्ञान'। यही शब्द आगे चलकर पुरानी फ्रेंच (Old French) में notice के रूप में विकसित हुआ, जिसका अर्थ था किसी बात की जानकारी देना या किसी तथ्य को सार्वजनिक करना।




मध्यकालीन यूरोप में जब प्रशासनिक और कानूनी व्यवस्थाएं विकसित हो रही थीं, तब लोगों तक सूचना पहुंचाने के लिए लिखित घोषणाओं का उपयोग बढ़ा। इन्हीं लिखित सूचनाओं को notice कहा जाने लगा। धीरे-धीरे यह शब्द अंग्रेजी भाषा में स्थायी रूप से शामिल हो गया और इसका प्रयोग किसी आधिकारिक सूचना, चेतावनी या घोषणा के लिए होने लगा। भारत में 'नोटिस' शब्द का प्रचलन अंग्रेजों के शासनकाल के दौरान बढ़ा। ब्रिटिश प्रशासन में कानूनी और सरकारी कामकाज अंग्रेजी में होता था, इसलिए notice शब्द भी सीधे भारतीय भाषाओं में आ गया। हिंदी में इसे 'नोटिस' के रूप में अपनाया गया और इसका अर्थ हुआ- किसी व्यक्ति या समूह को दी गई औपचारिक सूचना, जैसे अदालत का नोटिस, स्कूल का नोटिस या किसी संस्था की सूचना। आज 'नोटिस' केवल कानूनी शब्द नहीं रहा, बल्कि यह संचार का एक महत्वपूर्ण माध्यम बन चुका है। स्कूल, दफ्तर, संस्थान और सार्वजनिक स्थानों पर सूचना देने के लिए 'नोटिस' का व्यापक उपयोग होता है, जो इसकी ऐतिहासिक यात्रा को दर्शाता है।

## किसी नई जगह पर खुद को ढालने में लगता है समय

**कैंपस का पहला दिन**

जिस अगली सुबह मेरे कॉलेज का पहला दिन था, उस रात बेचैनी के कारण मैं सो नहीं सका। सुबह उठने में देर हुई फिर इतनी जल्दी तैयार हुआ मानो समय से न पहुंचा तो गेट पर खड़ा कर दिया जाऊंगा। आखिर इंटर कॉलेज वाले सख्त अनुशासन के माहौल की आदत जो थी। दिल में अजीब-सी हलचल थी- थोड़ा डर, थोड़ा उत्साह, थोड़ा गर्व और बहुत सारी उम्मीदें। बहरहाल नाश्ता करके मम्मी पापा का आशीर्वाद लिया और चल पड़ा अपनी स्कूटी लेकर कॉलेज की ओर। लखनऊ के रास्ते में सुबह-सुबह वाहनों के हॉर्न से गूंज रहे थे। किसी तरह मैं अपने कॉलेज बीबीडी पहुंचा। कॉलेज का गेट देखते ही दिल धक से रह गया। इतना विशाल बड़ा मैदान? ऊंची इमारतें और हर तरफ छात्र-छात्राओं की जमघट। गेट पर कुछ सीनियर वेलकम फ्रेशर्स चिल्ला रहे थे और मैं अपने नए बैग के साथ दिल की धड़कनें भी थामे हुआ था। मन में अजीब सी उधेड़बुन चल रही थी- कहां जाऊं पहले, कुछ किसी से पूछूं तो जवाब देगा कि नहीं?



हर्ष पंत
हल्द्वानी

बहरहाल एक उत्साह भी था- स्कूल की यूनिफॉर्म से आजादी, नए चेहरे, इंजीनियरिंग क्लासों के सपने जो दीवाली की रोशनी से भी चमकदार लगते थे। एक सीनियर ने तो मेरा बैग देखकर कहा, "भाई, ये तो लगता है स्कूल का बैग है!" सब हंस पड़े। मुझे भी हंसी आ गई। थोड़ा उत्साह बढ़ा और एडमिशन प्रोसेस के बाद चल पड़ा अपनी क्लास की तलाश में। कैंपस का नक्शा ऐसा लग रहा था जैसे किसी ने सर्किट डायग्राम बनाकर बोला हो- ढूंढ लो अपना क्लास, अगर दम है तो। इधर-उधर भटकते बहुत मुश्किल से मैं अपनी क्लास पहुंचा। यहां पहुंचकर मुझे ऐसी उपलब्धि का एहसास हुआ मानो मैं डिटेक्टिव शरलॉक होम्स हूं और क्लास ढूंढ कर मैंने कोई बड़ा केस सॉल्व कर दिया हो।

क्लास के भीतर पहुंचते ही मैं आखिरी सीट की ओर बढ़ा, लेकिन लेट होने के कारण वो सीट भी खाली नहीं थी। फिर मायूसी को भुलाकर मैं राइट साइड की दूसरी सीट पर बैठा। वहां मेरी मुलाकात कुछ दोस्तों से भी हुई, जिनका नाम अरुण और अमित था। बात करने पर पता चला कि उनका भी पहला दिन था और इससे पहले वे भी गलत क्लास में चले गए थे, जहां मैनेजमेंट स्टूडेंट्स बैठे थे। हम कुछ बात कर पाते कि तभी एंट्री हुई कॉलेज के हेड की। उन्होंने हमें कॉलेज के नियम बताए। फिर कहा कुछ मन सवाल हो तो पूछो। मैंने भी स्मार्टनेस दिखाने में चूक न की और उनसे पासिंग् मार्कस पूछ लिया। इस सवाल पर पूरी क्लास हंस पड़ी। मानो मानसून की पहली फुहार। जवाब में हेड ने कहा इसका जवाब पूरी क्लास का पहला कार्यभार है। उसके बाद बाकी टीचर ने अपना कार्यक्रम बताया। जब लंच हुआ तो मैं अमित के साथ चल पड़ा कैंटीन की ओर। वहां पता चला की सीनियर्स, फ्रेशर्स को माधुरी दीक्षित के हिट गाने पर डांस करा रहे थे। कुछ ठुमके मारने के बाद हमने भी लाजवाब समोसे का लुफ्त उठाया। फिर चल पड़े वापस क्लास की ओर। वहां जाने पर पता चला कि छुट्टी हो गई है।

बाद में हम लोग बाकी दोस्तों से मिले, जो हॉस्टल में रहते थे। कोई क्रिकेटर था तो कोइ डांसर। हमने नाम और फोन नंबर एक दूसरे का जाना और फिर दोस्तों को कल मिलने का वादा कर मैं निकल पड़ा घर की ओर। घर की ओर जाते वक्त मन रोमांचित हो रहा था। रात को सोते समय बार-बार मन में यहीं आ रहा था कि कल से नई जिंदगी शुरू होगी। कॉलेज का पहले दिन भले थोड़ी उलझन लगी, लेकिन यही दिन आगे चलकर खूबसूरत सफर में बदल गया। पहला दिन हमें सिखाता है कि हर नई जगह खुद को ढालने में समय लगता है, फिर वक्त गुजरने के साथ वही जगह अपनी लगने लगती है।



## कुशल रणनीति और सटीक अध्ययन से पाएं यूपीटीईटी में सफलता

यूपीटीईटी 2026 परीक्षा अब ज्यादा दूर नहीं है और लगभग 60 दिन का समय शेष है। ऐसे में यह समय आपकी तैयारी को अंतिम रूप देने का है, न कि नई शुरुआत करने का। सही रणनीति, सटीक अध्ययन और नियमित अभ्यास के माध्यम से आप इस परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। चूंकि यूपीटीईटी एक पात्रता परीक्षा है, इसलिए लक्ष्य केवल पास होना नहीं, बल्कि अच्छे अंकों के साथ सफलता हासिल करना होना चाहिए। यदि आप इन 60 दिनों का सही उपयोग करते हैं, तो न केवल आप कट-ऑफ से ऊपर स्कोर कर पाएंगे, बल्कि भविष्य के शिक्षण करियर के लिए मजबूत नींव भी तैयार कर सकेंगे।



नवनीत तिवारी
करियर काउंसर

### मुख्य विषयों पर बढ़ाएं फोकस

बाल विकास एवं शिक्षाशास्त्र पर विशेष ध्यान दें, क्योंकि इसका वेटेज दोनों पेपर में अधिक होता है। इसके साथ ही भाषा विषयों में समझ और व्याकरण को मजबूत करें। जिस पेपर की तैयारी कर रहे हैं, उसके अनुसार गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान और पर्यावरण अध्ययन पर भी ध्यान केंद्रित करें।

### सिलेबस और परीक्षा पैटर्न को समझें

तैयारी के इस अंतिम चरण में सबसे पहले पूरे सिलेबस और परीक्षा पैटर्न को दोबारा अच्छी तरह समझें। यह जानना जरूरी है कि किस विषय से कितने प्रश्न आते हैं और किन टॉपिक्स का वेटेज अधिक है। इससे आप अपनी पढ़ाई को सही दिशा में ले जा सकते हैं और अनावश्यक विषयों पर समय बर्बाद होने से बच सकते हैं।

### पिछले वर्षों के ट्रेंड का विश्लेषण करें

पिछले वर्षों के प्रश्नपत्रों को हल करना और उनका विश्लेषण करना बेहद जरूरी है। इससे आपको यह समझने में मदद मिलेगी कि किन विषयों से बार-बार प्रश्न पूछे जाते हैं और परीक्षा का कठिनाई स्तर कैसा रहता है। इस आधार पर आप अपनी रणनीति को और मजबूत बना सकते हैं।

### सीमित और गुणवत्ता वाली अध्ययन सामग्री चुनें

इस समय नई किताबें या कई स्रोतों को फॉलो करने से बचें। केवल उन्हीं नोट्स और पुस्तकों पर ध्यान दें, जिनसे आपने पहले पढ़ाई की है। एक विषय के लिए एक ही स्रोत को फॉलो करना बेहतर होता है, इससे कंफ्यूजन कम होता है और रिवीजन आसान हो जाता है।

### मॉक टेस्ट को दें प्राथमिकता

अब समय है अधिक से अधिक मॉक टेस्ट देने का। सप्ताह में कम से कम 2-3 फुल-लेंथ मॉक टेस्ट हल करें। इसके अलावा रोजाना छोटे-छोटे क्विज भी हल करें, जिससे आपकी गति और सटीकता में सुधार होगा। नियमित अभ्यास आपको परीक्षा के माहौल के लिए तैयार करेगा।

### प्रदर्शन का विश्लेषण करें

हर मॉक टेस्ट के बाद अपनी गलतियों का विश्लेषण करना बेहद जरूरी है। यह समझें कि आप किन टॉपिक्स में कमजोर हैं और वहां ज्यादा समय दें। यह रणनीति आपको लगातार सुधार करने में मदद करेगी।

### कांसेप्ट की स्पष्टता पर दें ध्यान

इन 60 दिनों में रटने की बजाय कॉन्सेप्ट को समझने पर जोर दें। पेपर 1 में बेसिक समझ और शिक्षण कौशल पर फोकस होता है, जबकि पेपर 2 में गहराई से समझ और उसका प्रयोग पूछा जाता है। स्पष्ट अवधारणाएं आपको हर प्रकार के प्रश्न हल करने में मदद करेंगी।

### नियमित करें रिवीजन

हर सप्ताह कम से कम एक दिन केवल रिवीजन के लिए निर्धारित करें। जो भी आपने पढ़ा है, उसे दोहराना बेहद जरूरी है, वरना परीक्षा के समय याद रखना कठिन हो सकता है। छोटे-छोटे नोट्स बनाकर रिवीजन करना और भी प्रभावी रहेगा।

समय प्रबंधन और स्पीड पर काम करें

परीक्षा में समय सीमित होता है, इसलिए प्रश्नों को तेजी और सही तरीके से हल करना जरूरी है। अभ्यास के दौरान टाइमर लगाकर पेपर हल करें, ताकि आपकी स्पीड और एक्यूरेसी दोनों बेहतर हो सकें।



## जॉब अलर्ट

### भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड

- पद का नाम- जूनियर एग्जीक्यूटिव (इंजीनियरिंग / अकाउंट्स / वेसाइड एमेनिटीज़), सेक्रेटरी BPCL, एसोसिएट एग्जीक्यूटिव (क्वालिटी एश्योरेंस / राजभाषा कार्यान्वयन)
- कुल पद-250 पद
- योग्यता- डिप्लोमा, B.Com / BBA / B.Sc / BMS / BHM, M.Sc, हिंदी में मास्टर्स, Inter CA / Inter CMA + ग्रेजुएशन
- आवेदन की अंतिम तारीख-17 मई 2026 से बढ़ाकर 24 मई 2026 कर दी गई है।
- वेबसाइट-www.bharatpetroleum.in

### नेशनल हाईवेज एंड फ्रेंचाइजी कॉर्पोरेशन लिमिटेड

- पद का नाम- उप प्रबंधक (तकनीकी कैडर), ई2 ग्रेड विभाग सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार संगठन का प्रकार केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम (सीपीएसई) / भारत सरकार का एक उद्यम
- कुल पद- 85
- वेतनमान- रु. 50,000-3%-1,60,000 (ई2 ग्रेड)
- चयन का तरीका- 2024/2025/2026 में गेट स्कोर (सिविल इंजीनियरिंग) में सर्वश्रेष्ठ स्कोर अनिवार्य स्कोर इंजीनियरिंग इंजीनियरिंग में वैध गेट
- वेबसाइट -www.nhidcl.com

### भारत सरकार, रक्षा मंत्रालय

- पद का नाम-CSBO ग्रेड-II
- पदों की संख्या-190
- ग्रुप-ग्रुप सी
- वेतन स्तर-स्तर-3 (21,700 + भत्ते)
- योग्यता-10 वीं पास
- आयु सीमा-18 से 25 वर्ष
- वेबसाइट-www.indianarmy.nic.in

## बिजनेस ब्रीफ

### एलएंडटी को मिला जेएसडब्ल्यू स्टील से 15,000 करोड़ का ठेका

**नई दिल्ली।** बुनियादी ढांचा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) का जेएसडब्ल्यू स्टील से 10,000 से 15,000 करोड़ रुपये के बीच का बड़ा ठेका मिला है। अपनी रणनीतिक वृद्धि योजना के तहत जेएसडब्ल्यू स्टील 2031 तक अपनी कच्चे इस्पात प्रसंस्करण क्षमता को 3.5 करोड़ टन प्रति वर्ष (एमटीपीए) से बढ़ाकर पांच करोड़ टन प्रति वर्ष से अधिक करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। इसके अनुरूप, एलएंडटी को कर्नाटक के बल्लारी और ओडिशा के पारादीप स्थित जेएसडब्ल्यू के संयंत्रों में मुख्य रूप से ब्लास्ट फर्नेस तथा स्टील मेल्ट शॉप सहित महत्वपूर्ण प्रक्रिया सुविधाओं की इंजीनियरिंग, खरीद एवं स्थापना का काम सौंपा गया है। एलएंडटी ने बुधवार को बीएसई को दी गई सूचना में कहा कि एलएंडटी के खनिज एवं धातु व्यवसायिक खंड को घरेलू धातु क्षेत्र में अब तक का सबसे बड़ा ठेका मिला है।

### एनएमडीसी ने 200 रुपये प्रति टन बढ़ाए लौह अयस्क के दाम

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की एनएमडीसी ने लौह अयस्क के टुकड़े और चूरे की कीमतों में 200 रुपये प्रति टन की वृद्धि की है। बढ़ी हुई कीमतें तत्काल प्रभाव से लागू हो गयी हैं। देश की सबसे बड़ी लौह अयस्क खनन कंपनी ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसने बैला टुकड़े (लंप) अयस्क का दाम 5,500 रुपये प्रति टन और चूरे (फाइन) का 4,700 रुपये प्रति टन तय किया है। लौह अयस्क टुकड़े या उच्च श्रेणी के लौह अयस्क में 65.5 प्रतिशत लौह सामग्री होती है। वहीं लौह अयस्क चूरा निम्न श्रेणी का अयस्क है जिनमें 64 प्रतिशत या उससे कम लौह सामग्री होती है। एनएमडीसी ने पांच अप्रैल को घोषित पिछले मूल्य संशोधन में, बैला टुकड़े का दाम 5,300 रुपये प्रति टन और चूरे का 4,500 रुपये प्रति टन तय किया था।

### किरण मजूमदार-शॉ ने भतीजी क्लेयर को चुना उत्तराधिकारी

**नई दिल्ली।** बायोकॉन की संस्थापक एवं कार्यकारी चेयरपर्सन किरण मजूमदार-शॉ ने अपनी भतीजी क्लेयर मजूमदार को उत्तराधिकारी के रूप में चुना और भारत की प्रमुख जैव प्रौद्योगिकी कंपनी के लिए उत्तराधिकार योजना तय की है। मजूमदार-शॉ (73) की कोई संतान नहीं है। शॉ ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि उन्होंने अपनी भतीजी क्लेयर को उत्तराधिकारी चुना है। स्पष्ट किया कि यह बदलाव जल्द नहीं होने जा रहा है। शॉ ने लिखा कि अभी कुछ समय तक पद छोड़ने की योजना नहीं है। क्लेयर समय के साथ धीरे-धीरे मेरी भूमिका संभालेंगी। क्लेयर मजूमदार (37) बायोकॉन की संस्थापक किरण के भाई रवि मजूमदार की बेटी हैं।

# प्रोजेक्ट फ्रीडम स्थगन की खबरों से 100 डॉलर के नीचे आया कच्चा तेल

## 98.30 डॉलर प्रति बैरल हो गई ब्रेंट क्रूड की कीमतें, सुबह 108 डॉलर था भाव

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पश्चिम एशिया तनाव कम होने की उम्मीद के साथ राहत देने वाली खबर यह है कि कच्चे तेल की कीमतें 100 डॉलर के नीचे आ गई हैं। कच्चे तेल की कीमतों में यह गिरावट अमेरिका और ईरान के बीच जंग खत्म करने के लिए समझौतेकी खबरों के बाद आई।

ब्रेंट तेल के जुलाई अनुबंध की कीमत 11.57 डॉलर या 10.53 प्रतिशत फिसलकर 98.30 डॉलर प्रति बैरल हो गई। वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) 12.39 डॉलर यानी 12.11 प्रतिशत टूटकर 89.88 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। हालांकि, 28 फरवरी को युद्ध शुरू होने से पहले कच्चे तेल की कीमतें 70 डॉलर प्रति बैरल थीं।

अमेरिका-ईरान युद्ध के कारण खाड़ी क्षेत्र में तेल के उत्पादन और सप्लाई में कमी आई है। इस युद्ध के कारण ही ईरान अब तक स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज से ऑयेल टैंकर गुजरने से रोक रहा था। खास बात ये है कि दुनिया भर के करीब पांचवें हिस्से की तेल और गैस सप्लाई आमतौर पर इसी रास्ते से होती है, जो हफ्तों से लगभग बंद पड़ा है। युद्ध शुरू होने के बाद से दुनिया भर में गैस की कीमतें भी आसमान छू रही हैं।





- युद्ध शुरू होने से पहले 70 डॉलर प्रति बैरल था भाव
- युद्ध के कारण तेल के उत्पादन और सप्लाई में कमी आई है

वायदा कारोबार में कच्चे तेल की कीमत बुधवार को 11 प्रतिशत से अधिक गिरावट के साथ 8,588 रुपये प्रति बैरल पर आ गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर मई में आपूर्ति वाले कच्चे तेल के अनुबंधों का भाव 1,110 रुपये यानी 11.45 प्रतिशत फिसलकर 8,588 रुपये प्रति बैरल रह गया। इसमें 12,132 लॉट का कारोबार हुआ।

इसी तरह, जून अनुबंध का भाव भी 1,098 रुपये यानी 11.69 प्रतिशत टूटकर 8,298 रुपये प्रति बैरल पर आ गया। इसमें 4,274 लॉट का कारोबार हुआ।

विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच संघर्ष समाप्त करने एवं व्यापक परमाणु वार्ता का मार्ग प्रशस्त करने के उद्देश्य से प्रारंभिक समझौते के करीब पहुंचने की खबरों के बाद कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आई।

### ट्रंप ने 'ट्रुथ सोशल' पर की घोषणा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों को सुरक्षा देने के लिए 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' को स्थगित कर दिया है। उन्होंने दावा किया है कि ईरान के साथ युद्ध खत्म करने के लिए एक समझौते की दिशा में बातचीत में प्रगति हुई है। मंगलवार को 'ट्रुथ सोशल' पर एक पोस्ट में ट्रंप ने कहा कि ईरान के प्रतिनिधियों के साथ एक पूर्ण और अंतिम समझौते की दिशा में काफी प्रगति हुई है। होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने की वजह से फंसे जहाजों को सुरक्षित निकालने के लिए सोमवार को 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' शुरू किया गया था। 'ट्रुथ सोशल' पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का बयान अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के इस ऐलान के कुछ घंटों बाद आया है कि 28 फरवरी को शुरू किया गया ऑपरेशन 'एपिक फ्यूरी' खत्म हो गया है और इसके मकसद पूरे हो गए हैं।

### लंबाई, जलने की क्षमता और खुशबू से तय होगी गुणवत्ता

# अगरबत्ती की गुणवत्ता के बीआईएस मानक तय

**इरा अवस्थी, कन्नौज**

**अमृत विचार :** लंबे इंतजार के बाद आखिरकार अगरबत्ती के बीआईएस (भारतीय मानक ब्यूरो) मानक निर्धारित हो गए हैं। इनमें अगरबत्ती की स्टैंडर्ड लंबाई, हाथ या मशीन से निर्मित अगरबत्ती, जलने की क्षमता के साथ ही खुशबू के मानक तय कर दिए गए हैं।

फ्रेगरेंस एंड फ्लेवर डेवलपमेंट सेंटर (एफएफडीसी) के प्रधान निदेशक शक्ति विनय शुक्ला ने बताया कि बीआईएस ने अगरबत्ती के मानक कई स्तरों पर निर्धारित किए हैं। अगरबत्ती का मतलब बांस की सींक + लेप + खुशबू होता है।

एफएफडीसी के अनुसार केंद्र ने अगरबत्ती के मापदंड और खुशबू की मात्रा जानने का तरीका बनाया है। इसके लिए खादी विलेज इंडस्ट्री कमीशन ने एफएफडीसी जो सेंटर ऑफ एक्सीलेंस है, को फंडिंग की थी। आगे अब सेंटर बीआईएस के साथ मिलकर टेस्टिंग की तैयारी कर रहा है। हाथ से बनी अगरबत्ती के मानक सरल रखे गए हैं जबकि मशीन वाली के कुछ सख्त हैं।

मसाले में क्या चीज किस मात्रा में पड़ेगी और क्या नहीं पड़ना चाहिए यह भी सूचीबद्ध किया गया है।



अगरबत्ती बनाना सीखते प्रशिक्षु।

> अब अगरबत्ती निर्माता ब्रांड लांच करते समय बीआईएस मानक निर्धारित करके ही बाजार में उतार सकेंगे। **-विनय शुक्ला,** एफएफडीसी के प्रधान निदेशक

#### सैंपलिंग इस तरह होगी

लॉट से सैंपल आईएस 4905 के हिसाब से रैंडम चुनेंगे। विजुअल + डायमेंशन टेस्ट पहले होंगे। अगर डिफेक्टिव स्टिक अनुमन्य सीमा से ज्यादा हुईं तो लॉट फेल। पास होने पर खुशबू, लेप, बर्निंग क्वालिटी टेस्ट होंगे।

#### पैकेट पर जरूर लिखें

प्रोडक्ट का नाम, ग्रेड/टाइप, मैन्युफैक्चरर का नाम + ट्रेडमार्क, नेट वजन/यूनिट, बैच नंबर, कानूनी जरूरत की अन्य जानकारी। बीआईएस सर्टिफिकेशन मार्क भी लगा सकते हैं। लीगल मेट्रोलॉजी के नियम मानने होंगे।

#### ये हैं अगरबत्ती के मानदंड

- ग्रेड की बीत करें तो तीन तरह की अगरबत्ती होती है, मशीन से बनी, हाथ से बनी और मसाला अगरबत्ती। तय हुआ है कि पैकेट की हर अगरबत्ती की लंबाई-मोटाई बराबर होनी चाहिए। इतनी मजबूत हो कि स्टैंड में रखने पर सीधी खड़ी रहे, अपने वजन से मुड़े नहीं। स्टैंड के सुराख का साइज बांस की मोटाई के हिसाब से होना चाहिए। अगरबत्ती में फंगस नहीं होनी चाहिए।
- बांस का खाली यानी पकड़ने वाला हिस्सा कम से कम 1 सेमी होना चाहिए और स्टैंड में फिट आना चाहिए। लेप में कोई फिजिकल डिफेक्ट न हो। लेप वाली लंबाई कुल लंबाई की कम से कम 60 प्रतिशत होनी चाहिए।
- प्रतिबंधित केमिकल लेप या खुशबू नहीं होनी चाहिए। लेप वाले पूरे हिस्से के जलने तक लगातार सुगंध आनी चाहिए। माचिस या लाइटर से अगरबत्ती तुरंत जले और लगातार जलती रहे। जलते समय चिंगारी न निकले, जलता हुआ सिरा टूटकर गिरे नहीं।

# अमेरिका-ईरान वार्ता में प्रगति, तेल कीमतों में गिरावट से सेंसेक्स 941 अंक चढ़ा

**मुंबई, एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान के साथ युद्ध समाप्त करने के लिए बातचीत में प्रगति के दावे के बाद बुधवार को स्थानीय शेयर बाजार में जोरदार तेजी देखने को मिली। कारोबार के अंतिम घंटे में तेज लिवाली से बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 940.73 अंक यानी 1.22 प्रतिशत उछलकर 77,958.52 अंक पर पहुंच गया। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,004.99 अंक यानी 1.30 प्रतिशत की बढ़त के साथ 78,022.78 अंक पर पहुंच गया था। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 298.15 अंक यानी 1.24 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,330.95 अंक पर बंद हुआ। वैश्विक बाजारों के सकारात्मक रुख ने भी स्थानीय बाजार को समर्थन दिया।

एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पोनमुडी आर ने कहा कि अमेरिका-ईरान के बीच शांति वार्ता तथा ऊर्जा कीमतों में गिरावट से बाजार को जरूरी समर्थन मिला।



- ब्रेंट क्रूड ऑयल 8 प्रतिशत टूटकर 101.1 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।
- व्यापक बाजार में छोटी कंपनियों से जुड़ा बीएसई स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक 2.25 प्रतिशत चढ़ गया। मझोली कंपनियों से संबंधित मिडकैप में 2.10 प्रतिशत का लाभ रहा।
- विदेशी संस्थागत निवेशकों ने 3,621.58 करोड़ के शेयर बेचे।
- एशिया एशियाई बाजारों में, द. कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग बढ़त के साथ बंद हुए। कॉस्पी में छह प्रतिशत से ज्यादा का उछाल आया।
- यूरोप के बाजार बढ़त में थे। अमेरिकी बाजार मंगलवार को सकारात्मक रुख के साथ बंद हुए थे।

- **नुकसान में रहे शेयर :**-एयरलाइन कंपनियों के लिए ऋण सुविधा की घोषणा से इंटरग्लोब एविएशन के शेयरों में 6.6% की तेजी आई। इसके अलावा ट्रेंट, एशियन पेंट्स, भारतीय स्टेट बैंक, एचडीएफसी बैंक और इटर्नल के शेयर भी लाभ में रहे।
- **गिरावट में रहे शेयर :**-रिलायंस इंडस्ट्रीज में 1.8 % की गिरावट आई। लार्सन एंड टुब्रो, पावर ग्रिड और एनटीपीसी के शेयरों में भी गिरावट रही।

### रुपया 69 पैसे मजबूत

**मुंबई, एजेंसी।** पश्चिम एशिया संकट के समाधान की उम्मीद में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर डॉलर और कच्चे तेल में भारी गिरावट देखी गयी जिससे रुपये ने जबरदस्त वापसी की और 69 पैसे ऊपर बंद हुआ। अमेरिका ने कहा है कि ईरान के साथ शांति वार्ता में सकारात्मक प्रगति हुई है और जल्द ही स्थायी समझौता हो सकता है। इससे डॉलर सूचकांक करीब 0.5 फीसदी लुढ़क गया। इससे अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया 68.75 पैसे मजबूत बंद हुआ और कारोबार की समाप्ति पर एक डॉलर 94.4925 रुपये का बोला गया।

# रिलायंस फाउंडेशन ने महिलाओं की डिजिटल पहुंच बढ़ाने को शुरू की 200 करोड़ की मुहिम

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** रिलायंस फाउंडेशन और गेट्स फाउंडेशन ने महिलाओं की डिजिटल भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से 'शीकनेक्ट्स डिजिटल एक्सेलेरेटर' अभियान शुरू करने की बुधवार को घोषणा की। रिलायंस फाउंडेशन ने बुधवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि 200 करोड़ रुपये की इस पहल का उद्देश्य भारत और सब-सहारा अफ्रीका में महिलाओं और लड़कियों तक डिजिटल तकनीक की पहुंच और उसके उपयोग को बढ़ावा देना है। अगले तीन साल में यह कार्यक्रम ऐसे स्थानीय और प्रभावी डिजिटल समाधानों की पहचान करने और उन्हें बड़े स्तर तक पहुंचाने की दिशा में काम करेगा, जो महिलाओं की जिंदगी और आजीविका को बेहतर बनाने में मदद कर सकें। रिलायंस फाउंडेशन भारत में इस कार्यक्रम के तहत ऐसे डिजिटल समाधानों को आगे बढ़ायेगा, जो पहले से असरदार साबित हुए हैं।

# अप्रैल में 75.14 प्रतिशत बढ़ी इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों की बिक्री

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों (पीवी) की बिक्री अप्रैल में 75.14 प्रतिशत बढ़कर 23,506 इकाई हो गई जबकि पिछले वर्ष इसी महीने यह 13,421 इकाई थी। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशंस (फाडा) ने बुधवार को यह जानकारी दी। फाडा के आंकड़ों के अनुसार, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड अप्रैल में 8,543 इकाइयों के साथ शीर्ष पर रही जबकि महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड 5,413 इकाइयों के साथ दूसरे स्थान पर रही। इसके बाद 5,006 इकाई के साथ जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया का स्थान रहा।

# एफसीआई गोदामों में गेहूं और चावल का भंडार बफर मानकों से तीन गुना अधिक

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

सरकार के गेहूं एवं चावल का भंडार भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के गोदामों में एक अप्रैल को बढ़कर 604.02 लाख टन पर पहुंच गया, जो निर्धारित बफर मानक 210.40 लाख टन का लगभग तीन गुना है। आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है।

आंकड़ों के मुताबिक, चावल का भंडार 386.10 लाख टन रहा, जो 135.80 लाख टन के बफर मानक से काफी अधिक है। वहीं, गेहूं का भंडार 217.92 लाख टन दर्ज किया गया, जबकि इसका बफर मानक 74.60 लाख टन है।

अनाज भंडारण के बफर मानक तिमाही आधार पर संशोधित किए जाते हैं। मौजूदा मानक एक अप्रैल से लागू हैं और अगला संशोधन एक जुलाई को होगा। सरकार सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के तहत जरूरतमंदों को अनाजों की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए ये भंडार बनाए रखती है।

इस बीच, 2026 की रबी फसलों की खरीद प्रक्रिया जारी है। देश में 334.17 लाख हेक्टेयर में बोए गए गेहूं में से लगभग 97 प्रतिशत की कटाई हो चुकी है, जबकि दलहनों की कटाई पूरी हो गई है। रबी सत्र वाले धान की कटाई 59.32 प्रतिशत तक पहुंची है, जो मुख्य रूप से तमिलनाडु, केरल, त्रिपुरा, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में केंद्रित है।



आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, अधिकतर रबी फसलों के थोक दाम न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से नीचे चल रहे हैं। एक अधिकारी ने कहा कि एक मई को समाप्त हुए सप्ताह में लगभग सभी प्रमुख फसलें एमएसपी से नीचे कारोबार कर रही थीं। गेहूं का भाव 2,530 रुपये प्रति क्विंटल रहा, जो 2,585 रुपये के एमएसपी से 2.13 प्रतिशत कम है।

धान का दाम सालाना आधार पर 3.17 प्रतिशत गिरकर 2,294 रुपये प्रति क्विंटल पर आ गया।

# घर खर्च के साथ निवेश के लिए भी खाड़ी से पैसे भेज रहे एनआरआई

**मुंबई, एजेंसी**

पश्चिम एशिया संकट के बावजूद खाड़ी देशों से भेजे जाने वाले धन में बढ़ोतरी के बीच प्रवासी भारतीय अब केवल पारिवारिक जरूरतों के लिए ही नहीं, बल्कि निवेश के इरादे से भी पैसे भेज रहे हैं। बुधवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। इक्विरस वेल्थ की यह सर्वेक्षण रिपोर्ट कहती है कि विदेशी धनप्रेषण का स्वरूप अब 'जरूरत आधारित' की जगह रणनीति आधारित' होता जा रहा है, जिससे खाड़ी क्षेत्र में रहने वाले भारतीयों के लिए भारत प्रमुख निवेश गंतव्य के रूप में उभर रहा है। खाड़ी क्षेत्र के 8,300 से अधिक उत्तरदाताओं पर आधारित इस सर्वेक्षण में पाया गया कि अनिवासी भारतीयों (एनआरआई) द्वारा भेजी जाने वाली कुल रकम में करीब आधा हिस्सा निवेश और सेवानिवृत्ति योजना से जुड़ा है। इसमें निवेश का हिस्सा 27 प्रतिशत, सेवानिवृत्ति योजना का 22 प्रतिशत और पारिवारिक सहायता का 26 प्रतिशत रहा। रिपोर्ट के अनुसार, निवेश को लेकर विदेश में रहने वाले भारतीयों के नजरिये में भी बदलाव दिख रहा है। लगभग 75 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने खुद को दीर्घकालिक या संतुलित निवेशक बताया।

# अब केवल एक हजार रुपये में वारिसों के नाम हस्तांतरित हो जाएगा फ्लैट

**लखनऊ, एजेंसी**

उत्तर प्रदेश रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण (उप्र रेरा) ने एक अहम फैसले में मूल आवंटनकर्ता की मृत्यु होने पर उसके कानूनी वारिसों को फ्लैट हस्तांतरित करने के लिए अधिकतम शुल्क एक हजार रुपये तय किया है। उप्र रेरा के अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी ने बुधवार को बताया कि अब विकासकर्ता या प्रवर्तक को मृतक आवंटी के जीवनसाथी, बेटे या बेटी को एक हजार रुपये के मामूली शुल्क लेकर फ्लैट हस्तांतरित करना होगा। भूसरेड्डी ने यूपी रेरा के 10 साल पूरे होने पर संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्राधिकरण को कई शिकायतें मिली थीं जिनमें बिल्डर कथित तौर पर ऐसे हस्तांतरण के लिए मनमाना शुल्क वसूल रहे थे और कभी-कभी यह धनराशि लाखों रुपये तक पहुंच जाती थी। भूसरेड्डी ने कहा कि कुछ मामलों में शुल्क 200 रुपये से लेकर एक हजार रुपये प्रति वर्ग फुट तक होती थी, जिससे कुल रकम 25-30 लाख रुपये तक पहुंच जाती थी। यह गलत है, खासकर तब जब आवंटनकर्ता पहले ही फ्लैट की पूरी कीमत चुका हो। उन्होंने कहा कि इन शिकायतों के बाद प्रशासनिक और मानक शुल्क से सम्बन्धित नियम 47 को संशोधित किया गया है ताकि उत्तराधिकार या आवंटन हस्तांतरण के मामलों में प्रवर्तकों द्वारा लिये जाने वाले शुल्क को नियंत्रित किया जा सके। भूसरेड्डी ने बताया कि संशोधित प्रावधानों के तहत खून के रिश्तों में आने वाले कानूनी वारिसों को फ्लैट हस्तांतरण करने पर अधिकतम एक हजार रुपये का प्रसंस्करण शुल्क लगेगा। उन्होंने बताया कि कानूनी वारिस को मूल आवंटी का मृत्यु प्रमाण पत्र, किसी सक्षम अधिकारी द्वारा जारी उत्तराधिकार प्रमाण पत्र और अन्य कानूनी वारिसों से अनापत्ति प्रमाण पत्र जैसे दस्तावेज जमा करने होंगे। भूसरेड्डी ने कहा कि परिवार के बाहर के लोगों को फ्लैट हस्तांतरित करने पर अधिकतम 25 हजार रुपये शुल्क लिया जा सकता है लेकिन ऐसे मामलों में कोई नई बिक्री विलेख या पट्टा समझौता नहीं किया जाएगा।

## रिपोर्ट

### एसएंडपी ग्लोबल और क्रिसिल ने संयुक्त रूप से 'इंडिया फारवर्ड' शीर्षक से जारी की रिपोर्ट

# भारत की वृद्धि दर घटकर 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान

**नई दिल्ली, एजेंसी**

ऊर्जा आपूर्ति बाधाओं की वजह से चालू वित्त वर्ष में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 7.1 प्रतिशत के पिछले अनुमान से कम होकर 6.6 प्रतिशत रह सकती है। एसएंडपी ग्लोबल और क्रिसिल ने बुधवार को एक संयुक्त रिपोर्ट में यह कहा। इसके साथ ही दोनों रेटिंग एजेंसी ने इस रिपोर्ट में कहा कि 'विकसित भारत 2047' का लक्ष्य हासिल करने के लिए ऊर्जा एवं खाद्य सुरक्षा से जुड़े सुधार जरूरी होंगे।

'इंडिया फारवर्ड' शीर्षक वाली रिपोर्ट कहती है कि भारत इस समय ऊर्जा आपूर्ति में बाधा, तेल और गैस की बढ़ती कीमतों तथा मुद्रा विनिमय दर में उतार-चढ़ाव जैसे बाहरी आर्थिक झटकों का सामना कर रहा है। ऐसी स्थिति में रणनीतिक भंडार तैयार करने के लिए व्यापक ऊर्जा भंडारण नीति बनाने की जरूरत बताई गई है।

क्रिसिल के मुख्य अर्थशास्त्री धर्मकीर्ति जोशी ने कहा कि पश्चिम एशिया संकट लंबा खिंचने से नए दबाव उभर रहे हैं। रुपये में कमजोरी और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी अर्थव्यवस्था पर 'दोहरा झटका' डाल रही है, जिससे वृद्धि पर दबाव बढ़ रहा है। जोशी ने कहा कि मौजूदा हालात में भारत को ऊर्जा और खाद्य सुरक्षा के साथ उर्वरक क्षेत्र पर भी विशेष ध्यान देना चाहिए।

उन्होंने संकट जारी रहने की स्थिति में रबी फसल के लिए उर्वरकों की कमी होने का अंदेशा भी जताया। हालांकि खरीफ फसलों के लिए स्थिति अपेक्षाकृत बेहतर बनी हुई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि हाल में कई देशों एवं समूहों के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) का पूरा लाभ उठाने के लिए भारत को अपनी प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ाने के लिए विभिन्न सुधार करने होंगे। पश्चिम एशिया में 28 फरवरी से शुरू हुए संघर्ष के बाद कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल आया है, जिससे मुद्रास्फीति को लेकर चिंताएं बढ़ी हैं। कच्चा तेल 30 अप्रैल को 126 डॉलर प्रति बैरल के चार साल के उच्च स्तर तक पहुंच गया था लेकिन छह मई को यह घटकर 97.77 डॉलर प्रति बैरल रह गया।





- एफटीए का लाभ उठाने के लिए सुधारनी होगी प्रतिस्पर्धी क्षमता

जोशी ने कहा कि वैश्विक कच्चे तेल की ऊंची कीमतों का असर थोक मूल्य सूचकांक पर अधिक दिखेगा, जबकि खुदरा मुद्रास्फीति पर इसका प्रभाव सीमित रहेगा। इसकी वजह यह है कि सरकार ने पेट्रोल, डीजल और घरेलू एलपीजी की कीमतों को स्थिर रखा है। हालांकि वाणिज्यिक एलपीजी के दाम बढ़ाए गए हैं। कहा कि अप्रैल के मुद्रास्फीति आंकड़ों में बढ़ोतरी दिखेगी लेकिन थोक मुद्रास्फीति, खुदरा मुद्रास्फीति से अधिक रह सकता है क्योंकि इसमें आयातित वस्तुओं और कच्चे माल की लागत का प्रभाव शामिल होता है।

केंद्रीय बैंक ने वित्त वर्ष 2026-27 में औसत मुद्रास्फीति 4.6 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है और इसमें बढ़ोतरी के जोखिमों की ओर भी संकेत किया है। नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, मार्च में खुदरा मुद्रास्फीति 3.4 प्रतिशत के एक साल के उच्च स्तर पर पहुंच गई, जबकि थोक मुद्रास्फीति 3.88 प्रतिशत के 38 महीने के उच्च स्तर पर रही।

# भारत-द. कोरिया 25 मई को करेंगे एफटीए की समीक्षा पर बातचीत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत और दक्षिण कोरिया 25 मई को वृहद आर्थिक भागीदारी करार (सीईपीए) की समीक्षा पर बातचीत कर सकते हैं। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि इसे जनवरी, 2010 में लागू किया गया था। यह बातचीत इसलिए जरूरी है क्योंकि भारत ने दक्षिण कोरिया को एक नए द्विपक्षीय व्यापार करार पर बातचीत करने का सुझाव दिया है ताकि इसे और बेहतर बनाया जा सके। साथ ही व्यापार घाटे की चिंताओं को दूर किया जा सके।

अधिकारी ने कहा कि दोनों देशों के अधिकारी मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की समीक्षा के लिए 25 मई को मिल रहे हैं। पिछले महीने यहां हुई एक द्विपक्षीय बैठक में वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने अपने कोरिया के व्यापार मंत्री यियो हान-कू को एक नए एफटीए पर बातचीत करने का सुझाव दिया था।



- व्यापार घाटा कम करने को भारत ने दिया नए करार का सुझाव

गोयल कई मौकों पर दोनों देशों के बीच बढ़ते व्यापार घाटे पर भारत की चिंताओं को उठा चुके हैं।

दक्षिण कोरिया को भारत का निर्यात 2023-24 के 6.41 अरब डॉलर से 9.3 प्रतिशत घटकर 2024-25 में 5.81 अरब डॉलर रह गया है। 2024-25 में आयात 0.34 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 21 अरब डॉलर रहा। इस तरह व्यापार घाटा 15.19 अरब डॉलर रहा।

2020-21 में यह आठ अरब डॉलर था। दोनों देशों ने 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को मौजूदा के 27 अरब डॉलर से दोगुना करके 54 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य तय किया हुआ है।

# होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने के लिए चीन और ईरान ने की बातचीत

**बीजिंग, एजेंसी**

• **अमेरिकी दबाव के बीच ईरानी विदेशमंत्री पहुंचे बीजिंग**

अंतर्राष्ट्रीय नौवहन के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने और युद्ध समाप्त करने के लिए अमेरिका के साथ समझौता करने को लेकर ईरान पर दबाव बढ़ने के बीच चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने बुधवार को यहां ईरानी समकक्ष अब्बास अराघची के साथ वार्ता की।

अराघची की एक दिवसीय यात्रा अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की 14 से 15 मई तक बीजिंग की पूर्वनियोजित यात्रा से एक सप्ताह पहले हो रही है, जहां वह अपने चीनी समकक्ष शी जिनपिंग के साथ व्यापक व्यापार समझौते सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा करेंगे। अमेरिका-ईरान युद्ध शुरू होने के बाद चीन की अपनी पहली यात्रा पर आए अराघची और वांग ने होर्मुज जलडमरूमध्य पर अमेरिकी नाकाबंदी के कारण उत्पन्न स्थिति पर चर्चा करने के लिए मुलाकात की। यह नाकाबंदी ईरान को होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकाबंदी हटाने के लिए मजबूर करने के उद्देश्य से की गई है। चीन ईरान का एक करीबी सहयोगी है और तेहरान के कच्चे तेल का सबसे बड़ा खरीदार है। अराघची की यह यात्रा अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो द्वारा मंगलवार को ईरान के खिलाफ प्रमुख अमेरिकी सैन्य अभियानों की समाप्ति की घोषणा की पृष्ठभूमि में हो रही है। रुबियो ने व्हाइट हाउस में पत्रकारों को बताया कि 28 फरवरी को ईरान के खिलाफ शुरू किया गया 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' समाप्त हो गया है।

## ऑपरेशन सिंदूर का एक साल : कश्मीर के लोगों के दिलों-दिमाग में अभी ताजा हैं एक साल पहले की यादें

# सीमाओं पर कुछ बड़ा तो नहीं हुआ पर डर का साम्राज्य कायम

**सुरेश एस डुग्गर**

**चानना कैंप सीमांत गांव से।** जीरो लाइन से सटे खेतों में प्रकाशो देवी अपनी फसल को बिना किसी डर के काट तो रही है पर उसके दिलोदिमाग से अभी भी एक साल पहले की यादें मिटी नहीं हैं। वह अपने बच्चों को भी खेतों में कदम रखने पर सतर्क रहने को कहती थी।

पुंछ और उड़ी के एलओसी से सटे कई गांवों में अभी भी एतिहात के तौर पर भूमिगत बंकरों का सहारा जरूर लिया जा रहा है। कईयों के लिए आपरेशन सिंदूर अभी भी जारी है क्योंकि इस मिनी युद्ध के दौरान हुए नुक्सान की भरपाई अभी बाकी है।पिछले एक सप्ताह से जम्मू फ्रंटियर और एलओसी से सटे इलाकों में अजीब सा माहौल था जिसमें सरकार द्वारा ब्लैक आउट की तैयारियों और माक ड्रिल के अभियान ने 'दहशत का तड़का' जरूर लगा दिया था।

हालांकि प्रशासन बार-बार इसे स्पष्ट करता रहा कि यह मात्र सुरक्षा अभियान है, पर सालभर पहले अपनों को खोने वालों और पलभर में जिन्दगीभर की कमाई नेस्तनाबूद होते देखने वालों को




किसी पर विश्वास करना मुश्किल था।माना कि सीमांत इलाकों में जिन्दगी फिर से पटरी पर लौट चुकी है। पर यह टीस अभी भी बाकी है कि इस डर को पूरी तरह से खत्म क्यों नहीं किया गया। पुंछ के सरला पोस्ट इलाके के शम्सद्दीन कहते थे कि जब पहल हो ही गई थी तो इसे एक बार आर-पार कर लेना चाहिए था। शम्सद्दीन की परेशानी यह थी कि अभी भी उसे सरकार की ओर से व्यक्तिगत बंकर बना कर नहीं दिया गया था। विपदा आने पर उसे सामूहिक बंकर का आसरा ही नजर आता था। बंकरों की कमी के कारण ही पुंछ में आपरेशन सिंदूर के दौरान पाक गोलाबारी 14 नागरिकों को लील गई थी। यह एक कस्बे का आंकड़ा था। हर सीमांत कस्बे की अपनी अपनी दुखभरी दास्तानें हैं। अधिकारी मानते हैं कि वर्ष 2018 में जम्मू संभाग में ही 14 हजार बंकरों के लिए फंड मंजूर किया गया था, पर अभी भी अच्छी खासी संख्या में बंकर अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे हैं। वे सिर्फ कागजों में ही हैं। अभी तक एलओसी के इलाकों में ही बंकरों की मांग बहुत थी। पर आपरेशन सिंदूर ने तो जम्मू सीमा के इलाकों के साथ-साथ कई-कई किमी दूर बसे शहरों व कस्बों में भी इसकी जरूरत महसूस करवा दी। दरअसल पाक सेना ने आपरेशन सिंदूर के दौरान जम्मू शहर के भीतर तक ड्रोनों और मिसाइलों के हमलों से लोगों को डरा जरूर दिया था। यह डर अभी भी बरकरार है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### अमेरिका पेशावर में वाणिज्यिक दूतावास बंद करेगा

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के विदेश विभाग ने बुधवार को पेशावर में अपने वाणिज्यिक दूतावास को चरणबद्ध तरीके से बंद करने की घोषणा की। खैबर पख्तूनख्वा के लिए राजनयिक ज़िम्मेदारियां अब इस्लामाबाद में स्थित अमेरिकी दूतावास द्वारा संभाली जाएंगी। विदेश विभाग के अनुसार, इस फ़ैसले में अमेरिकी राजनयिक कर्मचारियों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी गयी है और इसका उद्देश्य संसाधनों का बेहतर प्रबंधन करना है। विभाग ने कहा, पेशावर में हालांकि हमारी भौतिक उपस्थिति बदल रही है, लेकिन पाकिस्तान में हमारी नीतिगत प्राथमिकताएं अटल हैं। विभाग ने आर्थिक संबंधों, क्षेत्रीय सुरक्षा और अमेरिकी हितों को बढ़ावा देने के लिए खैबर पख्तूनख्वा के लोगों और अधिकारियों के साथ लगातार जुड़ाव बनाए रखने पर ज़ोर दिया है।

### उपग्रह गैलेक्सआई के सफल प्रक्षेपण पर मस्क ने दी बधाई

**वाशिंगटन।** स्पेसएक्स के संस्थापक एलन मस्क ने बेंगलुरु स्थित अंतरिक्ष स्टार्टअप गैलेक्सआई को मिशन दृष्टि 'उपग्रह के सफल प्रक्षेपण पर बधाई दी। मस्क ने मंगलवार को एक्स पर बधाई लिखकर यह प्रतिक्रिया दी, जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उस पोस्ट के जवाब में थी, जिसमें उन्होंने मिशन दृष्टि के प्रक्षेपण पर गैलेक्सआई को बधाई दी थी। प्रधानमंत्री ने रविवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में इस प्रक्षेपण को भारत की अंतरिक्ष यात्रा में एक बड़ी उपलब्धि बताया और इसे देश के बढ़ते नवाचार तंत्र का प्रतीक कहा था।


# भारत, वियतनाम ने अपने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी तक पहुंचाया

## दुर्लभ खनिज और रक्षा सहित 13 महत्वपूर्ण क्षेत्रों में समझौतों पर हस्ताक्षर किए

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और वियतनाम के राष्ट्रपति तो लाम के बीच हुई वार्ता के बाद बुधवार को भारत और वियतनाम ने अपने संबंधों को बढ़ाकर व्यापक रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक पहुंचाने का निर्णय लिया और 2030 तक 25 अरब डॉलर के वार्षिक व्यापार का लक्ष्य तय किया।

दोनों नेताओं ने भूराजनीतिक उतार-चढ़ाव के बीच व्यापार, रक्षा और दुर्लभ खनिजों के क्षेत्र में द्विपक्षीय संबंधों के विस्तार पर ध्यान केंद्रित किया। मोदी-लाम की मुलाकात के बाद दोनों पक्षों ने 13 समझौतों पर हस्ताक्षर किए जो डिजिटल भुगतान, दुर्लभ खनिजों, फार्मास्युटिकल्स, शिक्षा, रक्षा, बैंकिंग और संस्कृति समेत विभिन्न क्षेत्रों में गहन दोतरफा साझेदारी का मार्ग खोलेंगे। मोदी और लाम ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की दबदबा बढ़ाने की कोशिशों के बीच क्षेत्र की स्थिति पर भी चर्चा की और कानून व्यवस्था, शांति, स्थिरता और समृद्धि में योगदान देते रहने पर भी सहमति जताई। समझा जाता है कि दक्षिण चीन सागर में चीन का बढ़ता सैन्य दबदबा भी दोनों पक्षों की प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता में सामने आया। लाम ने मंगलवार को भारत की अपनी पहली राजकीय यात्रा शुरू की। वह तीन दिवसीय यात्रा पर आए हैं। मोदी ने कहा कि एक दशक पहले, वियतनाम आसियान में भारत का पहला व्यापक रणनीतिक साझेदार बना। तब से, हमारे संबंधों ने तीव्र और व्यापक प्रगति की है। उन्होंने कहा कि इस मज़बूत नींव पर आगे बढ़ते हुए, आज हम अपने संबंधों को बेहतर व्यापक रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक ले जा रहे हैं। अब हम अपनी साझेदारी को और भी ऊंचे लक्ष्यों की ओर आगे बढ़ाएंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारा सहयोग हर क्षेत्र में नए स्तरों तक पहुंचेगा,संस्कृति, संपर्क और क्षमता निर्माण के साथ-साथ सुरक्षा, स्थिरता और आपूर्ति श्रृंखला की मजबूती में भी। उन्होंने कहा कि भारत और वियतनाम के बीच द्विपक्षीय व्यापार पिछले दशक में दोगुना होकर 16 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया है और अब इसे 2030 तक 25 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वियतनाम के राष्ट्रपति लाम के बीच बैठक के बाद एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। एमओयू के साथ केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और वियतनाम की स्वास्थ्य मंत्री दाओ होंग लान।

### यूपीआई से जुड़ेगी वियतनाम की भुगतान प्रणाली

मोदी ने कहा कि भारत का यूपीआई और वियतनाम की भुगतान प्रणाली को जल्द जोड़ा जाएगा। हम दोनों देशों के बीच राज्यों तथा शहरों के सहयोग को मजबूत कर रहे हैं। कहा कि भारत, पहलगाम आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करने और आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई में भारत के साथ खड़े रहने के लिए वियतनाम का आभारी है। अब, हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी के माध्यम से हम एक दूसरे के त्वरित विकास का समर्थन करेंगे। जैसा कि बुद्ध की शिक्षाओं में कहा गया है कि अगर आप किसी के लिए दीप जलाते हैं तो आपका भी मार्ग प्रज्वलित होता है।

### अंगूर-अनार का स्वाद चखेगा वियतनाम

मोदी ने कहा कि हमारे दवा प्राधिकरणों के बीच हुए एमओयू से अब वियतनाम में भारतीय दवाओं की उपलब्धता बढ़ेगी। वियतनाम को भारतीय कृषि, मत्स्य पालन और पशु उत्पादों का निर्यात भी अब और आसान हो जाएगा। बहुत जल्द, वियतनाम भारत के अंगूर और अनार का स्वाद चखेगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दोनों पक्षों ने इस साल के अंत तक भारत-आसियान व्यापार समझौते को उन्नत करने पर भी रजामंदी व्यक्त की। उन्होंने कहा, इससे भारत और सभी आसियान देशों के बीच व्यापार और निवेश को एक नई गति मिलेगी। महत्वपूर्ण खनिजों, दुर्लभ मृदा तत्वों और ऊर्जा सहयोग के क्षेत्र में नई पहलें दोनों देशों की आर्थिक सुरक्षा और आपूर्ति शृंखला की सुदृढ़ता सुनिश्चित करेंगी। उन्होंने कहा कि वित्तीय संपर्क को मजबूती प्रदान करने के लिए हमने आज हमारे केंद्रीय बैंकों के बीच सहयोग बढ़ाने का निर्णय लिया है।

# शॉपिंग सेंटर में गोलीबारी में दो लोगों की मौत

**कैरलटन।** टेक्सास में एक व्यक्ति ने डलास के उत्तर में स्थित एक शॉपिंग सेंटर में मंगलवार को पांच लोगों पर गोलियां चलाईं जिसमें दो लोगों की मौत हो गई जबकि तीन लोग घायल हो गए। कैरलटन पुलिस प्रमुख रॉबर्टो अरेडोंडो ने बताया कि यह अचानक हुई घटना नहीं थी और हमलावर उन दोनों लोगों को जानता था जिनकी गोली लगने से मौत हो गई। अरेडोंडो ने कहा कि उनके बीच कारोबारी संबंध थे। हम अब भी यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि उसके इस कृत्य का कारण क्या था।

पुलिस ने बताया कि संदिग्ध व्यक्ति सेंग हान हो (69) को कुछ दूर तक पीछा करने के बाद एक दुकान के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। अरेडोंडो ने बताया कि गोलीबारी में तीन लोग घायल हुए हैं, लेकिन उनकी हालत स्थिर है।

# भारत और अल्जीरिया रक्षा के क्षेत्र में बढ़ाएंगे सहयोग

**नई दिल्ली, एजेंसी**

• **दोनों देशों के संयुक्त आयोग की बैठक में बनी सहमति**

भारत और अल्जीरिया ने रक्षा सहयोग का दायरा बढाने तथा इसे और प्रगाढ़ बनाने पर सहमति जतायी है। रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को यहां बताया कि भारत-अल्जीरिया संयुक्त आयोग की मंगलवार को यहां हुई पहली बैठक में यह सहमति बनी।

बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने प्रशिक्षण, सैन्य अभ्यास, चिकित्सा सहयोग और रक्षा उद्योगों के क्षेत्र में पारस्परिक हित के मुद्दों पर चर्चा के साथ-साथ दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग गतिविधियों को और अधिक विस्तार देने पर सहमति व्यक्त की। दोनों देशों ने भारत-अल्जीरिया रक्षा सहयोग के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए उत्तरदायी कार्यप्रणाली नियमों पर हस्ताक्षर किए, यह संयुक्त आयोग की बैठकों के लिए मार्गदर्शक प्रारूप के रूप में कार्य करेंगे। बैठक की सह-अध्यक्षता संयुक्त सचिव (अंतर्राष्ट्रीय सहयोग) अमिताभ प्रसाद और अल्जीरिया की नौसेना के चीफ ऑफ स्टाफ मेजर जनरल कायद नूर एड्डिन ने की। भारतीय प्रतिनिधिमंडल में तीनों सेनाओं, मुख्यालय, एकीकृत रक्षा स्टाफ, रक्षा उत्पादन विभाग, डीआरडीओ, सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा और विदेश मंत्रालय के अधिकारी शामिल थे। भारत और अल्जीरिया के बीच रक्षा संबंध 2024 में रक्षा समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के बाद से निरंतर आगे बढ रहे हैं और दोनों पक्षों की उच्च स्तरीय यात्राओं से संबंध और मजबूत हो रहे हैं। अल्जीरिया के नौसेना प्रमुख की यह यात्रा भारत-अल्जीरिया रक्षा संबंधों में एक महत्वपूर्ण पहल है।

# क्रूज पर हंता वायरस से तीन की मौत, कुल सात संक्रमित

• **प्रभावित यात्रियों में बुखार, पेट में दर्द और निमोनिया जैसे लक्षण, जहाज पर सवार हैं कुल 147 यात्री**

**जिनेवा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने एक क्रूज जहाज पर 'हंता वायरस' के संक्रमण से तीन मौतों और गंभीर श्वसन बीमारी के प्रकोप की पुष्टि की है। नीदरलैंड के झंडे वाले इस जहाज पर कुल 147 यात्री और चालक दल के सदस्य सवार हैं, जिनमें से अब तक सात मामले (दो पुष्ट और पांच संदिग्ध) सामने आ चुके हैं।

डब्ल्यूएचओ को इस घटना की जानकारी दो मई को ब्रिटेन के माध्यम से मिली थी। दक्षिण अफ्रीका में की गई प्रयोगशाला जांच में एक गंभीर रूप से बीमार मरीज में हंता वायरस संक्रमण की पुष्टि हुई है। प्रभावित यात्रियों में बुखार, पेट दर्द और तेजी से निमोनिया जैसे लक्षण देखे गए हैं। जहाज ने एक अप्रैल 2026 को अर्जेंटीना के उशुआइया से अपनी यात्रा शुरू की थी और वर्तमान में यह केप वर्डे के तट पर खड़ा है। डब्ल्यूएचओ ने बताया कि पहला मामला छह अप्रैल को सामने आया था, जिसमें एक पुरुष यात्री की मौत हो गई। उसके संपर्क में आई एक महिला की भी दक्षिण अफ्रीका में मृत्यु हो गई। तीसरा पुष्ट मामला एक पुरुष का है जो आईसीयू में भर्ती है। एक अन्य महिला की भी दो मई को निमोनिया के कारण मौत हो गई।

# कैलिफोर्निया में आईआईटी मद्रास ने शुरू किया केंद्र

• **अमेरिका में भारत के तकनीकी नवाचार का विस्तार**

**वाशिंगटन।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास ग्लोबल रिसर्च फाउंडेशन ने अमेरिका में अपना पहला केंद्र स्थापित करने की घोषणा की है, जिससे वैश्विक पारिस्थितिकी तंत्र में भारत के गहन तकनीकी नवाचार की उपस्थिति का विस्तार होगा। कैलिफोर्निया के मेनलो पार्क में स्थित इस केंद्र की घोषणा मंगलवार को मेरीलैंड के नेशनल हार्बर में आयोजित 'सेलेक्टयूएसए इन्वेस्टमेंट समिट' में की गई, जिसकी शुरुआत 24 अप्रैल को हुई थी। आईआईटी मद्रास ग्लोबल रिसर्च फाउंडेशन के सीईओ तिरुमलई माधवनारायण ने बताया कि सीए स्टार्टअप के साथ हमारी साझेदारी के माध्यम से स्थापित मेनलो पार्क केंद्र, आईआईटीएम ग्लोबल के अमेरिकी संचालन के लिए एक रणनीतिक आधार है।

उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य एक ऐसा मंच तैयार करना है जो प्रयोगशाला से वैश्विक बाजारों तक 'डीप-टेक' उद्यमों को गति प्रदान करे, साथ ही भारत में वैश्विक नवाचार को आकर्षित करे। नारायण ने बताया कि इस केंद्र को कुल 75 लाख अमेरिकी डॉलर के नियोजित निवेश से विकसित किया जाएगा, जिसमें आईआईटीएम ग्लोबल से 45 लाख अमेरिकी डॉलर का ग्रीनफील्ड निवेश शामिल है।

# ईसी कानून के खिलाफ याचिकाओं की सुनवाई टालने से कोर्ट का इनकार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

• **सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र की याचिका पर कहा-मामला ज्यादा अहम**



उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को केंद्र सरकार की उस याचिका को स्वीकार करने से इनकार कर दिया, जिसमें 2023 के उस कानून की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाई टालने की मांग की गई थी, जिसमें मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और दो उप-आयुक्तों की नियुक्ति करने वाली समिति से भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) को हटा दिया गया था। शीर्ष अदालत ने कहा कि यह मामला शबरिमला मामले से भी अधिक महत्वपूर्ण है।

प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली नौ-सदस्यीय संविधान पीठ वर्तमान में केरल के शबरिमला मंदिर सहित धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के साथ भेदभाव और विभिन्न धर्मों में धार्मिक स्वतंत्रता के दायरे से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता के उस अनुरोध को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने कहा था कि वह शबरिमला मामले की सुनवाई में व्यस्त हैं, इसलिए इस मामले को स्थगित किया जाए। न्यायमूर्ति दत्ता ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा शर्तें और कार्यकाल) अधिनियम, 2023 को चुनौती देने वाले वर्तमान मामले की गंभीरता का उल्लेख करते हुए कहा कि यह मामला किसी भी अन्य मामले से अधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि आपके (सॉलिसिटर जनरल के) सहयोगी आज नोट ले लें। याचिकाकर्ता अपनी दलीलें शुरू करें। सभी मामले महत्वपूर्ण हैं। हमने अखबारों में पढ़ा है कि एक टिप्पणी है कि शबरिमला से जुड़ी जनहित याचिका पर अदालत को विचार नहीं करना चाहिए था। इसलिए, पूरे सम्मान के साथ कहें तो नौ न्यायाधीश एक ऐसे मामले में व्यस्त हैं, जिसे लेकर यह भी कहा जा रहा है कि इसे पहले ही सुनवाई के लिए नहीं लिया जाना चाहिए था। इसके बाद पीठ ने सुनवाई जारी रखते हुए निर्देश दिया कि याचिकाकर्ता अपनी दलीलें बृहस्पतिवार तक समाप्त करें।

# जल्द मिल सकता है टीबी का नया टीका, टेस्ट जारी

• **डब्ल्यूएचओ ने कहा, हम बड़ी कामयाबी के करीब**

**जेनेवा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) के महानिदेशक टेड्रोस एडनॉम घेब्रेयेसस ने कहा है कि तपेदिक (टीबी) के नये टीकों का नैदानिक परीक्षण (क्लीनिकल ट्रायल) प्रगति पर है और अगले दो वर्षों में इनके प्रभाव के परिणाम सामने आ जायेंगे जिससे पता चलेगा कि ये टीके कितने कारगर हैं। इथियोपिया के पूर्व स्वास्थ्य और विदेश मंत्री रहे श्री टेड्रोस के मुताबिक हम मेडिकल साइंस में कामयाबी की एक नयी इबारत लिखने के बेहद करीब हैं। गौरतलब है कि वर्ष 2026 में भी वैश्विक स्तर पर तपेदिक सबसे बड़ी स्वास्थ्य समस्याओं में से एक बना हुआ है। इसकी स्थिति अब भी चिंताजनक बनी हुई है। डब्ल्यूएचओ की नवीनतम 'ग्लोबल टीबी रिपोर्ट' के अनुसार, पिछले एक वर्ष में लगभग 1.08 करोड़ लोग टीबी से बीमार हुए और इस बीमारी से दुनिया भर में करीब 12.5 लाख लोगों की जान चली गयी। इसका अर्थ है कि टीबी हर साल लगभग किसी भी अन्य एकल संक्रामक एजेंट की तुलना में अधिक मौतों का कारण बन रही है और यह फिर से सबसे घातक संक्रामक बीमारी के रूप में उभर आयी है। भारत में तपेदिक के मरीजों की संख्या सबसे अधिक है। दुनिया के एक चौथाई से भी ज्यादा तपेदिक मरीज (27 फीसदी) यहां है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज साझेदारी वाले कार्यों से लाभ प्राप्त होगा। जीवनसाथी से कोई उपहार प्राप्त हो सकता है। परिवार को लेकर चिंता दूर होगी।

**वृष** – आज दिन की शुरुआत में कुछ तनाव हो सकता है। आपको छोटी-छोटी बातों पर क्रोध आ सकता है। धूप में बाहर निकलने से बचें।

**मिथुन** – आज दिन सकारात्मक रहने वाला है। मार्केटिंग से जुड़े कार्यों में बेहतरीन लाभ प्राप्त होगा। अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करेंगे।

**कर्क** – आज परिवार के साथ घूमने की योजना बनाएंगे। जल का सेवन पर्याप्त मात्रा में करें। दूसरों पर अपने विचारों को लादने से बचें।

**सिंह** – आज नए कारोबारी अनुबंध होंगे। कार्यक्षेत्र में बड़े अधिकारियों का सहयोग आपको मिलेगा। काफी रोमांटिक समय बिताएंगे।

**कन्या** – आज नए कार्यों के प्रति गंभीरता रखें। ऑनलाइन शॉपिंग के दौरान अधिक धन खर्च हो सकता है। गुप्त शत्रुओं को लेकर सावधान रहें।

**तुला** – आज सभी कार्यों में प्रगति होगी। मित्रों से आपके संबंध मधुर रहेंगे। उच्च अधिकारियों से आपको शाबाशी मिल सकती है।

**वृश्चिक** – आज नौकरीपेशा लोगों को विदेश से नौकरी के प्रस्ताव मिल सकते हैं। लंबित कार्यों को पूर्ण करने में अतिरिक्त धन खर्च हो सकता है।

**धनु** – आज आपका आत्मविश्वास बढ़ा हुआ रहेगा। परिवार में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। नौकरीपेशा लोगों की आय बढ़ सकती है।

**मकर** – आज दिखावे के कारण मन में कुंठा पनप सकती है। नया कार्य शुरू करने में जल्दबाजी न करें। अनावश्यक धन खर्च से बचें।

**कुंभ** – आज नए व्यवसाय को लेकर योजना बना सकते हैं। प्रेम संबंधों में नजदीकियां बढ़ेंगी। दिनचर्या अत्यधिक व्यस्त रहने वाली है।

**मीन** – आज अनावश्यक बातों में समय बर्बाद हो सकता है। उधार दिया हुआ धन प्राप्त हो सकता है। सेहत को लेकर जागरूक रहेंगे।

## आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com




**आज की ग्रह स्थिति :** 7 मई, गुरुवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, पंचमी 10 .13 तक तत्पश्चात षष्ठी।

**दिशाशूल**-दक्षिण, **ऋतु**- ग्रीष्म।

**चन्द्रबल**- मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।

**ताराबल**-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।

**नक्षत्र**-पूर्वाषाढ़ा 18 .46 तक तत्पश्चात उत्तराषाढ़ा।

### सुडोकू - 141 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 1 | 4 | 2 | 7 | 3 | 6 | 9 | 8 |
| 9 | 8 | 2 | 1 | 5 | 6 | 3 | 4 | 7 |
| 6 | 3 | 7 | 8 | 9 | 4 | 2 | 5 | 1 |
| 1 | 9 | 8 | 7 | 4 | 2 | 5 | 6 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 1 | 9 | 8 | 7 | 2 |
| 2 | 7 | 6 | 5 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 9 | 8 | 1 | 7 | 2 | 6 |
| 8 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 9 | 3 | 5 |
| 7 | 2 | 9 | 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 4 |

### सुडोकू -142

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 7 | | | 1 | | |
| 4 | | 8 | | | | | 5 | |
| | | 3 | | 6 | | | | 4 |
| 7 | | | 3 | | | | 6 | |
| 8 | 6 | | | | | | 3 | |
| | 3 | | | | 4 | 9 | | |
| 5 | | | | 3 | | 8 | | |
| | 1 | | | | 2 | 3 | | |
| | | 7 | | | | | 4 | |

**द्विपक्षीय संबंध**

## सूरीनाम से भारत के राजनयिक संबंधों के 50 वर्ष पूरे होने पर बोले विदेशमंत्री एस जयशंकर

# पारिवारिक बंधन पर आधारित हैं भारत-सूरीनाम के संबंध

**परामारिबो, एजेंसी**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत सूरीनाम को दूर का साझेदार नहीं बल्कि परिवार के रूप में देखता है। उन्होंने दोनों देशों के राजनयिक संबंधों के 50 वर्ष पूरे होने के मौके पर यह टिप्पणी की।

बुधवार को सूरीनाम की यात्रा से पहले टाइम्स ऑफ सूरीनाम में लिखे लेख में जयशंकर ने कहा कि दोनों देशों के संबंध अब मजबूत और बहुआयामी साझेदारी में बदल गए हैं, जिसमें बुनियादी ढांचा, व्यापार, प्रशिक्षण और सांस्कृतिक संबंध शामिल हैं। उन्होंने कहा कि भारत और सूरीनाम ने उच्चस्तरीय यात्राओं के जरिए सहयोग को और मजबूत किया है। इसमें 2023 में सूरीनाम के पूर्व राष्ट्रपति चंद्रिकाप्रसाद संतोखी की भारत यात्रा और उसी वर्ष भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की सूरीनाम यात्रा शामिल है। जयशंकर ने बताया कि इंडियन लाइन ऑफ क्रेडिट (रियायती दरों पर ऋण) के जरिए सूरीनाम में कई परियोजनाएं पूरी की गई हैं, जिनमें परानाम औद्योगिक बंदरगाह शहर से राजधानी परामारिबो तक 161 किलो वॉट की विद्युत ट्रांसमिशन लाइन, जल पंपिंग स्टेशन, निर्माण



उपकरण, बिजली ढांचे का उन्नयन और तीन चेतक हेलीकॉप्टरों की आपूर्ति व रखरखाव शामिल हैं। उन्होंने लिखा कि भारत ने पिछले वर्ष सूरीनाम को खाद्य सुरक्षा में मदद के लिए एक करोड़ अमेरिकी डॉलर मूल्य के 425 मीट्रिक टन खाद्य पदार्थ भी उपलब्ध कराए।

विदेश मंत्री ने कहा कि भारत समर्थित अनुदान परियोजनाओं में बाढ़ चेतावनी प्रणाली, एक स्टेडियम तथा शिक्षा, खेल और तकनीकी प्रशिक्षण से जुड़े सामुदायिक कार्यक्रम शामिल हैं। जयशंकर ने बताया कि वह भारतीय अनुदान से स्थापित पैशन फ्रूट प्रोसेसिंग और पैकेजिंग इकाई के उद्घाटन में शामिल होंगे। उन्होंने लिखा कि यह स्थानीय किसानों को सशक्त बनाएगा और मूल्यवर्धित उद्योग के जरिए सूरीनाम की आत्मनिर्भरता को बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत और सूरीनाम संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार जैसे मुद्दों पर समान दृष्टिकोण रखते हैं।

उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि सूरीनाम, भारत समर्थित अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन और 'इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस' जैसी पहलों में भागीदार है। जयशंकर ने कहा कि भौगोलिक दूरी के बावजूद दोनों देश साझा इतिहास से जुड़े हुए हैं, जिसकी शुरुआत 1873 में 'लल्ला रूख' जहाज के जरिए भारतीयों के सूरीनाम पहुंचने से हुई थी। भारतीय मूल का समुदाय सूरीनाम के समाज का अभिन्न हिस्सा बन चुका है।

# ईरान के शॉपिंग सेंटर में आग से आठ की मौत

**तेहरान।** ईरान की राजधानी के समीप एक शॉपिंग सेंटर में आग लगने से आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि 40 लोग घायल हो गए। आपात सेवा विभाग ने बुधवार को यह जानकारी दी। ईरान के सरकारी टेलीविजन चैनल आईआरआईबी ने बताया कि तेहरान प्रांत के अंदिशेह कस्बे में स्थित अर्घावन शॉपिंग सेंटर में मंगलवार को आग लग गई और आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। फुटेज में दमकलकर्मी आग की लपटों को बुझाने के काम में लगे दिखाई दिए, वहीं बहुमंजिला इमारत से काले धुएं का गुबार उठता भी नज़र आ रहा है।



“टी20 मुकाबलों के पावर प्ले में गेंदबाजी के लिए आपको मानसिक रूप से मजबूत भी होना पड़ता है। इसके लिए कौशल की जरूरत होती है, खासकर उन पिचों पर जहां स्पिन को मदद नहीं मिलती।
– अकील हुसैन, चेन्नई के स्पिनर


# स्टेडियम

अयोध्या, गुरुवार, 7 मई 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


IPL 2026

## आज के मुकाबले

लखनऊ सुपर जाएंट्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

समय - शाम 7:30 बजे


# क्लासेन और किशन ने सनराइजर्स को चार विकेट पर 235 रनों तक पहुंचाया

## आईपीएल-2026 : पंजाब किंग्स को लचर क्षेत्ररक्षण का उठाया पड़ा नुकसान

हैदराबाद, एजेंसी

हेनरिक क्लासेन और ईशान किशन के अर्धशतकों और पंजाब किंग्स के लचर क्षेत्ररक्षण की मदद से सनराइजर्स हैदराबाद ने आईपीएल के मैच में बुधवार को चार विकेट पर 235 रन बनाए। अभिषेक शर्मा ( 13 गेंद में 35 रन) और ट्रेविस हेड (19 गेंद में 38 रन ) ने अर्शदीप सिंह और मार्को यानसेन की गेंदों की धुनाई करते हुए अर्धशतकीय साझेदारी की । इसके बाद क्लासेन (43 गेंद में 69 रन) और ईशान (32 गेंद में 55 रन ) ने जीवनदान का फायदा उठाते हुए अर्धशतक लगाए।

नीतिश रेड्डी ने 13 गेंद में नाबाद 29 रन का योगदान दिया। पिच से गेंदबाजों को बिल्कुल मदद नहीं मिली जिसे देखते हुए चहल का प्रदर्शन काबिले तारीफ कहा जाएगा। उन्होंने चार ओवर में 32 रन देकर एक विकेट लिया। उन्हें तीन विकेट मिले होते लेकिन शशांक सिंह ने एक आसान कैच छोड़ा और प्रभसिमरन सिंह ने स्टम्पिंग का आसान मौका गंवाया। पंजाब ने तीन कैच टपकाए जिसका खामियाजा उसे भुगतना पड़ सकता है। सनराइजर्स के बल्लेबाजों ने 17 छक्के जड़े। अभिषेक ने इनमें से चार, हेड ने तीन, ईशान और क्लासेन ने चार चार छक्के लगाए। पंजाब के लिए अर्शदीप ने चार ओवर में 43 रन देकर एक विकेट लिया जबकि यानसेन ने 61 रन दे डाले और कोई सफलता नहीं मिली।



अर्धशतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते हेनरिक क्लासेन। एजेंसी

ईशान ने विजयकुमार विशाख को लगातार तीन छक्के लगाकर अपने चिर परिचित फॉर्म की झलक दिखाई। अभिषेक ने यानसेन को लांग आफ और लांग आन पर छक्के लगाए। उन्होंने लॉकी फर्ग्युसन को पूल शॉट खेलकर टीम के 50 रन पूरे किए। अभिषेक पांचवां छक्का जड़ने के प्रयास में मिड आफ पर श्रेयस अय्यर को कैच दे बैठे। उनके जाने के बाद हेड ने मिडविकेट पर दो सपाट छक्के लगाए। वह लगातार तीसरा अर्धशतक जमाने से हालांकि चूक गए।

### अब हर मुकाबला नॉकआउट जैसा : बदानी

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के कोच हेमांग बदानी ने चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ मैच में मिली आठ विकेट की करारी शिकस्त के बाद कहा कि टीम को मौजूदा स्थिति से उबरने के लिए सामूहिक रूप से बेहतर प्रदर्शन करना होगा और अब हर मुकाबला लगभग नॉकआउट जैसा हो गया है। पहले बल्लेबाजी का फैसला करने के बाद दिल्ली कैपिटल्स ने मंगलवार को यहां 12 ओवर में 69 रन तक पांच विकेट गंवा दिए थे।

### सनराइजर्स हैदराबाद

**235/4** (20 ओवर )

| | |
|---|---|
| अभिषेक शर्मा का अय्यर बो फर्ग्युसन | 35 |
| ट्रेविस हेड का यानसेन बो चहल | 38 |
| ईशान किशन का शेडगे बो अर्शदीप | 55 |
| हेनरिच क्लासेन का यानसेन बो विशाख | 69 |
| नीतिश कुमार रेड्डी नाबाद | 29 |

**अतिरिक्त :** नौ रन, **विकेट पतन :** 1-54, 2-84, 3-172, 4-235

**गेंदबाजी :** अर्शदीप 4-0-43-1, यानसेन 4-0-61-0, फर्ग्युसन 4-0 -41-1, चहल 4-0-32-1, विशाख 4-0-54-1

### टेस्ट क्रिकेट के लिए 25-30 क्रिकेटरों को रखना चाहिए : पुजारा

**मुंबई।** पूर्व क्रिकेटर चेतेश्वर पुजारा ने कहा है कि अगर कोई क्रिकेटर भारत के लिए सिर्फ सीमित ओवरों के प्रारूप में खेलना चाहता है तो यह ठीक है लेकिन इंडियन प्रीमियर लीग में नहीं खेलने वाले 25 से 30 खिलाड़ियों को उनके घरेलू प्रदर्शन के आधार पर टेस्ट क्रिकेट के लिए रखना चाहिए। पुजारा ने कहा कि वह सभी युवा खिलाड़ियों से आग्रह करेंगे कि वे भारत के लिए सभी प्रारूप में खेलने वाले खिलाड़ी बनने पर गंभीरता से विचार करें लेकिन सीमित ओवरों के प्रारूप में खेलने के इच्छुक खिलाड़ियों के लिए लाल गेंद के प्रारूप के हुनर सीखना जरूरी नहीं है। जब पुजारा से पूछा गया कि क्या आईपीएल में सफलता के लिए लाल गेंद के प्रारूप की बुनियादी बातें अब भी जरूरी हैं तो उन्होंने कहा मैं इस बात से सहमत हूं कि कुछ सफेद गेंद के खिलाड़ी, विशेषकर बल्लेबाजों ने लाल गेंद का अधिक क्रिकेट नहीं खेला है लेकिन उन्हें इसकी जरूरत भी नहीं है। उन्होंने कहा अगर आप ऐसे खिलाड़ी की तलाश में हैं जो टी20 प्रारूप में विशेषज्ञता हासिल करना चाहता है या जो सिर्फ सीमित ओवरों का क्रिकेट खेलना चाहता है तो क्या उन्हें सचमुच टेस्ट क्रिकेट सीखने की जरूरत है? पुजारा ने कहा अगर वे तीनों प्रारूप नहीं खेलना चाहते तो बिल्कुल नहीं। जिस तरह से क्रिकेट आगे बढ़ रहा है हम ऐसे खिलाड़ी देखेंगे जो सीमित ओवरों के क्रिकेट को चुनेंगे। मुझे भविष्य में चीजें इसी तरह आगे बढ़ती दिख रही हैं। पुजारा ने टेस्ट क्रिकेट के उन प्रमुख गेंदबाजों का उदाहरण दिया जो बल्लेबाजों के दबदबे वाले आईपीएल में भी सफल हो रहे हैं।

### अंक तालिका

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पंजाब किंग्स | 9 | 6 | 2 | 1 | 13 | 0.855 |
| 2. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 9 | 6 | 3 | 0 | 12 | 1.420 |
| 3. | सनराइजर्स हैदराबाद | 10 | 6 | 4 | 0 | 12 | 0.644 |
| 4. | राजस्थान रॉयल्स | 10 | 6 | 4 | 0 | 12 | 0.510 |
| 5. | गुजरात टाइटंस | 10 | 6 | 4 | 0 | 12 | -0.147 |
| 6. | चेन्नई सुपर किंग्स | 10 | 5 | 5 | 0 | 10 | 0.151 |
| 7. | दिल्ली कैपिटल्स | 10 | 4 | 6 | 0 | 8 | -0.949 |
| 8. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 9 | 3 | 5 | 1 | 7 | -0.539 |
| 9. | मुंबई इंडियंस | 10 | 3 | 7 | 0 | 6 | -0.649 |
| 10. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 9 | 2 | 7 | 0 | 4 | -1.076 |

### ऑरेंज कैप



- हेनरिक क्लासेन हैदराबाद-494 रन
- अभिषेक शर्मा हैदराबाद -475 रन
- केएल राहुल दिल्ली-445 रन

### पर्पल कैप

- भुवनेश्वर कुमार बेंगलुरु-17 विकेट
- अंशुल कंबोज चेन्नई-17 विकेट
- कगिसो रबाडा गुजरात-16 विकेट



### आरसीबी के खिलाफ खेल सकते हैं हार्दिक पंड्या, टीम से बाद में जुडेंगे

**मुंबई।** कप्तान हार्दिक पंड्या रायपुर पहुंचने वाले मुंबई इंडियंस के खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के पहले जत्थे में शामिल नहीं थे लेकिन आरसीबी के खिलाफ रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग के अगले मैच तक उनके फिट होने की संभावना है। मुंबई ने पिछला मैच चार मई को लखनऊ सुपर जाइंट्स से खेला था और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के खिलाफ अगला मैच दस मई को है। मुंबई इंडियंस के खिलाड़ी और स्टाफ अलग अलग बैच में रायपुर पहुंच रहे हैं। पंड्या कमर में जकड़न के कारण



लखनऊ के खिलाफ पिछला मैच नहीं खेले थे। टीम सूत्र ने हालांकि कहा कि मामूली चोट है और उन्हें एक मैच के लिये आराम करने को कहा गया था। वह रजत पाटीदार की अगुवाई वाली आरसीबी के खिलाफ बेहद अहम अगले मैच में खेलेंगे।

### धवन ने गुरुग्राम में शादी का पंजीकरण कराया

**गुरुग्राम।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन बुधवार को गुरुग्राम पहुंचे और अपनी शादी का पंजीकरण करवाया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। धवन अपनी पत्नी सोफी के साथ विकास सदर स्थित रजिस्ट्रार कार्यालय आए और शादी के दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए। अधिकारी ने बताया कि उनके परिवार के सदस्य और एक पंडित भी वहां मौजूद था।

## हाईलाइट

### दिल्ली में राष्ट्रमंडल टेबल टेनिस चैंपियनशिप होगी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में 22वीं राष्ट्रमंडल टेबल टेनिस चैम्पियनशिप का आयोजन होगा जिसमें 35 से अधिक देशों के भाग लेने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को यह घोषणा की । चैम्पियनशिप 27 जुलाई से दो अगस्त तक दिल्ली सरकार और भारतीय टेबल टेनिस महासंघ द्वारा आयोजित की जायेगी । दिल्ली सचिवालय में इसकी घोषणा करते हुए गुप्ता ने कहा दिल्ली सरकार विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा, बेहतरीन बंदोबस्त और खिलाड़ियों तथा दर्शकों के लिये खेल का उम्दा माहौल देने को प्रतिबद्ध है। अधिकारियों के अनुसार सात दिवसीय चैम्पियनशिप में इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया, कनाडा, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका, मलेशिया, सिंगापुर, स्कॉटलैंड, वेल्स, नाइजीरिया, कीनिया, जमैका, त्रिनिदाद और टोबैगो के खिलाड़ी भाग लेंगे।

### किसी न किसी समय ग्रैंड स्लैम का बॉयकॉट होगा : सबालेंका

**लंदन।** दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका का मानना है कि पुरस्कार राशि को लेकर चल रहे विवाद की वजह से खिलाड़ी किसी न किसी समय ग्रैंड स्लैम का बॉयकॉट करेंगे।बेलारूस की खिलाड़ी सबालेंका ने कहा मुझे लगता है कि किसी न किसी समय हम इसका बॉयकॉट करेंगे। उन्होंने कहा कि अपने हक के लिए लड़ने का यही एकमात्र तरीका होगा। मुझे लगता है कि शो हमारी ओर से है। 28 साल की सबालेंका ने कहा मुझे बस उम्मीद है कि हम किसी न किसी पॉइंट पर सही निर्णय पर पहुंचेंगे, ऐसे नतीजे पर जिससे हर कोई खुश होगा।

### विश्व टेबल टेनिस में भारतीय अभियान खत्म

**लंदन।** भारत का विश्व टेबल टेनिस टीम चैंपियनशिप में निराशाजनक अभियान राउंड ऑफ 32 में अमेरिका के हाथों महिला टीम की 1-3 से हार के साथ खत्म हो गया। पुरुष टीम भी मंगलवार को राउंड ऑफ 32 के मुकाबले में ऑस्ट्रिया से हार गई थी। मनिका बत्रा इस मुकाबले में छाप छोड़ने वाली एकमात्र भारतीय खिलाड़ी रही। उन्होंने अपना एकल मैच रेयेस जेसिका के खिलाफ 11-2, 11-8, 8-11, 11-4 से जीता। शुरुआती एकल मैच में यशस्विनी घोरपड़े को मोयलैंड सैली ने 0-3 (8-11, 8-11, 7-11) से हरा दिया। दीया चितले भी चीनी मूल की खिलाड़ी लिली झांग का मुकाबला नहीं कर पाईं और 0-3 (8-11, 7-11, 11-13) से हार गईं। मनिका की अपने दूसरे एकल मैच में सैली के खिलाफ 12-10, 9-11, 3-11, 11-13 की हार के साथ भारत प्रतियोगिता से बाहर हो गया।

# अधिक दर्शकों की क्षमता के कारण अहमदाबाद को मिली प्राथमिकता

नई दिल्ली, एजेंसी

बेंगलुरु के बजाय अहमदाबाद लगातार दूसरे सत्र में 31 मई को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के फाइनल की मेजबानी करेगा, जबकि क्वालीफायर एक धर्मशाला और दो अन्य प्लेऑफ मैच चंडीगढ़ में खेले जाएंगे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने बुधवार को यह घोषणा की। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के मौजूदा चैंपियन होने के कारण परंपरा के अनुसार फाइनल बेंगलुरु में खेला जाना था।

बीसीसीआई के सूत्रों ने बताया कि अहमदाबाद स्टेडियम को उसकी अधिक दर्शकों की क्षमता के कारण प्राथमिकता दी गई क्योंकि फाइनल के लिए अधिक संख्या में दर्शकों के आने की संभावना है। यह भी पता चला है कि एम चिन्नास्वामी स्टेडियम की अपेक्षाकृत कम क्षमता को देखते हुए बोर्ड कर्नाटक सरकार के उस फैसले से सहमत नहीं है जिसमें राज्य के विधायकों, एमएलसी और सांसदों के लिए इस सत्र में आईपीएल के तीन-तीन मुफ्त टिकटों का कोटा निर्धारित किया गया है। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम की क्षमता लगभग 35,000 दर्शकों की है। वहीं अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम की कुल दर्शक क्षमता 1,32,000 (एक लाख बत्तीस हजार) है। पिछले साल आरसीबी के विजय समारोह के दौरान हुई भगदड़ में यहां 11 लोगों की जान चली गई थी।

### प्लेऑफ का कार्यक्रम

| मुकाबला | तारीख | स्थान |
|---|---|---|
| क्वालीफायर एक | 26 मई | एचपीसीए स्टेडियम, धर्मशाला |
| एलिमिनेटर | 27 मई | न्यू इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, चंडीगढ़ |
| क्वालीफायर दो | 29 मई | न्यू इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, चंडीगढ़ |
| फाइनल | 31 मई | नरेंद्र मोदी स्टेडियम, अहमदाबाद |



- धर्मशाला और चंडीगढ़ में होंगे प्लेऑफ के मुकाबले
- नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम की कुल दर्शक क्षमता है 1,32,000

### मेजबानी नहीं मिलने से निराश है केएससीए

**बेंगलुरु।** कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) के आधिकारिक प्रवक्ता विनय मृत्युंजय ने कहा केएससीए इस पर निराशा व्यक्त करता है कि आईपीएल के प्लेऑफ मैचों की मेजबानी अन्य केंद्रों को सौंपी गई है। केएससीए अध्यक्ष वेंकटेश प्रसाद बीसीसीआई के संपर्क में थे और उन्होंने चिन्नास्वामी स्टेडियम में मेजबानी के लिए तैयारी और रुचि से औपचारिक रूप से अवगत भी कराया था।

# हार का क्रम तोड़ने उतरेगा लखनऊ सुपर जाएंट्स

लखनऊ, एजेंसी

लखनऊ सुपर जाएंट्स का प्रदर्शन इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इस सीजन में अभी तक काफी निराशाजनक रहा है। वह पिछले छह मैचों में हार झेलने के कारण अंक तालिका में सबसे निचले स्थान पर है। गुरुवार को वह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ अपनी लय फिर से हासिल करने का प्रयास करेगी।

एलएसजी का अभियान लगातार खराब प्रदर्शन, रणनीतिक अस्थिरता और मैचों का सकारात्मक अंत नहीं कर पाने के कारण कारण बिखर गया है। मिचेल मार्श, कप्तान ऋषभ पंत, एडन मार्क्रम और निकोलस पूरन जैसे प्रमुख बल्लेबाज अपने प्रदर्शन में निरंतरता नहीं रख पाए हैं। इसके अलावा बल्लेबाजी क्रम में बार-बार फेरबदल ने उनकी मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। पंत के सीमित ओवरों की क्रिकेट में प्रदर्शन को लेकर सवाल उठ रहे हैं। ऐसे में एलएसजी के बल्लेबाजों के लिए अनुभवी भुवनेश्वर कुमार और ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेज़लवुड की अगुवाई वाले आरसीबी के मजबूत गेंदबाजी आक्रमण का सामना करना आसान नहीं होगा।

भुवनेश्वर और हेजलवुड की जोड़ी बेहद प्रभावी साबित हुई है। उनके शानदार प्रदर्शन से आरसीबी ने 27 अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स को मात्र 75 रन पर ढेर कर दिया था। तेज गेंदबाज भुवनेश्वर विकेट लेने में किसी तरह की कोताही नहीं बरत रहे हैं जबकि हेज़लवुड ने लगातार प्रभावशाली गेंदबाजी की है। क्रुणाल पंड्या ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए नौ विकेट लिए हैं। पिछले मैच में सुयश शर्मा और रोमारियो शेफर्ड ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। एलएसजी के लिए प्रिंस यादव और मोहसिन खान ने क्रमशः 13 और 10 विकेट लेकर शानदार प्रदर्शन किया है। मोहम्मद शमी ने सत्र की दमदार शुरुआत की थी, लेकिन पिछले कुछ मैचों में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा और उन्होंने जमकर रन लुटाए हैं। आरसीबी ने पहले चरण में एलएसजी को पांच विकेट से हराया था और उसकी टीम काफी आत्मविश्वास के साथ मैदान पर उतरेगी।



अभ्यास सत्र के दौरान लखनऊ सुपर जाएंट्स के अर्जुन तेंदुलकर (बाएं), एडेन मार्करम (बीच में) और अन्य। एजेंसी

- रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मुकाबला आज

### टीम

**लखनऊ सुपर जायट्स :** ऋषभ पंत (कप्तान), अब्दुल समद, अक्षत रघुवंशी, आयुष बडोनी, मुकुल चौधरी, हिम्मत सिंह, जोश इंग्लिस, एडेन मार्क्रम, निकोलस पूरन, अर्शिन कुलकर्णी, जॉर्ज लिंडे, मिचेल मार्श, शाहबाज अहमद, आकाश सिंह, अवेश खान, मोहम्मद शमी, मोहसिन खान, एनरिक नोर्किया, प्रिंस यादव, दिग्वेश राठी, मणिमारन सिद्धार्थ, अर्जुन तेंदुलकर, नमन तिवारी,मयंक यादव।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु :** रजत पाटीदार (कप्तान), टिम डेविड, विराट कोहली, देवदत्त पडिक्कल, फिल साल्ट, जितेश शर्मा, जैकब बेथेल, क्रुणाल पंड्या, रोमारियो शेफर्ड, अभिनंदन सिंह, जोश हेजलवुड, रसिख सलाम डार, भुवनेश्वर कुमार, सुयश शर्मा, स्वप्निल सिंह, नुवान तुषारा, वेंकटेश अय्यर, जैकब डफी, मंगेश यादव, जॉर्डन कॉक्स, विक्की ओस्टवाल, विहान मल्होत्रा, कनिष्क चौहान, सात्विक देसवाल।

तीरंदाजी

दूसरे चरण में निराशाजनक प्रदर्शन और महत्वपूर्ण मौकों पर लड़खड़ाए धनुर्धर

# शंघाई विश्व कप में भारतीय कंपाउंड टीम की करारी हार

शंघाई, एजेंसी

पदक की प्रबल दावेदार मानी जा रही भारतीय पुरुष और महिला कंपाउंड टीम ने बुधवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण में निराशाजनक प्रदर्शन किया और महत्वपूर्ण मौकों पर लड़खड़ाने के कारण पोडियम पर जगह बनाने में असफल रहीं। सबसे बड़ा झटका महिला टीम को लगा जिसने पिछले महीने मैक्सिको में सत्र के पहले विश्व कप में भारत के लिए एकमात्र स्वर्ण पदक जीता था।

ज्योति सुरेखा वेन्नम, प्रगति और अदिति स्वामी की तिकड़ी क्वार्टर फाइनल में तुर्की से 227-233 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गई। भारतीय टीम हजल बुरुन, डेफने चकमाक और एमिने राबिया ओगुज़ की निरंतरता का मुकाबला करने में विफल रही। ओजस देवताले, साहिल जाधव और कुशल दलाल की पुरुष टीम ने सेमीफाइनल में पहुंचकर उम्मीदें जगाईं, लेकिन अंतिम चार में वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए। इसके बाद कांस्य पदक के मैच में भारत को चीन से शूट-ऑफ में हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले इन दोनों टीम का स्कोर 234-234 से बराबर था।



अदिति स्वामी।



ओजस देवताले।

यहां तक कि शूट-ऑफ भी दोनों टीमों के तीन-तीन सटीक तीरों के साथ बराबरी पर समाप्त हुआ, लेकिन चीन के दो तीर केंद्र (एक्स) के करीब थे, जबकि भारत का केवल एक तीर ही केंद्र के करीब था। इस तरह से चीन ने जीत हासिल की। मैच में एक समय भारत एक अंक (118-117) से आगे था, लेकिन शी जिंग्यू, लियू जिन्यू और क्यूई जियांगशुओ ने तीसरे चरण में वापसी करते हुए स्कोर बराबर कर दिया। सेमीफाइनल में भी तीसरी वरीयता प्राप्त भारतीय टीम को पहले तीन चरण तक बढ़त बनाए रखने के बावजूद जेम्स लुट्ज़, लुई प्राइस और गैयस की सातवीं वरीयता प्राप्त अमेरिकी टीम से 234-235 से हार का सामना करना पड़ा। ओजस देवताले और अदिति स्वामी की मिश्रित टीम जोड़ी अब टीम स्पर्धाओं में एकमात्र उम्मीद बची है।

### व्यक्तिगत स्पर्धा के अगले दौर में बनाई जगह

भारत को हालांकि व्यक्तिगत वर्ग में कुछ राहत मिली क्योंकि सभी भारतीय कंपाउंड तीरंदाज अगले दौर में पहुंच गए। पुरुष वर्ग में अभिषेक वर्मा, साहिल जाधव, कुशल दलाल और ओजस देवताले ने अपने-अपने मैच जीतकर अगले राउंड में जगह बनाई। वर्मा का अगला मुकाबला जाधव से होगा। महिला वर्ग में 33वीं वरीयता प्राप्त मधुरा ने चीन की वांग यू को 148-147 से हराया। अगले मुकाबले में उन्हें अमेरिका की शीर्ष वरीयता प्राप्त एलेक्सिस रुइज़ की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। एक अन्य मैच में ज्योति ने कजाकिस्तान की डायना युनुसोवा को हराया।

# आर्सेनल 20 वर्षों में पहली बार चैंपियंस लीग का फाइनल खेलेगा

लंदन, एजेंसी

बुकायो साका के पहले हॉफ के आखिर में किए गए गोल की मदद से आर्सेनल ने मंगलवार को एटलेटिको मैड्रिड को सेमीफाइनल के दूसरे चरण में 1-0 से हराकर 20 साल में पहली बार चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई।

खेल के 45वें मिनट में लिएंड्रो ट्रोसार्ड के शॉट को जान ओब्लाक ने बचा लिया, जिसके बाद साका ने रिबाउंड पर गोल दागकर आर्सेनल को सेमीफाइनल में कुल मिलाकर 2-1 की बढ़त दिला दी। सेमीफाइनल का पहला चरण 1-1 से बराबर रहा था। बढ़त हासिल करने के बाद आर्सेनल की रक्षापंक्ति ने उसे बरकरार रखने में अहम भूमिका निभाई। आर्सेनल ने अब तक तीनों नॉकआउट राउंड में अपने घरेलू मैदान पर एक भी गोल नहीं खाया है। टीम ने लीग चरण में अपने सभी आठ मैच जीतकर प्रतियोगिता में सबसे कम चार गोल खाए थे। यूरोप की शीर्ष क्लब प्रतियोगिता में आर्सेनल का यह केवल दूसरा फाइनल होगा। इससे पहले वह 2006 में फाइनल में पहुंचा था पर तब बार्सिलोना से हार गया था। इस बार फाइनल में उसका सामना 30 मई को हंगरी के बुडापेस्ट में मौजूदा चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन या बायर्न म्यूनिख से होगा। पीएसजी ने सेमीफाइनल के पहले चरण में 5-4 से जीत हासिल की थी। आर्सेनल के लिए यह सत्र विशेष हो सकता है क्योंकि वह चैंपियंस लीग का चैंपियन बनने की बेहद करीब है।



मैच जीतने के बाद जश्न मनाते आर्सेनल के खिलाड़ी। एजेंसी

- सेमीफाइनल में एटलेटिको मैड्रिड को 1-0 से हराया